RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 9 अंक 334
नई दिल्ली, शुक्रवार, 15 अक्टूबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



मुझे अपने काम से बोलना है
विविध-11

www.dailypioneer.com

# बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र बढ़ने पर राज्यों का पारा चढ़ा

### ● पंजाब के कैबिनेट मंत्री परगट सिंह ने इस मामले में अमरिंदर सिंह पर बोला हमला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अंतरराष्ट्रीय** सीमाओं से लगने वाले राज्यों में बीएसएफ के अधिकार क्षेत्र के विस्तार की अधिसूचना जारी होने के बाद पंजाब, पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों का पारा चढ़ गया है और वे सरकार के इस फैसले को राज्यों के अधिकार क्षेत्र में कटौती के रूप में मान रहे हैं। इस एक फैसले ने पंजाब कांग्रेस में काफी हद तक शांत हो चुकी अंतर्कलह को फिर उभार दिया है। गुरुवार को पंजाब सरकार में कैबिनेट मंत्री परगट सिंह ने भाजपा शासित केंद्र के नवीनतम कदम के पीछे अपनी पार्टी के दिग्गज नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह को सीधे तौर पर दोषी ठहराया है। सिद्धू के सबसे वफादार कहे जाने वाले हॉकी के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व पूर्व ओलंपियन परगट सिंह ने मीडिया कर्मियों से बातचीत में कहा कि पहले, जब कैप्टन अमरिंदर सिंह दिल्ली जाकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिले थे, तो धान खरीद में 10 दिन की देरी हुई और अब जब वह दोबारा दिल्ली गए हैं, तो बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र बढ़ा दिया गया है। कैप्टन साहब, आप क्या साबित करना चाहते हैं, मैंने हमेशा कहा कि वह भाजपा के साथ हैं। परगट ने कहा कि यह पंजाब को अशांत राज्य बताते हुए राज्यपाल शासन लागू करने की योजना की तरह है। उन्होंने कहा कि कैप्टन साहब कृपया ऐसा न करें। भाजपा के साथ मिलकर इस रास्ते पर न जाओ। भाजपा पंजाब को अशांत राज्य नहीं बना सकती और राज्य में राज्यपाल शासन नहीं लगा सकती। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि हम भाजपा को अपने मंसूबों में कामयाब नहीं होने देंगे। यह भाजपा की ध्रुवीकरण नीति का नमूना है। परगट अमरिंदर के कट्टर आलोचक और विरोधी रहे हैं। संयोग से केंद्र के इस कदम का अमरिंदर ने समर्थन किया है। अमरिंदर सिंह के मीडिया सलाहकार ने अपने ट्वीट में कहा कि कश्मीर में हमारे जवान मारे जा रहे हैं। हम देख रहे हैं कि अधिक से अधिक हथियार और नशीले पदार्थ पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा पंजाब में भेजे जा रहे हैं। बीएसएफ की बढ़ी उपस्थिति और शक्तियां ही हमें और मजबूत करेंगी। कृपया केंद्रीय सशस्त्र बलों को राजनीति में न घसीटें। वहीं कांग्रेस ने कुछ राज्यों में बीएसएफ के अधिकार क्षेत्र को बढ़ाने के एकतरफा फैसले पर केंद्र को फटकार लगाई। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि केंद्र का यह कदम गुजरात में अडानी द्वारा संचालित मुंद्रा बंदरगाह से हाल ही में नशीली दवाओं की तस्करी से लोगों का ध्यान हटाने के लिए है। सुरजेवाला ने गृह मंत्री अमित शाह पर कटाक्ष करते हुए इसे जून में अडानी पोर्ट के माध्यम से आए 25,000 किलोग्राम शिपमेंट और सितंबर में आए 3,000 किलोग्राम (20,000 करोड़ रुपये मूल्य) शिपमेंट से जोड़ा। उन्होंने कहा कि यह उसी बंदरगाह पर आया जो बीएसएफ अधिकार क्षेत्र में था। गुजरात के अडानी पोर्ट के माध्यम से 25,000 किलोग्राम हेरोइन ड्रग्स 9/6/2021 को आया था और 13/9/2021 को गुजरात के अडानी पोर्ट में 3,000 किलोग्राम हेरोइन ड्रग्स पकड़ी गई, वहीं बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र एकतरफा पंजाब में 15 किलोमीटर से बढ़कर 50 किलोमीटर हो गया। टीएमसी शासित पश्चिम बंगाल ने भी केंद्र के इस कदम का विरोध किया है। वहीं असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने इस फैसले का स्वागत किया है।

## सिद्धू का इस्तीफा स्वीकार होगा या नहीं, फैसला आज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पंजाब** कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने वाले नवजोत सिंह सिद्धू ने गुरुवार को दिल्ली में पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व से मुलाकात करने के बाद कहा कि उन्होंने पंजाब और पंजाब कांग्रेस के बारे में पार्टी आलाकमान को अपनी चिंता से अवगत कराया है। मुझे कांग्रेस अध्यक्ष, प्रियंका और राहुल गांधी पर पूरा भरोसा है।

वे जो भी फैसला लेंगे, वह कांग्रेस और पंजाब की बेहतरी के लिए होगा। सिद्धू ने चन्नी कैबिनेट में कुछ लोगों को शामिल करने और उनकी सरकार में नियुक्तियों को लेकर मतभेदों पर अपना इस्तीफा दे दिया था। सिद्धू ने साफ तौर पर कहा है कि कांग्रेस अध्यक्ष का फैसला उन्हें मंजूर होगा। निर्देश से स्पष्ट है कि सिद्धू को पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में काम करना चाहिए और संगठनात्मक ढांचे की स्थापना करनी चाहिए। कांग्रेस के पंजाब प्रभारी हरीश रावत ने कहा कि इस संबंध में शुक्रवार को घोषणा की जाएगी।



**नई दिल्ली में बैठके के बाद बाहर निकले हरीश रावत और नवजोत सिंह सिद्धू**

## बीएसएफ के दखल से टूटेगा पुलिस और माफिया गठजोड़

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकार क्षेत्र को असम, पंजाब और पश्चिम बंगाल में 15 किलोमीटर से बढ़ाकर 50 किलोमीटर करने और गुजरात में 80 किलोमीटर से घटाकर 50 किलोमीटर करने का फैसला किया है। केंद्र के इस फैसले का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय सीमाओं वाले राज्यों में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की भूमिका का मानकीकरण करने के साथ ही स्थानीय राजनेताओं के संरक्षण में सीमापार से तस्करी करने वाले गिरोहों पर लगाम लगाने के साथ स्थानीय पुलिस से माफिया गठजोड़ तोड़ना है। अधिकारियों ने कहा कि इस फैसले से तस्करी के मामलों में निष्पक्ष जांच की भी उम्मीद है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय सीमा से 30-35 किलोमीटर के अंदर ड्रोन के माध्यम से हथियार और नशीले पदार्थ गिराए जा सकते हैं। इनके अलावा, सीमावर्ती देशों से अवैध घुसपैठ और आतंकी समूहों के साथ सांठगांठ भी केंद्र के लिए एक प्रमुख चिंता का विषय है। वहीं सीमावर्ती राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने पहले कई बार केंद्र से सीमाओं को सील करने का आग्रह किया है। हाल ही में गृह मंत्रालय के ( शेष पेज 9 )

# केजरीवाल ने छठ पूजा कार्यक्रमों के लिए एलजी से मांगी इजाजत

### ● मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा- कोविड नियंत्रण में है, प्रोटोकॉल के साथ पर्व मनाने की अनुमति दी जाए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को उपराज्यपाल अनिल बैजल को पत्र लिखकर सार्वजनिक स्थलों पर छठ पूजा समारोह मनाने की अनुमति देने का अनुरोध किया है। सीएम ने कहा कि दिल्ली में पिछले तीन महीने से कोविड नियंत्रण में है। मेरा विचार है कि हमें कोविड प्रोटोकॉल का पूरा ध्यान रखते हुए छठ पूजा मनानी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने बैजल से छठ समारोह की अनुमति देने के लिए जल्द से जल्द दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की बैठक बुलाने का अनुरोध किया। छठ कार्यक्रमों पर पाबंदी को लेकर केजरीवाल सरकार पर भाजपा और कांग्रेस के तीखे हमलों के बीच यह कदम उठाया गया है। इससे पहले, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया को पत्र लिखकर छठ समारोह पर स्पष्टता और त्योहार मनाने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया था। डीडीएमए ने 30 सितंबर को अपने आदेश में कोविड-19 से उत्पन्न खतरे के मद्देनजर नदी तटों, जलाशयों और मंदिरों सहित सार्वजनिक स्थानों पर छठ कार्यक्रम आयोजित करने पर रोक लगा दी थी।

भाजपा और कांग्रेस उसी समय से यह आदेश वापस लेने की मांग कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने पत्र को ट्विटर पर साझा करते हुए लिखा कि मैंने माननीय उपराज्यपाल से दिल्ली में छठ पूजा समारोहों की अनुमति देने का आग्रह किया है। कोरोना अब नियंत्रण में है और कई अन्य राज्यों ने इसकी अनुमति दी है। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता केजरीवाल ने पत्र में लिखा कि उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान जैसे पड़ोसी राज्यों ने भी उचित स्वास्थ्य तथा सुरक्षा पाबंदियों के साथ छठ उत्सव की अनुमति ( शेष पेज 9 )

## अवकाश सूचना



**विजयादशमी के उपलक्ष्य में पायनियर कार्यालय एवं प्रेस में आज दिनांक 15 अक्टूबर 2021 को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 17 अक्टूबर को प्रकाशित होगा।**

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,305 | ↑ 568 | |
| निफ्टी | 18,338 | ↑ 176 | |
| सोना | 46,987 | ↑ 455 | /10g |
| चांदी | 61,926 | ↑ 894 | /kg |

## क्विक न्यूज

### दुराचार की कोशिश के आरोपी शाहनवाज राणा की अंतरिम जमानत याचिका खारिज

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में एक विशेष अदालत ने एक महिला से बलात्कार करने की कोशिश के आरोपी एवं पूर्व विधायक शाहनवाज राणा की अंतरिम जमानत याचिका खारिज दी और उनसे अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करने को कहा है। अदालत में पेश नही होने के कारण राणा के खिलाफ पहले ही एक गैर जमानती वारंट जारी किया जा चुका है। विशेष न्यायाधीश गोपाल उपाध्याय ने अंतरिम जमानत याचिका खारिज करते हुए राणा से अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण को कहा। अभियोजन पक्ष के अनुसार, पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर राणा के खिलाफ 2001 में मामला दर्ज किया गया था।

### केदारनाथ, यमुनोत्री के कपाट छह से बंद होंगे

**देहरादून।** उत्तराखंड स्थित केदारनाथ एवं यमुनोत्री मंदिर के कपाट सर्दियों में छह नवंबर से बंद होंगे, जबकि गंगोत्री का कपाट पांच नवंबर से बंद किया जाएगा। बद्रीनाथ के कपाट बंद होने की घोषणा शुक्रवार को की जाएगी। उत्तराखंड चारधाम देवस्थानम बोर्ड के प्रवक्ता हरीश गौड़ ने बताया कि शुक्रवार को परंपरानुसार विजयदशमी के मौके पर बद्रीनाथ मंदिर के बंद होने की घोषणा की जाएगी। इन मंदिरों के बंद होने से उत्तराखंड की वार्षिक चारधाम यात्रा समाप्त हो जाएगी, जो पिछले महीने लगातार दूसरे वर्ष कोरोना महामारी के कारण देरी से शुरू हुई थी। महामारी की शुरुआत से पहले इन मंदिरों में देश और विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते थे।

## बांग्लादेश में मंदिरों पर हमला, तीन की मौत

**भाषा।** ढाका

**बांग्लादेश** में दुर्गा पूजा समारोह के दौरान कुछ अज्ञात बदमाशों ने हिंदुओं के मंदिरों को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिसके चलते सरकार को 22 जिलों में अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती करनी पड़ी है। मीडिया की खबरों में बृहस्पतिवार को बताया गया कि दंगों में तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। बीडीन्यूज24 डॉट कॉम समाचार वेबसाइट की खबर के मुताबिक ईशनिंदा के आरोपों के बाद, यहां से करीब 100 किलोमीटर की दूरी पर स्थित कमीला में एक स्थानीय मंदिर बुधवार को सोशल मीडिया पर मचे बवाल का केंद्र बिंदु बन गया। खबर के मुताबिक झड़प के बाद प्रशासन और पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की। खबर में बताया गया है कि चांदपुर के हाजीगंज, चटगांव के बांसखली और कॉक्स बाजार के पेकुआ में हिंदू मंदिरों को नुकसान पहुंचाए जाने की घटनाएं भी हुई हैं। ढाका ट्रिब्यून समाचार-पत्र ने खबर दी कि एक स्थान पर स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई और ( शेष पेज 9 )

# आर्यन खान अभी छह दिन और रहेंगे जेल में

### ● जमानत पर निर्णय 20 को, एनसीबी का दावा- नियमित रूप से ड्रग लेते हैं आर्यन

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई



**स्वापक** नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने बृहस्पतिवार को विशेष एनडीपीए अदालत में बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की जमानत अर्जी का विरोध करते हुए दावा किया कि वह मादक पदार्थों के नियमित उपभोक्ता हैं। आर्यन खान को क्रूज शिप पर कथित तौर पर मादक पदार्थ जब्त करने के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है।

एनसीबी ने उन्हें तीन अक्टूबर को गिरफ्तार किया था और उन्हें कम से कम छह दिन और जेल में रहना होगा क्योंकि अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला 20 अक्टूबर के लिए सुरक्षित रख लिया। नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकॉट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट (एनडीपीएस) मामलों के विशेष न्यायाधीश वीवी पाटिल की अदालत में आर्यन खान और दो अन्य-अरबाज मर्चेंट और मुनमुन धामेचा- ने जमानत की याचिका दायर की है।

एनसीबी का पक्ष रखने के लिए पेश अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल (एएसजी) अनिल सिंह ने दावा किया कि ऐसे सबूत हैं जो दिखाते हैं कि आर्यन खान गत कुछ वर्षों से मादक पदार्थों के नियमित ग्राहक थे। उन्होंने इसके साथ ही खान के व्हाट्सऐप चैट के हवाले से उनके साजिश में शामिल होने का आरोप दोहराया। आर्यन की गिरफ्तारी के बाद से एनसीबी का कहना रहा है कि उनके पास ( शेष पेज 9 )

## यूनिटेक के प्रमोटरों से मिलीभगत में तिहाड़ के 28 अफसर निलंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** कारागार विभाग ने जेल में बंद 'यूनिटेक' के पूर्व प्रमोटर अजय चंद्रा और संजय चंद्रा के साथ मिलीभगत के आरोप में तिहाड़ जेल के 28 अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार जिन अफसरों पर गाज गिरी हैं, वे सभी तिहाड़ जेल नंबर-7 से संबंधित हैं। दो संविदा कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। दो अधिकारियों को दिल्ली सरकार द्वारा भी निलंबित किया जाएगा। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने 'यूनिटेक' के पूर्व प्रमोटरों के साथ मिलीभगत पाए जाने के बाद बीते मंगलवार को 32 अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। भ्रष्टाचार रोधी अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना की रिपोर्ट के आधार पर छह अक्टूबर को तिहाड़ जेल के छह अधिकारियों ( शेष पेज 9 )

# लखीमपुर कांड के चारों आरोपियों को पुलिस घटनास्थल पर ले गई



**लखीमपुर खीरी हिंसा मामले की जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंची पुलिस**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखीमपुर-खीरी

**तिकोनिया** हिंसा कांड की जांच कर रही एसआईटी (विशेष जांच दल) बृहस्पतिवार को आशीष मिश्रा मोनू और तीन अन्य आरोपियों को लेकर तीन अक्टूबर को हुई घटना का रीक्रिएशन कराने घटनास्थल पर पहुंची। इस हिंसा में चार किसानों और एक पत्रकार सहित आठ लोगों की मौत हो गई थी।

पुलिस ने बताया कि हिरासत में लिए गए चारों आरोपियों को कड़ी सुरक्षा के बीच बृहस्पतिवार को घटनास्थल पर ले जाया गया। यह घटना लखीमपुर जिला मुख्यालय से करीब 60 किलोमीटर दूर तिकोनिया-बनबीरपुर मार्ग पर हुई।

तिकोनिया हिंसा के आरोपी आशीष मिश्रा मोनू को 12 घंटे की लंबी पूछताछ के बाद नौ अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था और अदालत ने उन्हें 12 से 15 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में भेजा था। एक अन्य आरोपी शेखर भारती को 12 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था, जबकि अंकित दास और लतीफ उर्फ काले की गिरफ्तारी 13 अक्टूबर को हुई थी। अंकित दास, लतीफ और शेखर भारती 14 ( शेष पेज 9 )

## वरुण गांधी ने वीडियो साझा कर दिया सरकार को संदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी के सांसद वरुण गांधी ने बृहस्पतिवार को ट्विटर पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के 1980 के भाषण की एक छोटी क्लिप पोस्ट की, जिसमें वाजपेई ने किसानों को अपना समर्थन देते हुए उनके दमन के खिलाफ तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार को चेतावनी दी थी। गांधी ने ट्वीट किया, बड़े दिल वाले नेता के समझदारी भरे शब्द...। भाजपा सांसद गांधी मोदी सरकार के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन कर रहे किसानों का समर्थन मुखरता से कर रहे हैं। वाजपेयी के भाषण वाला उनका यह ट्वीट केंद्र सरकार के लिए उनके संदेश के रूप में देखा जा रहा है। वीडियो क्लिप में वाजपेई को एक सभा को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि किसानों को डराया नहीं जा सकता। क्लिप में वाजपयी कहते हैं, अगर सरकार (किसानों को) दबाएगी, कानूनों का दुरुपयोग करेगी और शांतिपूर्ण आंदोलन का दमन करेगी, तो हम किसानों के संघर्ष में शामिल होने और उनके साथ ( शेष पेज 9 )

# उत्तर से दक्षिण तक कई राज्यों में बिजली संकट

### ● गुजरात, आंध्र प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा व यूपी में 2 से 8.73 मेगा यूनिट तक की कमी

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार के किसी भी राज्य में बिजली संकट नहीं देने के प्रयासों के उलट उत्तर में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश, दक्षिण में आंध्र प्रदेश, पूरब में बिहार और झारखंड तथा पश्चिमी क्षेत्र में गुजरात बिजली की भारी कमी का सामना कर रहे हैं। हालांकि देश की राजधानी दिल्ली में गुरुवार तक बिजली किल्लत की कोई खबर नहीं आई।

बिजली की मांग और आपूर्ति के अखिल भारतीय डेटा को दिन-प्रतिदिन के आधार पर नियंत्रित करने वाले ग्रिड नियामक, पावर सिस्टम ऑपरेशन ( शेष पेज 9 )

### संयंत्रों को निर्बाध कोयला आपूर्ति सुनिश्चित करें

**पायनियर समाचार सेवा।** रांची

**केंद्रीय** कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बृहस्पतिवार को कोयला कंपनियों से बिजली उत्पादन संयंत्रों को कोयले की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए खनन और उत्पादन में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए कहा। कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री जोशी देश भर के विभिन्न बिजली संयंत्रों में ईंधन की कमी की खबरों के बीच झारखंड ( शेष पेज 9 )

## पाकिस्तान ने काबुल के लिए उड़ानें रोकी

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** की राष्ट्रीय विमानन कंपनी ने बृहस्पतिवार को सुरक्षा कारणों के चलते अफगानिस्तान जाने वाली उड़ानें निलंबित कर दीं। इससे कुछ घंटे पहले तालिबान सरकार ने कहा था कि जब तक काबुल से इस्लामाबाद तक का किराया घटा कर पिछली दरों तक नहीं लाया जाता तब तक के लिए एयरलाइन पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है। डॉन अखबार की खबर के अनुसार, पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइन (पीआईए) के एक प्रवक्ता ने बताया कि एयरलाइन की काबुल सेवा अगली नोटिस तक निलंबित रहेगी। वर्तमान में पीआईए और अफगानिस्तान की निजी स्वामित्व वाली कंपनी काम एयर काबुल तक ऊंची दरों पर चार्टर उड़ानों का परिचालन कर रही है। बृहस्पतिवार को तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्ला मुजाहिद ने कहा कि पीआईए और अफगान काम ( शेष पेज 9 )

# सौ करोड़ वैक्सीन लगाने का जश्न मनाएगी सरकार

### ● मेट्रो व रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों एयरपोर्ट व सीपोर्ट पर किया जाएगा एनाउंसमेंट, देश को संबोधित कर सकते हैं प्रधानमंत्री मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रतीकात्मक चित्र

**देश** में शीघ्र ही महत्वाकांक्षी कोविड-19 वैक्सीन के 100 करोड़ टीके लगाने का आंकड़ा छू लेगी। इस उपलब्धि को हासिल करने पर सरकार जश्न मनाएगी। इसके लिए बंदरगाहों, रेलवे स्टेशनों, बस स्टेशनों, मेट्रो स्टेशनों और हवाई अड्डों से उपलब्धि का बखान करती घोषणाएं की जाएंगी। साथ ही जागरूता के लिए कई कार्यक्रमों की श्रृंखला तैयार की गई है। राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान की शुरुआत इसी साल 16 जनवरी को हुई थी। इस बीच, विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि लगभग छह महीने के विराम के बाद अब दोबारा भारत-निर्मित कोरोना वायरस निरोधी वैक्सीन नेपाल, बांग्लादेश, म्यांमार और ईरान को भेजी जाएगी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि सरकार ने शुरू में पड़ोसी देशों में वैक्सीन आपूर्ति का फैसला किया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को उम्मीद है कि देश में घरेलू उपयोग के लिए टीकों का पर्याप्त भंडार है और अगले सप्ताह सोमवार या मंगलवार तक 100 करोड़ वैक्सीन लगाने का लक्ष्य भी हासिल कर लिया जाएगा। इस मौके पर वैक्सीन अभियान की सफलता में स्वास्थ्य कर्मियों और डॉक्टरों के योगदान पर उन्हें धन्यवाद देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को संबोधित कर सकते हैं। भाजपा ने अपने मंत्रियों, सांसदों और विधायकों और पार्टी पदाधिकारियों को देश भर में जश्न मनाने के लिए आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए कहा है। फोकस उत्तर प्रदेश, गुजरात और पंजाब सहित उन राज्यों पर होगा, जहां अगले साल चुनाव होंगे।

ये कार्यक्रम उन फ्रंटलाइन कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कर्मचारी और कोरोना योद्धाओं को समर्पित होंगे, जिनकी मृत्यु 100 करोड़ खुराक के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए संक्रमण के कारण हुई। सभी संबंधित विभागों को इस उपलब्धि के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया है। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और पेशेवरों, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रेरित करने के लिए विशेष सम्मान की भी घोषणा की जाएगी, जो कोविड के ( शेष पेज 9 )

## नोएडा से मेरठ के लिए मासिक पास में 50 फीसदी की छूट

**नोएडा।** रोजाना मेरठ का सफर करने वाले लोगों के लिए बड़ी खबर है। नोएडा डिपो से 50 फ़ीसदी कम किराए में भी मेरठ आने जाने की सहूलियत मिलेगी। खास तौर पर छात्रों के लिए बड़ी रियायत दी गई है। सिर्फ 2305 रुपए के मासिक पास में छात्र मेरठ की यात्रा कर सकेंगे। जबकि सामान्य तौर पर एक तरफका बस का किराया 92 रुपए है। इस लिहाज से अगर देखा जाए तो हर महीने दोनों तरफका किराया 5520 होगा। डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक नरेश पाल सिंह ने बताया, नोएडा–मेरठ के बीच की दूरी 80 किलोमीटर है। लेकिन छात्रों के लिए परिवहन विभाग ने खास छूट दी है। 2305 केमासिक पास में वह पूरे महीने यात्रा कर सकेंगे।


### कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड

Capri Global Capital Limited

पंजीकृत एवं कार्पोरेट कार्यालय :– 502, टावर–ए, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई–400013
सर्किल कार्यालय :– कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, द्वितीय तल, 3बी पूसा रोड, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली–110005

**परिशिष्ट IV कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (सीजीसीएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को नीचे दिए विवरण के अनुसार मांग सूचना(एं) जारी की थीं, जिनमें उनसे सूचना में वर्णित बकाया राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया है। कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है। कर्जदारों को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को सामान्य रूप से इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार कर्जदारों पर सीजीसीएल की बकाया राशि तथा उस पर ब्याज का भुगतान करने के बाद ही किया जा सकता है।

| क्र. सं. | कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) का नाम | प्रत्याभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | मांग सूचना तिथि और राशि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | (हमारी दिल्ली शाखा की ऋण खाता संख्या LNCGCDELTL0000004201, LNBLCHA000049699) कैवाना क्लोदिंग प्रा. लि. (कर्जदार) दीपू गुप्ता, पवन कुमार (सह–कर्जदार) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : यूनिट नंबर 22–बी, भू तल, क्षेत्रफल परिमाप 4000 वर्ग फीट, यूनिवर्सल ट्रेड टावर, सेक्टर–49, गुरूग्राम, हरियाणा, उसके ऊपर वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। | 12–07–2021 रू. 3,24,29,515/– | 12-10-2021 |
| 2. | (हमारी दिल्ली शाखा की ऋण खाता संख्या LNCGCOKHTL0000004338) धरम मेडिकल स्टोर (कर्जदार) हरेन्द्र पाल कमलेश, महेन्द्र सिंह, धरमवीर सिंह (सह–कर्जदार) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : एमसीएफ शॉप नंबर 176, क्षेत्रफल परिमाप 49 वर्ग गज, ग्राम ढेर, सोहना रोड, तहसील और जिला पलवल, हरियाणा, उसके ऊपर वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। चौहद्दी : पूरब : अन्य की दुकान, पश्चिम : अन्य की दुकान, उत्तर : अन्य की दुकान, दक्षिण : रोड | 12–07–2021 रू. 20,89,284/– | 13-10-2021 |
| 3. | (हमारी दिल्ली शाखा की ऋण खाता संख्या LNMEFRD000020413) हरवीर सिंह (कर्जदार) राज कुमारी (सह–कर्जदार) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : भूमि परिमाप 423 वर्ग गज, खेवट नंबर 420/392 का भाग, खतौनी नंबर 618, मुस्टटिल नंबर 25, किला नंबर 20/2, 20/3, वाका मौजा करौली, तहसील दयालपुर, जिला फरीदाबाद, हरियाणा, उसके ऊपर वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। | 12–07–2021 रू. 21,53,455/– | 12-10-2021 |
| 4. | (हमारी दिल्ली शाखा की ऋण खाता संख्या LNCGCFRDTL0000005627) होली चिल्ड्रन वेल्फेयर ट्रस्ट (कर्जदार) गिरराज सिंह, विमलेश देवी, अमी लाल, मोती राम, हरीश कुमार, राजिन्दर सिंह (सह–कर्जदार) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति सं. 59, क्षेत्रफल परिमाप 115 वर्ग गज, खसरा नंबर 49/19 (8–0), भीकम कालोनी, वाका सिवाना, ग्राम बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद, हरियाणा, उसके ऊपर वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। | 12–07–2021 रू. 21,58,200/– | 12-10-2021 |
| 5. | (हमारी दिल्ली शाखा की ऋण खाता संख्या LNCGCJPGTL0000003492) जय अम्बे टेन्ट हाउस (कर्जदार) रोहित भारद्वाज, धरम पाल, दिनेश कुमार, विजय कुमार शर्मा (सह–कर्जदार) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : मकान नंबर 208 (टैक्स रसीद के अनुसार), क्षेत्रफल परिमाप 82.5 वर्ग गज, माता कालोनी, विजय नगर, खसरा नंबर 480/2, ग्राम मिर्जापुर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, उसके ऊपर वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। | 12–07–2021 रू. 21,95,180/– | 13-10-2021 |
| 6. | (हमारी दिल्ली शाखा की ऋण खाता संख्या LNCGCKARTL0000006479) करण सिंह राठी (कर्जदार) संतोष, विजय कुमार राठी, मैसर्स चौधरी टूअर्स ऐंड ट्रैवल्स (सह–कर्जदार) (हमारी दिल्ली शाखा की ऋण खाता संख्या LNMEAZD000023096) मैसर्स चौधरी टूअर्स ऐंड ट्रैवल्स (कर्जदार) संतोष, विजय कुमार राठी, मैसर्स चौधरी टूअर्स ऐंड ट्रैवल्स (सह–कर्जदार) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : भूमि, क्षेत्रफल परिमाप 100 वर्ग गज, खेवट/खाता नंबर 198, 200, 201, 202, खसरा नंबर 22//6/2/1, 6/2/2, 23//1/1, 1/4. 1/5, 26, 22//4/2, 6/1, 7, 22//5/2/2, 23//10/1, 23/1/6/2 स्थित ग्राम धरम विहार, हसनपुर, तहसील बहादुरगढ़, हरियाणा, उसके ऊपर वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। | 12–07–2021 रू. 27,66,955/– | 13-10-2021 |
| 7. | (हमारी दिल्ली शाखा की ऋण खाता संख्या LNCGCKDDTL0000006986) मैसर्स आकाश एंटरप्राइजेज (कर्जदार) गजेन्द्र कुमार शर्मा, चमेली देवी (सह–कर्जदार) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति सं. सी–5/148, क्षेत्रफल परिमाप 100 वर्ग गज, खसरा नंबर 857/367, स्थित आवासीय कालोनी सबोली एक्सटेंशन, ग्राम सबोली, मंडोली, दिल्ली, उसके ऊपर वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। चौहद्दी : पूरब : अन्य सम्पत्ति, पश्चिम : अन्य सम्पत्ति, उत्तर : अन्य सम्पत्ति, दक्षिण : 15 फीट चौड़ी गली | 12–07–2021 रू. 27,54,474/– | 12-10-2021 |
| 8. | (हमारी दिल्ली शाखा की ऋण खाता संख्या LNCGCAZDTL0000005922, LNMEAZD000017065) मैसर्स न्यू लाइफ स्टाइल (कर्जदार) विजय सिंह चौहान, रीता चौहान, राज बाला देवी (सह–कर्जदार) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर 44 का सम्पूर्ण तृतीय तल, क्षेत्रफल परिमाप 100 वर्ग गज, ब्लॉक बी, गली नंबर 5, खसरा नंबर 16, ग्राम मरोला, मजलिस पार्क, नई दिल्ली, उसके ऊपर वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। | 12–07–2021 रू. 35,14,741/– | 13-10-2021 |
| 9. | (हमारी दिल्ली शाखा की ऋण खाता संख्या LNCGCPURTL0000008933) राजवीर सिंह (कर्जदार) सीमा देवी, संज्या देवी (सह–कर्जदार) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : मकान नंबर 54 (अब 3073 के रूप में ज्ञात), क्षेत्रफल परिमाप 200 वर्ग गज, खसरा नंबर 28/220/2, 21, 22/1, गली नंबर 17, वाका मौजा गौची, संजय कालोनी, एनआईटी फरीदाबाद, हरियाणा, उसके ऊपर वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। चौहद्दी : पूरब : अन्य सम्पत्ति, पश्चिम : अन्य सम्पत्ति, उत्तर : अन्य सम्पत्ति, दक्षिण : 15 फीट चौड़ी रोड | 12–07–2021 रू. 23,40,959/– | 12-10-2021 |
| 10. | (हमारी दिल्ली शाखा की ऋण खाता संख्या LNMEFRD000019436) रमेश यादव (कर्जदार) सबिता यादव, प्रमोद यादव, राहुल यादव (साह–कर्जदार) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : मकान/प्लॉट नंबर 21, क्षेत्रफल परिमाप 204.5 वर्ग गज, खेवट खाता नंबर 580, मुस्टटिल नंबर 57, किला नंबर 1(8–0), 10/1/1(0–5), वाका मौजा बसेलवा, फरीदाबाद, हरियाणा, उसके ऊपर वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। चौहद्दी : पूरब : अन्य सम्पत्ति, पश्चिम : अन्य सम्पत्ति, उत्तर : अन्य सम्पत्ति, दक्षिण : 15 फीट चौड़ी गली | 12–07–2021 रू. 21,42,514/– | 13-10-2021 |
| 11. | (हमारी नोएडा शाखा की ऋण खाता संख्या LNCGCNOITL0000008113) राम वती (कर्जदार) ऋषि पाल (सह–कर्जदार) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : परिमाप 100 वर्ग गज, खसरा नंबर 2239 का भाग, राहुल नगर कालोनी, कस्बा दादरी, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, उसके ऊपर वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। चौहद्दी : पूरब : अन्य की सम्पत्ति, पश्चिम : 18 फीट रोड, उत्तर : अन्य की सम्पत्ति, दक्षिण : अन्य की सम्पत्ति | 12–07–2021 रू. 21,61,772/– | 11-10-2021 |
| 12. | (हमारी नोएडा शाखा की ऋण खाता संख्या LNCGCNODTL0000007316) शद्दाम सिंह यादव (कर्जदार) शीला, मैसर्स एम के इंडिया प्रोडक्ट्स (सह–कर्जदार) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर 163–164, क्षेत्रफल परिमाप 200 वर्ग गज, खसरा नंबर 43/7/2, 8/1 मौजा गोंची, ब्लॉक ई, संजय कालोनी, एनआईटी, फरीदाबाद, हरियाणा, उसके ऊपर वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। | 12–07–2021 रू. 28,05,397/– | 13-10-2021 |
| 13. | (हमारी दिल्ली शाखा की ऋण खाता संख्या LNCGCJPGTL0000006951) श्रीचंद (कर्जदार) जितेन्द्र कुमार, रेणु चन्द्रा, सावत्री, नवीन (सह–कर्जदार) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : मकान नंबर 5, क्षेत्रफल परिमाप 25 वर्ग गज, रामागढ़ी, परगना लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश उसके ऊपर वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। चौहद्दी : पूरब : 6 फीट गली, पश्चिम : अन्य की सम्पत्ति, उत्तर : अन्य की सम्पत्ति, दक्षिण : अन्य की सम्पत्ति | 12–07–2021 रू. 21,58,745/– | 12-10-2021 |
| 14. | (हमारी दिल्ली शाखा की ऋण खाता संख्या LNMEDEL000011968) विशाल अरोड़ा (कर्जदार) प्रिया वैश, गौरी शंकर, मैसर्स विशाल गार्मेंट्स (सह–कर्जदार) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर 87/2, ब्लॉक–सी, क्षेत्रफल परिमाप 100 वर्ग गज, खसरा नंबर 91 मिन, विकास कुंज, ग्राम बेहटा हाजीपुर, परगना लोनी, तहसील और जिला गाजियाबाद, उसके ऊपर वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। चौहद्दी : पूरब : अन्य की सम्पत्ति, पश्चिम : अन्य की सम्पत्ति, उत्तर : अन्य की सम्पत्ति, दक्षिण : 10 फीट रोड | 12–07–2021 रू. 21,72,047/– | 14-10-2021 |
| 15. | (हमारी दिल्ली शाखा की ऋण खाता संख्या LNMECHA000032563) योगिन्दर कुमार (कर्जदार) पूजा (सह–कर्जदार) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : मकान नंबर 1/10059ए, क्षेत्रफल परिमाप 30 वर्ग गज, खसरा नंबर 542/304, गली नंबर 3–एच, वेस्ट गोरख पार्क, ग्राम बाबरपुर, इलाका शाहदरा, दिल्ली, उसके ऊपर वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। चौहद्दी : पूरब : अन्य की सम्पत्ति, पश्चिम : 16 फीट चौड़ी गली, उत्तर : प्लॉट का हिस्सा, दक्षिण : 12 फीट चौड़ी गली | 12–07–2021 रू. 21,53,230/– | 11-10-2021 |
| 16. | (हमारी नोएडा शाखा की ऋण खाता संख्या LNMENOI000015745) महेन्द्र शर्मा (कर्जदार) गौरी एम (सह–कर्जदार) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : मकान नंबर 88 क्षेत्रफल परिमाप 100 वर्ग गज, खसरा नंबर 1292 जीएच, वीणा पुरम–II, गांधी जीवन राम, मौजा नाराइच, तहसील ऐतमादपुर, आगरा, उत्तर प्रदेश, उसके ऊपर वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। चौहद्दी : पूरब : अन्य की सम्पत्ति, पश्चिम : अन्य की सम्पत्ति, उत्तर : 19 फीट चौड़ी रोड, दक्षिण : अन्य की सम्पत्ति, | 12–07–2021 रू. 21,35,202/– | 12-10-2021 |
| 17. | (हमारी नोएडा शाखा की ऋण खाता संख्या LNMEAGR000022534) यतिन्दर सिंह (कर्जदार) मुन्नी देवी (सह–कर्जदार) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : मकान नगर निगम नंबर 4//235, क्षेत्रफल परिमाप 77.28 वर्ग गज, नगला पृथ्वीनाथ, लोहामंडी वार्ड, आगरा, उत्तर प्रदेश, उसके ऊपर वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। चौहद्दी : पूरब : अन्य की सम्पत्ति, पश्चिम : अन्य की सम्पत्ति, उत्तर : रास्ता, दक्षिण : अन्य की सम्पत्ति, | 12–07–2021 रू. 22,95,702/– | 12-10-2021 |
| 18. | (हमारी दिल्ली शाखा की ऋण खाता संख्या LNMEFRD000019699) राज कमल (कर्जदार) डाल चंद, कृष्णा (सह–कर्जदार) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : भूमि परिमप 8 मरला, खसरा नंबर 932 (2–17) का हिस्सा, वाका मौजा पलवन, हरियाणा, उसके ऊपर वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। चौहद्दी : पूरब : अन्य की सम्पत्ति, पश्चिम : अन्य की सम्पत्ति, उत्तर : कालेज, दक्षिण : 80 फीट रोड | 12–07–2021 रू. 21,66,783/– | 14-10-2021 |

स्थान : दिल्ली/एनसीआर तिथि : 15–10–2021 हस्ता./–, (प्राधिकृत अधिकारी) वास्ते कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (सीजीसीएल)


# पिंक वेंडिंग: सिर्फ महिलाएं के लिए होगा बाजार

## प्राधिकरण ने जगह चिन्हित करने का काम शुरू किया, एक महीने में होगी शुरूआत



सीईओ ऋतु माहेश्वरी



फाइल फोटो

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

पिंक मेट्रो स्टेशन और पिंक टॉयलेट्स के बाद अब नोएडा प्राधिकरण शहर में पिंक वेंडिंग जोन बनाने की योजना पर काम कर रहा है। इसके तहत शहर में अलग–अलग स्थानों पर सिर्फ महिलाओं को व्यवसाय करने की आजादी दी जाएगी। इसके लिए प्राधिकरण ने जगह चिन्हित करने का काम शुरू कर दिया है।

एक महीने में इस प्रोजेक्ट को आरंभ कर दिया जाएगा। साथ ही नोएडा प्राधिकरण महिलाओं को सशक्त बनाने और आगे बढ़ाने के लिए जेंडर बजट का भी प्रावधान करेगा। इस दिशा में भी काम हो रहा है। सीईओ ऋतु माहेश्वरी की अगुवाई में नोएडा प्राधिकरण मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और उन्हें स्वावलंबी बनाने से जुड़ी योजनाओं पर काम कर रहा है।

### आगे बढ़ाने के लिए जेंडर बजट का भी प्रावधान होगा: सीईओ

इंदिरा गांधी कला केंद्र पर एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ था। इसमें सीईओ ने कहा था कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। हम नारी शक्ति के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेंगे। अथॉरिटी के एसीईओ प्रवीण मिश्रा ने बताया, प्राधिकरण के वित्तीय बजट में जेंडर बजट को शामिल किया जाएगा। इसमें कम से कम 50 प्रतिशत रिक्रियन कार्यों पर खर्च किया जाएगा। खेलकूद कंप्टीशन में विजेता महिला स्वास्थ्य कर्मियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम में एसीईओ नेहा शर्मा, ओएसडी अवनीश त्रिपाठी और जन स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ परियोजना अभियंता एससी मिश्रा मौजूद रहे। प्राधिकरण महिला सशक्तिकरण को बल देने के लिए अब उन्हें प्रमोशन भी देगा। स्वास्थ्य विभाग में सफाई आदि का काम महिलाएं कर रही है। लेकिन इनसे ऊपर के पदों पर पुरुष बैठे हैं। महिला कर्मचारियों को प्रोन्नत करते हुए ऐसे स्थानों पर सुपरवाइजर और इंस्पेक्टर के पदों पर महिलाएं भी तैनात की जाएंगी। बुधवार को तीन सुपरवाइजर और एक स्वास्थ्य निरीक्षक पद पर महिलाओं को नियुक्ति पत्र जारी किया गया।

### इन स्थानों पर तैनात होंगी महिलाएं

ओएसडी ज्योत्सना यादव के मुताबिक नारी शक्ति को सशक्त बनाते हुए 11 स्थानों पर 26 महिलाएं सुरक्षा गार्ड के रूप में तैनात रहेंगी। इसके तहत सेक्टर 15 लाइब्रेरी प्राधिकरण कार्यालय के कंप्यूटर सेल वित्त कार्यालय सेक्टर 21 नोएडा स्टेडियम सेक्टर 95 मानसरोवर पार्कए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन कार्यालयए सेक्टर 62 मेघदूतम पार्क तथा डी पार्क सेक्टर 93 में स्थित एक्सप्रेस व्यू पार्क और सेक्टर 91 के औषधि एवं हर्बल पार्क शामिल हैं। सीईओ ऋतु महेश्वरी ने बुधवार को इन सभी को नियुक्ति पत्र जारी कर दिए। बताते चलें कि इससे पहले शहर में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट और पिंक स्टेशन बनाए गए हैं।

## 10 लाख के अवैध पटाखों के साथ युवक गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** सिहानी गेट पुलिस ने गुरुवार को बसंत चौक के पास स्थित एक गोदाम पर छापा मारकर 10 लाख के पटाखों के साथ गिरफ्तार किया है पुलिस ने उसके कब्जे से आतिशबाजी व पटाखों के 109 कार्टून बरामद की है।

गिरफ्तार युवक का नाम राहुल है। पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वितीय अवनीश कुमार ने बताया किसिहानी गेट पुलिस ने छापा मारा था। आरोपी से विस्तृत जानकारी की जा रही है। पिछले दिनों मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र में अवैध रूप से आतिशबाजी तैयार कर रही एक फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया था जिसमें 6 लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन करोड़ के पटाखे बरामद किए थे।

## फ्लाईओवर से गिरी बस मामलें में जांच कमेटी गठित

### हादसे में एक बाइक सवार की हुई थी मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

सिहानी गेट थाना अंतर्गत भाटिया मोड़ फ्लाईओवर से बुधवार की रात को एक डबल डेकर सवारी बस हादसे की जांच के लिए जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने एक जांच कमेटी का गठन किया है।


वहीं प्रदेश के राज्यमन्त्री अतुल गर्ग ने अस्पताल पहुंचकर बस हादसे में घायल लोगों का हाल चाल लिया। बुधवार की देर रात एक डबल डेकर बस नोएडा की तरफ से गाजियाबाद आ रही जिसमें एक निजी कंपनी के कर्मचारी सवार थे जैसे ही बस भाटिया मोड़ पर लाल कुआं की तरफ से गाजियाबाद की ओर फ्लाईओवर पर चढ़ी, तब ही बस चालक का उस पर नियंत्रण खो बैठा और बस रेलिंग तोड़ते हुए नीचे आकर गिर गयी। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई थी जबकि कई घायल हो गए थे।



घायलों से जानकारी लेते स्वास्थ्य राज्य मंत्री अतुल गर्ग

क्षेत्राधिकारी द्वितीय अवनीश कुमार के मुताबिक बस चालक महेंद्र ने अपने बयान में बताया कि बाइक सवार बृजेश पांडे उनकी गाड़ी के आगे चल रहा था और उसने अचानक ब्रेक लगाई।

इससे बस का बैलेंस खराब हो गया। जबकि मृतक बृजेश पांडेय के परिजनों ने अपनी तहरीर में बताया है कि उसके लालकुआं की तरफ से आने का सवाल ही नहीं है। वह तो गुरुग्राम से नया बस अड्डा मेट्रो से उतरा और वहां से बाइक लेकर लालकुआं की ओर जा रहा था। मामले की जांच जारी है।



## पांच साल से फरार प्रॉपर्टी डीलर गिरफ्तार

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में धोखाधड़ी और फर्जीवाड़े के आरोप में पांच साल से वांछित एक प्रॉपर्टी डीलर को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने यह जानकारी दी। उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) की गोरखपुर इकाई द्वारा तलाशी लिए जाने के बाद आरोपी को उसके गांव में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बयान में कहा, फयाज अहमद प्रॉपर्टी डीलर है। उसके विरुद्ध धोखाधड़ी फर्जीवाड़े और आपराधिक साजिश का मामला गौतम बुद्ध नगर जिले के ग्रेटर नोएडा के बीटा दो पुलिस थाने में 2016 से दर्ज है। वह तभी से फरार था।

## जीडीए के नर्सरी ध्वस्त करने पर मेयर नाराज

**गाजियाबाद।** राजनगर और कवि नगर में निगम द्वारा आवंटित नर्सरी को जीडीए द्वारा ध्वस्त करने पर मेयर आशा शर्मा ने सख्त एतराज जताया है। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि राजनगर और कवि नगर कॉलोनी बहुत पहले ही रखरखाव के लिए नगर निगम को हैंड ओवर की जा चुकी है। इसलिए इन दोनों कॉलोनियों की ग्रीन बेल्ट पर भी गाजियाबाद नगर निगम का अधिकार है। अधिकार के चलते ही यह दोनों नर्सरी नगर निगम ने नर्सरी संचालकों को आवंटित की थी। इससे पूर्व भी वसुंधरा और वैशाली में नगर निगम की ग्रीन बेल्ट पर जीडीए ने नर्सरी आवंटित कर दी थी।

### केमिकल टैंक मामला

## आरोपी ठेकेदार को नोएडा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नोएडा।** कासना की साइट–5 में स्थित जगदम्बा पेट्रोलियम प्रा.लि. में भूमिगत केमिकल टैंक की सफाई के लिए गए दो मजदूरों के मौत के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी ठेकेदार को गिरफ्तार कर लिया है।

ठेकेदार पर आरोप है कि लापरवाही बरतते हुए बिना किसी सेफ्टी उपकरण के मजदूरों से टैंक की सफई करवाई।

मृतक के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ठेकदार हेमंत कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस फरार आरोपी फैक्ट्री मालिक की तलाश कर रही है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली–110002, दूरभाष: 011–40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी–9 सेक्टर–3, नोएडा–201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ : एक महीने के अभियान के लिए सभी विभाग तैयार

## पर्यावरण मंत्री ने की राजस्व विभाग व पुलिस के साथ बैठक

● 18 अक्टूबर से 18 नवंबर तक चलेगा अभियान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ अभियान की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ।

सर्दियों की आहट के साथ ही राष्ट्रीय राजधानी की आबोहवा बिगड़ने लगी है। आम आदमी पार्टी की सरकार वायु प्रदूषण कम करने की लगातार कोशिश है। इसी कड़ी में वाहनों के धुएं से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए सोमवार से रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान का आगाज होगा। यह मुहिम सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक दो शिफ्ट में 18 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तरफ से आम लोगों के नाम अपील का पंफलेट भी चौराहों पर बांटे जाएंगे। रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ अभियान के तहत 100 चौराहों पर 2500 सिविल डिफेंस वालंटियर तैनात किए जाएंगे। 90 चौराहों पर 10-10 वालंटियर और 10 मुख्य चौराहों पर 20-20 सिविल डिफेंस के पर्यावरण मार्शल तैनात किए जाएंगे।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बृहस्पतिवार को रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ अभियान की तैयारियों को लेकर यातायात विभाग, सिविल डिफेंस, एसडीएम और पर्यावरण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। इस बैठक में बाद राय ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि वायु प्रदूषण को कम करने के लिए सभी पहलुओं पर काम किया जा रहा है। धूल प्रदूषण को रोकने के लिए 7 अक्टूबर से एंटी डस्ट अभियान चलाया जा रहा है। पराली के धुएं से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा विकसित बायो डी कंपोजर घोल का छिड़काव किया जा रहा है।

गत दिनों सीएम केजरीवाल ने ऐलान किया था कि 18 अक्टूबर से रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ अभियान शुरू किया जाएगा। इस मुहिम के तहत मुख्य चौराहों चंदी राम अखाड़ा, आईटीओ चौक, राजघाट चौक, तिलक मार्ग, भगवान दास क्रॉसिंग, कड़कड़ी मोड, बाराखंभा टॉलस्टॉय मार्ग, राजेश पायलट मार्ग, मधुबन चौक, मोती बाग रिंग रोड और पीरागढ़ी चौक सहित दस मुख्य चौराहों पर 20-20 वालंटियर तैनात किए जाएंगे। यह अभियान सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक चलेगा। पहली पॉली सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगी। दूसरी शिफ्ट दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक होगी। इन दोनों पारियों में वालंटियर चौराहों पर तैनात रहेंगे। इस पूरे अभियान के दौरान मुख्यमंत्री की तरफ से जनता के नाम अपील का पंफलेट भी लोगों में चौराहों पर वितरित किया जाएगा। जिससे कि रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ अभियान में हिस्सेदारी करें। दूसरा हफ्ते में एक बार ट्रिप कम करें और ग्रीन दिल्ली ऐप पर शिकायत करें।

इन अभियानों को सफल करने के लिए आरडब्लूए, मार्केट एसोसिएशन, क्लब और पर्यावरण से संबंधित एनजीओ के साथ संवाद कर रहे हैं। जिससे कि वो अपने क्षेत्रों में लोगों तक इस बात को पहुंचा सकें।

राय ने बताया कि पेट्रोलियम कंजर्वेशन रिसर्च एसोसिएशन (पीसीआरए) की शोध के मुताबिक अगर रेड लाइट पर गाड़ियों को बंद किया जाए तो 13 से 20 फीसदी तक वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम किया जा सकता है। इसके अलावा लगभग 250 करोड़ रुपए बचाए जा सकते हैं। यह एक ऐसा अभियान है कि जिसमें लोग अपने व्यवहार को बदलकर प्रदूषण को कम करने में सहयोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान पिछली बार काफी सफल था। इस बार भी लोगों विशेषकर अध्यापक, वकील, ट्रेड यूनियन और सरकारी- निजी दफ्तरों में काम करने वाले लोगों से अपील है कि अपने सहयोग से मुहिम को सफल बनाएं।

# पराली नष्ट करने का काम सिर्फ कागजों पर : भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली।



दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने दिल्ली सरकार के पराली गलाकर खाद बनाने के दावे को पूरी तरह झूठ बताया है। उन्होंने कहा है कि दिल्ली सरकार सिर्फ प्रचार पाने के लिए यह झूठा दावा कर रही है कि खेतों में दवाई का छिड़काव करके पराली को नष्ट किया जा रहा है।

बिधूड़ी ने कहा कि जिस जगह दिल्ली के पर्यावरण मंत्री ने पराली नष्ट करने का कार्यक्रम आयोजित किया, वहां भी इसका कोई छिड़काव नहीं किया गया। न ही किसानों को कोई दवाई दी गई है। दिल्ली सरकार इस कागजी योजना से किसानों के साथ मजाक कर रही है। बिधूड़ी ने विस में भाजपा के मुख्य सचेतक और विधायक अजय महावर और दिल्ली प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष विनोद सहरावत के साथ उन गांवों का दौरा किया जहां पर्यावरण मंत्री पराली नष्ट करने की दवा छिड़कने के काम का उद्घाटन करके आए हैं।

बिधूड़ी ने बताया कि हम अलीपुर ब्लाक के गांव फतहपुर जट, रमजानपुर और आसपास के करीब दर्जनों गांवों में गए। किसी गांव में पराली नष्ट करने के छिड़काव का कोई काम नहीं किया गया। यहां तक कि जहां मंत्री गोपाल राय दवाई छिड़कने के काम की शुरुआत कर दावा करते हैं, वहां भी एक छोटे से प्लाट में स्प्रिंकलर से दवा छिड़कने की नौटंकी की गई और इसके अलावा किसी भी खेत में कोई छिड़काव नहीं हुआ। दिल्ली सरकार यह दावा कर रही है कि वह खुद खेतों में छिड़काव करा रही है और ऐसी नसीहत दूसरे राज्यों को भी दे रही है लेकिन सच्चाई यह है कि दिल्ली में भी किसानों से कहा जा रहा है कि वे जाकर पूसा से दवाई लाएं और उसका छिड़काव करें।





छठ पूजा की इजाजत देने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री आवास के बाहर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रदर्शन करते प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार।

# छठ पूजा : कांग्रेस ने खोला सरकार के खिलाफ मोर्चा

● प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रतिबंध हटाने के लिए एलजी को लिखा पत्र

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

छठ महापर्व को लेकर राजधानी दिल्ली में राजनीति गरमा गयी है। भाजपा के बाद अब कांग्रेस ने भी दिल्ली सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सार्वजनिक रूप से छठ पूजा मनाने पर लगी रोक के खिलाफ गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौधरी की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री केजरीवाल के आवास के पास प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि आम आदमी पार्टी की सरकार छठ पूजा पर पांबदी लगाने का आदेश जारी करके पूर्वांचलवासियां की आस्था से खिलवाड़ कर रही है। पूरबिया लोगों के लिए छठ सबसे बड़ा आस्था का महापर्व है। कोविड-19 महामारी के चलते छठ पूजा पर लगा प्रतिबंध हटाने के लिए चौ. अनिल ने उपराज्यपाल अनिल बैजल को पत्र भी लिखा। अनिल कुमार ने कहा कि पूर्वाचंलवासियों की भावनाओं की आड़ में राजनीति कर रहे मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल और भाजपा छठ पूजन करने के लिए पूर्वांचल के लोगों की आस्था को ध्यान में रखकर कोई कदम नहीं उठा रहे है। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय यह बयान कि अगर केन्द्र सरकार छठ पर निर्देश दे तो सार्वजनिक रूप से छठ पर बनाना संभव होगा। यह बयान पूरी तरह से गुमराह करने वाला है, क्योंकि केन्द्र सरकार द्वारा सभी राज्यों को दीपावली और छठ मनाने के निर्देश पहले ही जारी कर चुकी है तो फिर अरविन्द केजरीवाल छठ पूजा का राजनीतिकरण करने की कोशिश क्यों कर रहे।

# अमर कॉलोनी में लूट की कहानी गढ़ने के आरोप में दो गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दक्षिण-पूर्वी दिल्ली की अमर कॉलोनी में एक व्यक्ति को पीटने और फिर उसे गिरफ्तार कराने के लिये कहानी गढ़ने के आरोप में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पूर्व) ईशा पांडे ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर अमर कॉलोनी थाने में आईपीसी की धारा 323, 342 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पीड़ित की पहचान मोहित के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक मोहित की पत्नी का परविंदर के साथ विवाहेत्तर संबंध था। उसने मोहित को गिरफ्तार कराने की साजिश रची थी। पुलिस ने कहा कि आरोपियों ने 10 अक्टूबर को ओखला सब्जी मंडी में मोहित की पिटाई की और घटना का एक वीडियो रिकॉर्ड किया। उन्होंने मोहित के सामने कुछ पैसे रखे और पिस्तौल पकड़ाकर उसका एक और वीडियो बना लिया। डीसीपी ने कहा कि बाद में, परविंदर के दोस्त आकाश ने दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में इस्कॉन मंदिर की पार्किंग में मौजूद एक हेड कांस्टेबल को सूचित किया कि उसने देसी पिस्तौल ले जा रहे एक व्यक्ति को पकड़ा है। आकाश ने दावा किया कि मोहित ने ओखला सब्जी मंडी में एक सब्जी विक्रेता को लूटने की भी कोशिश की।

डीसीपी ने कहा कि गड़बड़ का शक होने पर हेड कांस्टेबल परविंदर, आकाश और मोहित को पूछताछ के लिए थाना ले गया। पूछताछ के दौरान मोहित ने पुलिस को परविंदर के साथ अपनी पत्नी के विवाहेत्तर संबंध और पूरी घटना के बारे में बताया।

# पेड़ गायब होने की शिकायत पर फैसला देने का निर्देश

● अदालत ने सरकार को छह हफ्तों के भीतर मांगी रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शहर की सरकार को छह हफ्तों के भीतर उस शिकायत पर फैसला करने का निर्देश दिया है जिसमें सर्वोदय एनक्लेव इलाके में सात वर्षों के भीतर 77 पेड़ लापता होने के आरोप लगाए गए हैं।

न्यायमूर्ति रेखा पल्ली की एकल पीठ ने निर्देश दिया कि दिसंबर 2020 में भावरीन कंधारी द्वारा की गयी शिकायत पर डीसीएफ (दक्षिण) और वन एवं वन्यजीव विभाग के दक्षिण प्रभाग के वृक्ष अधिकारी तर्कपूर्ण आदेश पारित करें। अदालत पर्यावरण कार्यकर्ता कंधारी की एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस याचिका में यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया था कि उनकी शिकायत पर चार सप्ताह के भीतर आवश्यक कार्रवाई की जाए। दिल्ली सरकार के वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता की शिकायत पर फैसला तेजी से करने के संबंध में कोई आपत्ति नहीं है।

अदालत ने 11 अक्टूबर के आदेश में कहा कि प्रतिवादी की उक्त शिकायत के मद्देनजर, रिट याचिका के साथ ही लंबित आवेदन का यह निर्देश देकर निस्तारण किया जाता है कि आठ दिसंबर 2020 की शिकायतकर्ता की याचिका पर आज से छह हफ्ते के भीतर तर्कसंगत आदेश पारित कर निर्णय किया जाए।



पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 15 अक्टूबर, 2021



1947 के विभाजन का दर्द-बुजुर्गों की जुबानी:

# पिता पाकिस्तान में रह गए, आज तक भी उनका कुछ पता नहीं...

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

## नवीन चंद की मां ने जेबीटी की और फरीदकोट नगर निगम के स्कूल में की नौकरी



नवीन चंद्र शर्मा।

**जुलाई** 1947 के अंत की बात है, हम लाला मूसा जंक्शन और मलक वाल को जोड़ने वाली रेलवे लाइन पर स्थित फलिया तहसील, मंडी बहाउद्दीन में थे। मेरे पिता वहां सब पोस्ट मास्टर के पद पर तैनात थे, उस समय हम 5 भाई-बहन (12 वर्ष), मैं (10 वर्ष), बहन (8 वर्ष), भाई (5 वर्ष) और भाई (2 वर्ष) थे। बंटवारे के समय की याद ताजा करते हुए यह सब बताते हैं नवीन चंद्र शर्मा।

नवीन चंद्र शर्मा के मुताबिक उनके पिता को भारत या पाकिस्तान चुनने के लिए कहा गया था। उन्होंने पाकिस्तान को चुना। इसके बावजूद उनका तबादला जालंधर कर दिया गया। 12 अगस्त 1947 को उन्होंने जालंधर के लिए ट्रेन पकड़ी, यह कहते हुए कि वह हमें आवास आदि की व्यवस्था करने के लिए बुलाएंगे। तीन दिन बाद हमें अपने पिता का पत्र मिला कि वह शाह कोट मालन पहुंच गए हैं और एक क्वार्टर भी मिल गया है। उसके बाद कभी पिता जी के बारे में कुछ पता नहीं चल पाया।

श्री शर्मा बताते हैं कि 13 अगस्त से ट्रेनें और डाक बंद हो गए। मंडी के लोगों ने पाकिस्तानी सेना को यह सुनिश्चित करने के लिए रिश्वत दी है कि वे केवल मुख्य मंडी की रक्षा करेंगे। एक दिन दोपहर को करीब एक बजे झेलम से सेना के चार जवान पहुंचे और सभी फंसे हुए लोगों को मंडी जाने वाली सड़क पर एक बगीचे में पहुंचाया। बगीचे से सभी को मंडी ले जाया गया, जहां लोगों ने अपने दरवाजे खोल दिए और हर व्यक्ति एक घर या दूसरे में प्रवेश कर गया। सभी के पास कुछ भी नहीं था। बच्चों के पास पूरे कपड़े भी नहीं। मंडी में लोग इन लोगों को सब कुछ मुहैया करा रहे हैं।

रेडियो बुलेटिन को सभी ने करीब आठ बजे यह जानने के लिए उत्सुकता से सुना कि क्या भारत सरकार सुरक्षित रूप से भारत पहुंचने में उनकी मदद करने के लिए कुछ कर रही है। कुछ दिनों के बाद सब जालंधर पहुंचे और डाकघर अधीक्षक के कार्यालय पर रहे। वह बहुत अच्छे इंसान थे। उन्होंने तुरंत हमें हमारे पिता का वेतन दिया और परिवार पेंशन के मामले की सिफारिश की।

## सौ रुपये मिलती थी पारिवारिक पेंशन

**भारत** पहुंचने के बाद के हालातों पर चर्चा करते हुए नवीन चंद्र शर्मा कहते हैं कि मेरी मां तीसरी क्लास पास भी नहीं थी। उनकी मोसी, जो विधवा थी, पाकिस्तान के सरकारी स्कूल में शिक्षिका थीं। उसे सरकारी नौकरी मिल गई। वह करनाल में तैनात हो गईं। हम सब उसके साथ रहे। उन्होंने मेरी मां को पढ़ाया और 8वीं की बोर्ड परीक्षा पास कराई। फरीदकोट में जेबीटी कराई और नगर निगम के स्कूल में नौकरी दिलवाई। जिसका बाद में राष्ट्रीयकरण कर दिया गया। नवीन चंद्र शर्मा का कहना है कि उन्हें 1950 में 100 रुपये मासिक की पारिवारिक पेंशन मिली। इस पारिवारिक पेंशन के अलावा सरकार की ओर से कोई मदद नहीं। जैसे-तैसे करके परिवार ने खुद को स्थापित किया।

## पैरोल पर गया बंदी जेल नहीं लौटा

**सोहना।** भोंडसी जिला जेल से पैरोल छुट्टी पर गये बंदी के वापस न आने पर जेल प्रशासन ने थाने में मामला दर्ज कराया है। बंदी 10 वर्ष की आजीवन कारावास काट रहा था। जिला जेल के उपाधीक्षक सत्यभान ने पुलिस को बताया कि राजस्थान के जिला अलवर थाना बहरोड़ के गांव खापरिया निवासी धर्मेन्द्र उम्र कैद की सजा काट रहा है। धर्मेन्द्र 23 जून 2021 को चार सप्ताह की पैरोल पर गया था। जिसे 22 जुलाई 2021 को वापस आना था, लेकिन कोविड के कारण जेल हाई कमान अधिकारियों ने स्पेशल पैरोल की घोषणा करते हुए धर्मेन्द्र को 3 अक्टूबर को वापस जेल में आना था। जिसके लिए 25 सितम्बर को धर्मेन्द्र बंदी को पत्र के माध्यम से अवगत भी करा दिया था, लेकिन बंदी जेल नहीं पहुंचा।

# एसजीटी यूनिवर्सिटी में युवती से दोस्ती के विवाद पर की थी छात्र की हत्या

## हत्या का आरोपी छात्र गिरफ्तार, हत्या की बात कबूली

## पुंकिल के भाई ने विनीत को पीछे से पकड़ा व पुंकिल ने पेट में मारी थी गोली

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम की एसजीटी यूनिवर्सिटी में छात्र की हत्या के आरोप में गिरफ्तार छात्र पुंकिल।

**एसजीटी** यूनिवर्सिटी बुढेड़ा (गुरुग्राम) कैंपस में हुई बीएएमएस के छात्र की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को क्राइम ब्रांच सेक्टर-10 ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी छात्र पुंकिल उर्फ लक्की ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध भी कबूल कर लिया है। साथ ही बताया है कि युवती से दोस्ती को लेकर उसका झगड़ा हुआ था। इसी कारण से उसने विनीत की हत्या की है।

बता दें कि बीती आठ अक्टूबर 2021 को दोपहर करीब एक बजे एसजीटी यूनिवर्सिटी में कुछ छात्रों के बीच झगड़ा हुआ। झगड़ा इतना बढ़ गया कि यूनिवर्सिटी में लॉ की पढ़ाई करने वाले छात्र पुंकिल उर्फ लक्की ने बीएएमएम के छात्र विनीत पुत्र विजय कुमार निवासी गांव बुटराडा, जिला शामली (उत्तर प्रदेश) को गोली मार दी थी। पुलिस ने गुप्त सूत्रों की सहायता से विनीत हत्याकांड में पुंकिल उर्फ लक्की पुत्र धनंजय निवासी नजफगढ़ को गांव छावला से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपना अपराध स्वीकारते हुए कहा है कि विनीत के साथ एक युवती की दोस्ती होने पर झगड़ा हुआ था। जिसकी रंजिश में उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर विनीत की हत्या कर दी। एसीपी क्राइम प्रीतपाल के अनुसार आरोपी पहले भी हत्या व हवाई फायर की वारदातों को अंजाम दे चुका है। उसे गुरुवार को अदालत में पेश किया गया।

### पहले कक्षा में पहुंचे, फिर हॉस्टल के बाहर घेरा

**घटना** के प्रत्यक्षदर्शी छात्र हर्ष पुत्र सतपाल निवासी गांव दतौली जिला सोनीपत ने पुलिस टीम को शिकायत में बताया कि 8 अक्टूबर उसका दोस्त विनीत, ब्रह्मजीत, हर्ष शौकीन और अन्य छात्र कक्षा में पढ़ रहे थे। सुबह करीब साढ़े 10 बजे यूनिवर्सिटी के छात्र राहुल व नितेश उनकी कक्षा में आए और विनीत को बाहर बुलाने लगे। उनके शिक्षक प्रवीन ने कक्षा से बाहर भेजने से मना कर दिया। उसके बाद 12 बजे जब कक्षा समाप्त हुई तो विनित ने कहा कि राहुल, नितेश, पुंकिल उर्फ लक्की और एक लड़की उसके साथ झगड़ा कर सकते हैं। हॉस्टल के पास पहले से खड़े नितेश, राहुल, पुंकिल उर्फ लक्की और एक लड़की ने विनीत ने झगड़ा करना शुरू कर दिया। इसी बीच पुंकिल के भाई नितेश ने विनीत को पीछे से पकड़ लिया। पुंकिल ने विनीत के पेट में गोली मार दी। गोली लगते ही विनीत सड़क पर किया गया और हमलावर व लड़की मौके से फरार हो गये। विनीत को तुरंत एसजीटी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर उसकी मौत हो गई।

# देहात की सभी समस्याओं का जल्द हो समाधान : सोलंकी



पालम 360 के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ज्ञापन सौंपते हुए।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पालम 360 के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी की अगुवाई में एक प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बैठक की। इस दौरान चौ. सोलंकी ने सीएम को दिली देहात के सभी प्रमुख मुद्दों और समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही प्रतिनिधि मंडल ने एक ज्ञापन भी मुख्यमंत्री को सौंपा। केजरीवाल ने इन सभी मुद्दों के जल्द समाधान का भरोसा दिलाया।

बैठक में सुरेंद्र सोलंकी ने जिन प्रमुख मुद्दों और समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यमंत्री को बताया कि दिल्ली में बंद म्यूटेशन प्रक्रिया को पुन: बहाल करना, ग्राम सभा की जमीनों का दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहण पर रोक लगाकर उनका इस्तेमाल गांव देहात के लोगों को जन सुविधाएं उपलब्ध कराने व विकास कार्यों में इस्तेमाल किया जाना, ग्राम सभा के बैंकों में जमा लगभग 4000 करोड़ रुपए को सामाजिक पंचायतों के माध्यम से गांव देहात के विकास कार्यो में इस्तेमाल किए जाने की सुविधा प्रदान कराना, दिल्ली देहात के गाँवों में छात्रों के लिए पुस्तकालय निर्माण और गाँवों में बने चौपालों के नवीनीकरण व रखरखाव सुनिश्चित किया जाना, दो शहीद जवानों के परिजनों को एक एक करोड़ रुपये का मुआवजा प्रदान करना, जमीन अधिग्रहण पर पड़ोसी राज्यों की तुलना में दिल्ली में मिल रही कम मुआवजा राशि को उचित मात्रा में बढाया जाना, इस सीजन में भारी बारिश से बर्बाद हुई फसलों का उचित मुआवजा देना, धारा 81 और धारा 33 को खत्म किया जाए।


## संक्षिप्त-समाचार



### राष्ट्रवादी विकास और स्वाभिमान पार्टी ने बनाया मोर्चा

**नोएडा।** एकता में ताकत है और जब दो कर्मठ व्यक्ति मिल जाए तो उन्हें कोई हरा नहीं सकता। यह कहना है राष्ट्रवादी विकास पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष डॉ अनूप के श्रीवास्तव का। उन्होंनें कहा कि केंद्र में सशक्त विपक्ष न होने के कारण सरकार अपनी मनमानी करने लगी है इसलिए राष्ट्रवादी विकास पार्टी और स्वाभिमान पार्टी ने मिलकर एक नई शक्ति और एक विकल्प लाने की तैयारी कर दी है। पार्टी यूपी में नोएडा, कानपुर, लखनऊ से लेकर अयोध्या तक हर क्षेत्र से चुनाव में अपने प्रतियशी खड़े करेंगे। इस अवसर पर एसी भटनागर अध्यक्ष राष्ट्रवादी विकास पार्टी ब्रिगेडियर अनिल श्रीवास्तव, राष्ट्रीय महासचिव राष्ट्रवादी विकास पार्टी वीरेंद्र पांडे, संस्थापक अध्यक्ष स्वाभिमान पार्टी रजनीश झा, महासचिव नेशनल यूथ पार्टी किरन श्रीवास्तव, अध्यक्ष महिला मोर्चा पूर्व विधायक डॉ प्रदीप श्रीवास्तव, अध्यक्ष यूपी स्वामी डॉ अभिजीत 1008 महामंडलेश्वर संयोजक यूपी डॉ प्रेम प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

### वैदिक दृष्टि में 'सृष्टि निर्माण' पर गोष्ठी संपन्न



**गाजियाबाद।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में 'वैदिक दृष्टि में सृष्टि निर्माण' विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कोरोना काल में 297 वां वेबिनार था। इस अवसर पर दिल्ली विकास प्राधिकरण की निदेशक योजना डॉ.अल्का आर्या ने कहा कि आचार्य श्री अग्निवृत् नैष्ठिक जी के ऐत्रये ब्राह्मण ग्रंथ के वैदिक भाष्य से जो कि वेद विज्ञान आलोक नामक ग्रंथ से रचित है। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने गोष्ठी का कुशल संचालन करते हुए कहा कि वेद सृष्टि का प्राचीनतम ज्ञान है। मुख्य अतिथि विमल बुद्धिराजा व अध्यक्ष ओम सपरा ने कहा कि सृष्टि निर्माण व प्रलय एक व्यवस्थित प्रक्रिया है।राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने कहा कि संसार में तीन सत्ताएं सदा से थी,सदा से हैं और सदा रहेंगी, ईश्वर,जीव और प्रकृति।प्रकृति सत्य है,जीवात्मा सत्य के साथ चेतन भी है,ईश्वर सत्य,चेतन और आनंद स्वरूप है।इस मौके पर डॉ. कर्नल विपिन खेड़ा,महेन्द्र भाई,आनन्द प्रकाश आर्य,आस्था आर्या,आर पी सूरी, सुखवर्षा सरदाना,सुरेन्द्र बुद्धिराजा,निर्मल विरमानी आदि उपस्थित थे ।

### सदस्यता अभियान चलाएगी भाजपा: दिवाकर मिश्रा

**गाजियाबाद।** भाजपा शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ दिवाकर मिश्रा गुरुवार को यहाँ कहा कि भारतीय जनता पार्टी शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठने पश्चिमी क्षेत्र की 70 विधानसभाओं में 100-100 शिक्षण संस्थानों को जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, इसी प्रकार सभी क्षेत्रों का लक्ष्य निर्धारित हैं। भाजपा के पश्चिमि उत्तर प्रदेश कार्यालय पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मिश्रा ने कहा कि प्रकोष्ठ की सभी 6 क्षेत्रों की बैठकें संपन्न हो चुकी हैं । उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में कुल 403 विधानसभा में 100-100 शिक्षण संस्थाओं को जोड़ने का कार्य 15 अक्टूबर को पूर्ण हो जाएगा। इस प्रकार शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ पूरे प्रदेश में 40 हजार 300 शिक्षण संस्थानों को जोड़ेगा ढ्ढ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता प्रारंभ होते ही शिक्षण संस्थान इन शिक्षण संस्थानों में सदस्यता का अभियान चलाएगा। नवम्बर माह में भाजपा के संगठनात्मक 6 क्षेत्रों में 12 सम्मेलन आयोजित किए जाएंग, जिसमें उन क्षेत्रों में आने वाली विधानसभाओं के शिक्षण संस्थानों को सम्मिलित किया जाएगा ढ्ढ दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह में लखनऊ में शिक्षण संस्थानों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी संबोधित करेंगे। प्रेस वार्ता में भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, महानगर संयोजक राकेश त्यागी, महानगर सह मीडिया प्रभारी जय कमल अग्रवाल, नीरज गोयल उपस्थित रहे।

### गोदाम से 470 किलोग्राम से अधिक पटाखे बरामद

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के सदर बाजार इलाके में एक गोदाम से 470 किलोग्राम से ज्यादा अवैध पटाखे बरामद किये गए और गोदाम के मालिक को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी मोहम्मद रिहान (21) उत्तर प्रदेश का रहने वाला है और वह त्यौहार के दौरान चीजें बेचने का काम करता है। पुलिस ने कहा कि यहां गोदाम से कुल 472.4 किलोग्राम अवैध पटाखे बरामद किये गए और गोदाम 12 हजार रुपये किराये पर लिया गया था।



जनता कॉलोनी में हुई बैठक में पूर्व विधायक चौ. मतीन तथा हाजी हारून व अन्य।

# गुरु गोरखनाथ के नाम पर बने यूनिवर्सिटी : जगदीश



जोगी नाथ समाज संगठन की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

**रोहतक।** यहां हनुमान कॉलोनी में जोगी नाथ समाज संगठन की बैठक आहुत की गई। जिसमें समाज की मुख्य समस्याओं पर विचार किया गया। साथ ही कार्यकारिणी का गठन किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष जगदीश भट्ठी द्वारा बलराज सिंह एडवोकेट को संगठन के लीगल सैल का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा सुरेश कुमार को रोहतक जिला अध्यक्ष बनाया। बैठक में बोलते हुए जगदीश भट्ठी ने कहा कि जोगी नाथ समाज की ओर से सरकार से मांग है कि गुरु गोरखनाथ के नाम पर प्रदेश में कहीं पर भी एक यूनिवर्सिटी बनाई जाए। जोगी समाज को एसटी वर्ग में शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि जोगी समाज की सरकार में भागीदारी न के बराबर है।

समाज के युवाओं के उत्थान को सरकार एसटी वर्ग में शामिल करने की जल्द निर्णय ले। उन्होंने समाज के सभी युवाओं से आह्वान किया वे अच्छी शिक्षा हासिल करके कामयाबी की राह अपनाएं। रोजगार देने वाले कोर्स में पढ़ाई करें। शिक्षा ही किसी समाज के उत्थान का बड़ा माध्यम बन सकती है। बैठक में गणमान्य व्यक्ति सुबेदार अमर सिंह, डॉ. रामफल भट्ठी, वजीर समलो, सरपंच सत्यवान समरगोपालपुर आदि उपस्थित रहे। मंच संचालन जिला मीडिया प्रभारी राजेश योगी ने किया।

## गोलगप्पे खाने के बहाने उड़ाया 45 हजार का पार्सल

**नोएडा।** कोतवाली बीटा-2 क्षेत्र के जगत फार्म मार्केट में स्थित कपडों के शोरूम गणपति कलेक्शन के बाहर रखें कपड़ों के एक पार्सल को दुकान के बाहर से कुछ महिलाओं ने बुधवार रात चोरी कर लिया। महिलाओं की चोरी की यह वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है।

पीड़ित दुकानदार ने बताया कि आरोपी महिलाएं गोलगप्पे खाने के बहाने से दुकान के बाहर खडी हुई और पार्सल पर हाथ साफ कर दिया। पीडित की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक ग्रेटर नोएडा की जगत फार्म मार्केट में स्थित जीएम मॉल में गणपति कलेक्शन के नाम से कपड़ों का शोरूम है। शोरूम मालिक तरंग तायल ने बताया की उनके कपड़ों के पार्सल दिल्ली से आते रहते हैं। इसके चलते बुधवार को छह पार्सल दिल्ली से आए हुए थे जो दुकान के बाहर रखे गए थे। पांच पार्सल को नौकरों ने दुकान के अंदर रख दिया जबकि एक पार्सल बाहर रखा।

# नोएडा एयरपोर्ट की जमीन पर अवैध निर्माण को प्राधिकरण ने गिराया, ग्रामीणों ने मांगी मोहलत

- गांव फूल खां के खतों में निर्माण कार्य कर लिया था

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा एयरपोर्ट के लिए अधिग्रहित भूमि पर अवैध अतिक्रमण का मामला सामने आया है। एयरपोर्ट के लिए विस्थापित गांव नंगला फूल खां के ग्रामीणों ने खेतों पर निर्माण कार्य करा लिया था।

जानकारी मिलने पर बुधवार को यमुना प्राधिकरण की टीम ने जेसीबी से अवैध निर्माण को ध्वस्त करना शुरू कर दिया। एक-दो दीवारों के तोडने के बाद ग्रामीणों ने निर्माण को खुद हटाने के लिए कुछ समय की मोहलत मांगी। प्राधिकरण के अधिकारियों ने ग्रामीणों को एक सप्ताह का वक्त दिया है। अफसरों ने इस दौरान ग्रामीणों से खुद ही निर्माण हटाने को कहा है। बताते चलें कि गांव नंगला फूल खां के ग्रामीणों ने नोएडा एयरपोर्ट के पहले चरण के भूमि अधिग्रहण से बाहर अपने खेतों पर आबादी का निर्माण कर रहना शुरू कर दिया था। कुछ ही समय में क्षेत्र में नंगला जहानू व नंगला फूल खां के लगभग 20 परिवारों ने मकान बना लिए थे। बुधवार को यमुना प्राधिकरण की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची तथा जेसीबी की सहायता से निर्माणों को ध्वस्त करना शुरू कर दिया। इसका ग्रामीणों ने पुरजोर विरोध किया। लेकिन उनकी एक न चली। अधिकारियों व ग्रामीणों के बीच सहमति बनने पर निर्माण को हटाने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया। यमुना प्राधिकरण के तहसीलदार विनय भदौरिया ने कहाए नंगला फूल खां के लोगों ने दोबारा विस्थापन का लाभ लेने की नीयत से खेतों में अवैध तरीके से मकानों का निर्माण कर लिया था।

# भारत में हॉजकिन लम्फोमा से पीड़ित बच्चों में 94 प्रतिशत सर्वाईवल दर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

## जबकि सर्वाईवल का संपूर्ण अनुपात 30 प्रतिशत से कम है

इंडियन पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी ग्रुप (इन्पोग) के साथ नेशनल सोसायटी फॉर चाईल्डहुड कैंसर, कैनकिड्स किडस्कैन द्वारा सपोर्टेड एक हालिया अध्ययन में सामने आया कि भारत में हॉजकिन लम्फोमा (एचएल) के शुरुआती चरण में कैंसर से पीड़ित बच्चों में ईवेंट-फ्री सर्वाईवल (ईएफएस) और ओवरऑल सर्वाईवल (ओएस) क्रमश: 94 प्रतिशत और 95.5 प्रतिशत हैं।

ये विकसित देशों के तुलनात्मक परिणाम हैं। लम्फोमा एक आम कैंसर है। भारत में हर साल मिलने वाले लगभग 80,000 मामलों में से लगभग 4800 मामले हॉजकिन लम्फोमा के होते हैं। यह कैंसर लिम्फ में शुरू होता है, जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली का हिस्सा है और शरीर को संक्रमण व बीमारी से लड़ने में मदद करता है। यह मुख्यत: छाती, गले और बांह के नीचे होता है। बीमारी बढ़ने पर यह खून में पहुंच जाता है और शरीर के दूसरे हिस्सों, जैसे लिवर, फेफड़ों और या बोन मैरो में भी फैल सकता है। बच्चों में यह आम तौर से 10 से 19 साल के आयु समूह में शीर्ष पर होता है। यह लड़कियों के मुकाबले लड़कों में ज्यादा आम है। भारत में इससे पीड़ित होने वाले पुरुषों व महिलाओं का अनुपात 4.5:1 है। भारत में इससे पीड़ित होने वाले बच्चे ज्यादा छोटे यानि 5 साल से कम उम्र के होते हैं।

इस अध्ययन में 30 महीनों की अवधि में 27 केंद्रों से 410 मरीजों ने हिस्सा लिया। उनमें से 134 को बीमारी शुरुआती चरण में थी और 53 लोगों की बीमारी गंभीर थी। डायग्नोसिस के बाद 52 महीनों की माध्य अवधि में, 5 साल का ईवेंट-फ्री सर्वाईवल (ईएफएस) और ओवरऑल सर्वाईवल (ओएस) क्रमश: 94 प्रतिशत और 95.5 प्रतिशत था। इलाज से संबंधित मॉर्टलिटी एवं एबैंडनमेंट 1 प्रतिशत से कम थे। इस अध्ययन से साबित कर दिया कि एवीबीडी प्रोटोकॉल के साथ भी, विकसित देशों के तुलनात्मक परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। डॉ. अमिता महाजन, चेयर ऑफ इनपोग वर्किंग ग्रुप, एचएल एवं अध्ययन के मुख्य अन्वेषक ने कहा, अध्ययन में यह भी सामने आया कि आईएपी और डब्लूएचओ से विरोधी दिशानिर्देश मिलने के बाद भी, एचएल पीड़ित लगभग एक तिहाई मरीजों को अनुभव के अनुरूप ट्यूबरकुलोसिस का इलाज मिलता रहेगा। हाल ही में आईआरसीएच एम्स के डॉ. समीर बख्शी द्वारा प्रकाशित एक अन्य अध्ययन में एबीवीडी प्रोटोकॉल के दूरगामी विषाक्त प्रभावों और दूरगामी प्रभावों का आंकलन किया गया।

# दक्षिणी नगर निगम की पार्किंग की मिलेगी सही जानकारी

- केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर व महापौर मुकेश सुर्यान ने स्मार्ट ऐप माई पार्किंग जारी किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

एसडीएमसी ने दिल्ली की पहली स्मार्ट पार्किंक ऐप को विकसित किया है। इस ऐप पर दक्षिणी निगम के अधिकार वाले क्षेत्र में पार्किंग की क्षमता और उपलब्धता की सटीक जानकारी उपलब्ध होगी।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के महापौर मुकेश सुर्यान ने बृहस्पतिवार को स्मार्ट पार्किंग ऐप का लोकार्पण किया। इस ऐप का निर्माण निगम ने ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड के साथ मिलकर किया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि पार्किंग ऐप की सहायता से नागरिक घर बैठे ही पार्किंग स्थल पर पार्किंग की उपलब्धता देख सकेंगे और पार्किंग स्थल पर अपना स्थान सुगमता से आरक्षित करा सकेंगे जिसके फलस्वरूप नागरिकों को एक नया अनुभव मिलेगा। इस स्मार्ट पार्किंग ऐप की सहायता से कैशलस एवं पेपरलेस लेनदेन किया जायेगा जिसके कारण कई किलो कागज की बचत होगी। साथ ही पेड़ों को भी काटने से बचाया जा सकेगा। इससे प्रदूषण में भी कमी आयेगी।

सुर्यान ने कहा कि लोगों की तरफ से भी कई बार मांग की गई थी कि पार्किंग स्थलों से संबंधित जानकारी जैसे उसकी क्षमता, पार्किंग स्थल की उपलब्धता इत्यादि सरलता से मिल सके। आज का दौर आधुनिक तकनीक एवं सूचना क्रांति का समय है तथा नागरिकों को दक्षिणी निगम के अधिकार क्षेत्र में आने वाले पार्किंग स्थलों के बारे में सटीक जानकारी देने के लिए यह आवश्यक हो जाता है की निगम उन्हें ऐप आधारित पार्किंग व्यवस्था की मुहैया कराएं।

# ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर द शोकेस ने एफडीसीआई के सहयोग से की विजेताओं के नाम की घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




**ब्लेंडर्स** प्राइड फैशन टूर द शोकेस को एफडीसीआई के सहयोग से 6 अगस्त को लॉन्च किया गया था। इसकी शुरुआत फैशन डिजाइनर्स, शटरबग, मॉडल और कंटेंट क्रिएटर्स की नई पीढ़ी की तलाश करने और उनके करियर को शानदार शुरुआत देने के उद्देश्य से की गई थी।

देश भर से मिले शानदार रिस्पॉन्स और एक दमदार टीम चैलेंज के बाद, ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर द शोकेस ने दूसरे एडिशन के विजेताओं की घोषणा की गई है। जिस टीम ने ज्यूरी का सबसे ज्यादा ध्यान आकर्षित किया उसमें पांडिचेरी के सस्टेनेबल फैशन डिजाइनर नौशाद अली, नई दिल्ली की उभरते हुए मॉडल इशप्रीत कौर, नई दिल्ली के फैशन शटरबग तनय बब्बर और मुंबई के कॉर्पोरेट पेशेवर और फैशन एवं लाइफस्टाइल कंटेंट क्रिएटर उरबासी चौधरी शामिल हैं। दूसरे एडिशन की समाप्ति के साथ, द शोकेस ने देश भर में युवा और उभरती प्रतिभाओं को एक शानदार प्लेटफॉर्म प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभाई है। अन्य उभरते डिजायनर्स में फर्स्ट रनर अप टीम में डिजाइनर अदा मलिक (मुंबई), मॉडल कनिष्क माहेश्वरी (बरेली), शटरबग श्रेयांस डूंगरवाल (हैदराबाद) और कंटेंट क्रिएटर अरिया कृष्णमूर्ति (हैदराबाद) शामिल हैं। सेकेंड रनरअप टीम में डिजाइनर श्रीगोकुल विश्वनाथ (कन्नूर), मॉडल अनिवर्या पवार (मुंबई), शटरबग प्रतिम शंकर (मुंबई) और कंटेंट क्रिएटर श्रिया कंडुडे (हैदराबाद) शामिल हैं।

ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर के अगले एडिशन में काम को पेश करने के मौके के साथ, विजेताओं को फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया के साथ लंबी अवधि के सहयोग से लाभ होगा। इन सभी प्रात्साहनों के साथ विजेताओं को नकद पुरस्कार भी मिलेंगे। प्रतियोगियों को अमित अग्रवाल, अंजू मोदी, जेजे वलाया, नम्रता जोशीपुरा, राहुल मिश्रा, शांतनु और निखिल, सुनीत वर्मा, अब्राहम और ठाकोर, रीना ढाका और कुणाल रावल जैसे इडस्ट्री के ट्रेलब्लेजर द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। माई प्लैनेट. माई प्राइड की थीम के तहत अग्रणी भारतीय फैशन डिजाइनरों के परिधानों को फिर से तैयार करते हुए, प्रत्येक कैटेगरी के प्रतिभागियों की टीमों ने एक साथ सुंदर पहनावा, एक फाइनल फिल्म फाइनल फैशन फिल्म और सोशल मीडिया कंटेंट तैयार किया गया जो उनके खास अंदाज और स्टाइल को प्रदर्शित करती है।

ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर द शोकेस के दूसरे एडिशन की सफलता पर टिप्पणी करते हुए, ईशविंदर सिंह, जनरल मैनेजर मार्केटिंग, पर्नोड रिकार्ड इंडिया ने कहा, ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर द शोकेस के साथ, हमने भविष्य के लिए फैशन ईकोसिस्टम की नींव तैयार की है। हम देश में उभरती फैशन प्रतिभाओं को उनके कैरियर की जबर्दस्त शुरुआत करने के लिए यह अनूठा प्लेटफॉर्म पेश करते हुए बेहद खुश हैं। हमें देश भर से एक हजार से अधिक प्रविष्टियों के साथ शानदार रिस्पॉन्स प्राप्त हुए।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 15 अक्टूबर, 2021



# 45 प्रतिशत बुखार के मरीजों को किया जा रहा रेफर

## डेंगू के पांच नए संक्रमित से आंकड़ा पहुंचा 155

## सरकारी एम्बुलेंस पर चालकों की कम संख्या से लुट रहे मरीज

**कविता। फरीदाबाद**



बीके अस्पताल के गेट के बाहर खड़ीं प्राइवेट एम्बुलेंस।

**जिले** में डेंगू के मरीजों की संख्या काफी तेजी के साथ बढ़नी शुरू हो गई है। बृहस्पतिवार को जिले में पांच नए संक्रमित मरीज सामने आए हैं। जिससे जिले में डेंगू पॉजिटिव मरीजों की संख्या का आंकड़ा 155 पर पहुंच गया है। मरीजों की बढ़ती संख्या का लाभ निजी एम्बुलेस चालक जमकर उठा रहे हैं, क्योंकि चालकों की कमी के कारण मरीजों को सरकारी एम्बुलेंस नहीं मिल पा रही है। जिले में ऐसे ही कुछ मामले सामने आ रहे हैं। वहीं बीके अस्पताल में आने वाले डेंगू और बुखार के मरीजों को धड़ल्ले से रेफर किया जा रहा है। लेकिन जिले में रेफर किए जा रहे मरीजों की संख्या का आंकड़ा किसी के पास नहीं है। निजी एम्बुलेंस चालक इन मरीजों को निजी अस्पतालों धड़ल्ले से ले जा रहे हैं। लेकिन वहीं जब सरकारी आंकड़े देखे जाएं तो पिछले 14 दिनों में 336 मरीजों को यहां से दिल्ली के लिए रेफर किया गया है। जिसमें 45 प्रतिशत से अधिक बुखार के मरीज शामिल हैं। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि यदि बुखार के 45 प्रतिशत मरीजों को जिले में यहां दिल्ली रेफर करके पल्ला झाड़ा गया है, तो फिर निजी अस्पतालों में प्राइवेट एम्बुलेंस चालक कितने मरीजों को लेकर पहुंचे होंगे।

### 35 प्रतिशत रेफर

**एक** से 14 अक्टूबर तक 336 मरीजों को जिले में मौजूद 112 निशुल्क एम्बुलेंस नियंत्रण कक्ष के जरिये रेफर किया गया। रेफर होने वाले 336 मरीजों में 45 प्रतिशत मरीज बुखार के और 30 प्रतिशत डिलीवरी महिलाओं के अलावा 25 प्रतिशत अन्य बीमारियों और घायल मरीज शामिल हैं। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस तरह से बुखार अथवा डेंगू के मरीजों को जिले में इलाज के लिए यहां से वहां भटकना पड़ रहा है।

### लूट रहे निजी चालक

**जिले** में 112 एम्बुलेंस कंट्रोल रूम में चालकों की संख्या कम होने से मरीजों को एम्बुलेंस नहीं मिल पाती। जिसका लाभ अस्पताल परिसर में घूमने वाले निजी एम्बुलेंस चालक जमकर उठा रहे हैं। शहर के सिविल अस्पताल के बाहर निजी एम्बुलेंस चालकों का जमावड़ा लगा रहता है। ऐसे में यह एम्बुलेंस चालक मरीजों और उनके तीमारदारों की मजबूरी का फायदा उठाते हुए उन्हें यहां से निजी अस्पतालों में ले जाकर कमीशनखोरी कर रहे हैं। वह मुंहमांगे दामों पर यहां से वहां मरीजों को ले जा रहे हैं।

## स्वच्छता सर्वेक्षण में की जाएगी आमजन की भागीदारी: एडीसी

**फरीदाबाद।** अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान ने कहा कि जिला में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2021 को लेकर उपायुक्त जितेन्द्र यादव के मार्ग दर्शन में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार 75वें स्वतंत्रता वर्ष के उपलक्ष्य में आजादी के महोत्सव अभियान के तहत स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत जिला स्तर पर इस अभियान को गति देकर आमजन को भागीदार बनाए जाएगा। इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, युवा मण्डल, सामाजिक संगठनो, स्वयंसेवी संस्थाओं, एनजीओ व अन्य विभिन्न सरकारी विभागों के साथ-साथ अधिक से अधिक तालमेल करके आमजन की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

# दशानन दहन पर कभी राजनीति तो कभी कोरोना की छाया

## एनआईटी के दशहरा मैदान में क्या इस बार भी नहीं होगा रावण दहन?

**राजेश दास। फरीदाबाद**


एनआईटी के दशहरा मैदान में सजा मेले का बाजार।


दशहरा मैदान की मुख्य सड़क रावण का पुतला बेचता दुकानदार।

**पिछले** कई सालों से एनआईटी स्थित मैदान में दशहरा उत्सव मनाने को लेकर लगातार अढ़चनें आ रही हैं। करीब चार साल पहले दशहरा उत्सव का आयोजन अपने हाथ में लेने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद उत्पन्न हुआ था। इसके बावजूद कभी सीएम की उपस्थिति में तो कभी प्रशासन की देखरेख में रावण दहन जरूर होता रहा है।

गत वर्ष कोरोना महामारी को फैलने से रोकने के लिए प्रशासन की तरफ रावण दहन की अनुमति नहीं दी गई थी, लेकिन इस बार न तो दो सामाजिक संगठनों का विवाद दिखाई दे रहा है और न ही कोरोना का प्रकोप। रावण दहन उत्सव और भरत मिलाप मेले को लेकर दशहरा मैदान में मेला तो सज गया है, लेकिन इस बार भी दशहरा मैदान में रावण दहन नहीं होगा। इस बार आयोजकों ने न तो रावण पुतला बनाने में रुचि दिखाई और न ही प्रशासन की तरफ से अनुमति दी गई है।

### कारण स्पष्ट नहीं

**शहर** में कोरोना महामारी से करीब करीब पूरी तरह उभर चुका है। शहर में बाजार, उद्योग, धार्मिक स्थल खोलने व अन्य समारोह और धार्मिक उत्सव एहतियात के साथ करने की अनुमति है। शहर में कोरोना के फिलहाल मात्र तीन ही एक्टिव केस रह गए हैं। वहीं दूसरी तरफ शहर की करीब के करीब 60 से 70 प्रतिशत वयस्क आबादी को वैक्सीन भी लग चुकी है। लेकिन इसके बावजूद इस बार एनआईटी में रावण दहन नहीं किया जाएगा। हालांकि दशहरा मैदान में दुकानें और स्टॉल लग चुके हैं। वहीं नगर निगम की अनुमति से दशहरा मैदान में एक निजी संस्था की तरफ से पहले ही कई दिनों से मेला लगाया गया है। जहां हर रोज शाम को लोगों की भारी भीड़ जुटती है। वहीं दूसरी तरफ इस बार दोनों संस्थाओं का विवाद भी दूर दूर तक कहीं नजर नहीं आ रहा है। लेकिन इसके बावजूद प्रशासन की तरफ से रावण दहन की अनुमति क्यों नहीं दी गई, यह किसी के समझ में नहीं आ रहा है। अनुमति न मिलने की वजह से बार विभिन्न संस्थाओं ने रावण का पुतला बनवाने में भी कोई रूचि नहीं दिखाई।

### लगातार दूसरे साल नहीं होगा रावण दहन

**आजादी** के बाद पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए पुरुषार्थियों के लिये एनआईटी को बसाया गया था। शहर बसने के बाद पुरुषार्थियों ने करीब 70 साल पहले एनआईटी में बीके अस्पताल के पास दशहर उत्सव मनाना शुरू कर दिया था। जिसके बाद इस जगह को दशहरा मैदान के रूप में स्थापित कर दिया गया। इस दौरान शहर में कई बार विपरित परिस्थितियां भी उत्पन्न हुई, लेकिन हर बार दशहरा उत्सव का आयोजन कर रावण दहन की रस्म जरूरी पूरी की जाती रही है। गत वर्ष यानी 2020 में मार्च से कोरोना का प्रकोप शुरू हो गया था। लेकिन अगस्त के बाद स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में आ चुकी थी। जिसके बाद बाजार और मंदिर एहतियात के साथ खोलने की अनुमति दे दी गई थी। लेकिन दशहर उत्सव में लोगों की भारी भीड़ जुटती है। ऐसे में कोरोना वायरस के फैलने की प्रबल सम्भावना को देखते हुए जिला प्रशासन ने रावण दहन और मेला आयोजित करने की अनुमति नहीं दी थी। जिसके कारण गत वर्ष 70 साल बाद पहली बार दशहरा मैदान में रावण दहन नहीं हो पाया था।

### आपातकाल में भी जला था रावण

**औद्योगिक** नगरी में इससे पहले भी कई बार विपत्तियां आ चुकी हैं। वर्ष 1975 में देश में आपातकाल लगने पर यहां भी संवेदनशील स्थिति बनी हुई थी। आपातकाल करीब दो साल लगा रहा, लेकिन इस दौरान रावण दहन कार्यक्रम को किसी भी सूरत में टाला नहीं गया। वर्ष 89-90 में प्रधानमंत्री वीपी सिंह के शासनकाल में पूरा देश आरक्षण की आग में जल रहा था। आरक्षण के दौरान हुए दंगों की वजह से शहर में कर्फ्यू लगाया गया था। उस वर्ष दहशरा कर्फ्यू के बीच पड़ा था। इसके बावजूद प्रशासन की तरफ से सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं को रावण दहन करने के लिए तीन घंटे का समय दिया गया था।

# हनुमान जी ने उठाया पहाड़, कुम्भकरण का हुआ वध


एनएच पांच में श्री धार्मिक राम लीला कमेटी के मंच पर लक्ष्मण मूर्छा का मंचन करते कलाकार।

**फरीदाबाद।** श्री धार्मिक लीला कमेटी के मंचन में हनुमान पहाड़ ऊठाकर उड़ते हुए आये और कुम्भकरण का वध हुआ। हुनमान को कालनेमि राक्षस साधू बनकर मारना चाहता है, लेकिन हनुमानजी उसे पहचान जाते हैं और उसका वध कर देते हैं।

रामलीला के डायरेक्टर हरीश चंद्र आजाद ने बताया कि दूसरे दृश्य में हनुमान पहाड़ उठाकर लाते हैं और लक्ष्मन के प्राण बचाते हैं। किसी भी रामलीला में पहली बार एलईडी पर हनुमान पहाड़ ऊठाकर ऊड़ते हुए दिखाये गए। जिसकी शूटिंग दिल्ली स्टूडियो में की गई। इस दृश्य को दर्शकों ने इतना सराहा कि लंबे समय तक पंडाल तालियों से गूंजता रहा। अगले दृश्य में रावण सीता को मायावी विद्या से राम व लक्ष्मन के कटे हुए सिर दिखाता है और कहता है कि राम-लक्ष्मन मारे गये हैं। जिससे सीता बेहोश हो जाती है। तब रावण के जाने के बाद त्रिजटा सीता को बताती है कि यह सब मायावी था। अगले दृश्य में राक्षस कुम्भकरण को नींद से जगाते हैं। यह दृश्य बच्चों को बहुत आन्नदित करता है। फिर रावण कुम्भकरण को युद्ध के लिये भेजता है। अंतिम दृश्य में राम व कुम्भकरण का भंयकर युद्ध होता है व राम के हाथों कुम्भकरण मारा जाता है। किरदारों में कुम्भकरण बने दीपक नागपाल, राम बने जितेश गेरा, लक्ष्मण राजू खरबंदा, सीता रिद्वी खरबंदा, रावण तेजिन्द्र खरबंदा, सुग्रीव कपिल शर्मा, विभीषण रमन और हनुमान रोहित खरबंदा बने।

# वर्ल्ड स्टूडेंट्स डे : डॉ एपीजे अब्दुल कलाम को किया नमन

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**


एनएच तीन में जागरुकता रैली को झंडी दिखा कर रवाना करते डीएलसीए के पैनल एडवोकेट रविंद्र गुप्ता।

**विश्व** छात्र दिवस (वर्ल्ड स्टूडेंट्स डे) भारत के मिसाइल मैन के नाम से विख्यात और पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के जन्म दिवस 15 अक्टूबर पर मनाया जाता है। वर्ष 2010 में संयुक्त राष्ट्र ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के 79वें जन्म दिवस को विश्व छात्र दिवस के रूप में मनाये जाने की घोषणा की थी। तभी से 15 अक्टूबर को पूरे विश्व में वर्ल्ड स्टूडेंट्स डे के रूप में मनाया जाता है।

शिक्षा विभाग के आदेशानुसार राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनएच तीन फरीदाबाद की जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स, लीगल लिटरेसी क्लब और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत वर्ल्ड स्टूडेंट् डे पर जागरुकता रैली का आयोजन करते हुए प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक व पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को नमन किया। ब्रिगेड, जूनियर रेडक्रॉस प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एसेस टू जस्टिस फार आल के अंतर्गत सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में लीगल अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

डॉ. कलाम को अध्यापक से लगाव था और उनकी हमेशा रही कि लोग उन्हें हमेशा एक अध्यापक के रूप में जानें। डॉ. कलाम को पीपल्स प्रेसीडेंट के रूप में भी जाना जाता है। मनचंदा और कॉर्डिनेटर डॉक्टर जसनीत कौर ने कहा कि डॉ. कलाम वर्ष 2002 से 2007 तक भारत के राष्ट्रपति रहे और वे भारत के 11वें राष्ट्रपति के साथ ही, विख्यात वैज्ञानिक, थिंकर, फिलॉस्फर और अध्यापक भी थे और उन्हें विभिन्न प्रतिष्ठित पुरस्कार और सम्मान से अलंकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत कानूनी सहायता प्रकोष्ठ के माध्यम से डीएलएसए के पैनल एडवोकेट रविंद्र गुप्ता और शिव कुमार ने बच्चों को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया। प्रधानाचार्य और पैनल अधिवक्ता ने विश्व स्टूडेंट दिवस पर कानूनी साक्षरता रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। कॉर्डिनेटर डॉक्टर जसनीत कौर, सतबीर पवार, संजय मिश्रा, शिवम, प्रवीण, दीपिका, ऋतु और छात्रा निशा, सृष्टि, भूमिका, कविता, रजनी और साक्षी सहित अन्य बालिकाओं ने रैली में भागीदारी की।

## आरपीसीए पाली ने 36 रन से जीता मैच

**फरीदाबाद।** गुरु द्रोणाचार्य क्रिकेट अकादमी गुरुग्राम क्रिकेट के मैदान पर प्रैक्टिस मैच खेला गया। मैच में आरपीसीए पाली ने गुरु द्रोणाचार्य क्रिकेट अकादमी को 36 रन से हराया। बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि आरपीसीए पाली की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 37 ओवर में 10 विकेट पर 220 रन बनाए।

यश अधाना ने 41 रन, खुश गौतम ने 41 रन, करण डेढा 31 रन, करण ने 31 रन और हरीश भड़ाना ने 15 रन बनाए। गुरु द्रोणाचार्य क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज कुलदीप आशीष व नितिन रिया ने दो-दो विकेट ली। सचिन रावत ने एक विकेट ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए गुरु द्रोणाचार्य क्रिकेट अकादमी ने 40 ओवर में 7 विकेट में 184 रन ही बना सकी। सचिन ने 30 रन, कुलदीप ने 29 रन, प्रतुश ने 26 रन, वीरांग ने 25 रन बनाए। आरपीसीए पाली टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए हरीश भड़ाना ने 4 विकेट, करण डेढा ने दो विकेट, भारत रावत ने एक विकेट ली। इस मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार हरीश भड़ाना को दिया गया।

# ग्रेड कोलंबस देगा विद्यार्थियों को कलाम स्कॉलरशिप

## जूनियर कलाम स्कॉलरशिप के जरिये की जाएगी बच्चों की आर्थिक मदद : शर्मा

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**


दीपिका शर्मा

**सेक्टर-16ए** स्थित ग्रेंड कोलंबस इंटरनेशन स्कूल की तरफ से एपीजे अब्दुल कलाम के जन्मदिन पर कलाम स्कॉलरशिप देने की घोषणा की गई है। जिसके तहत स्कूल की प्रिंसीपल दीपिका शर्मा ने बताया कि स्कॉलरशिप पहले 9वीं से 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों को दी जा रही थी।

स्कूल के विद्यार्थियों को दी जा रही स्कॉलरशिप को कलाम के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर बढ़ा दिया है। उन्होंने बताया कि यहां शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों को यह स्कॉलरशिप अब पहली से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए भी उपलब्ध कराई जाएगी। बताया कि इससे जहां बच्चों को पढ़ाई पूरी करने में मदद मिलेगी। वहीं अभिभावकों पर भी बच्चों की फीस का बोझ कम होगा।

**80 प्रतिशत वालों को लाभ :** ग्रेंड कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसीपल दीपिका शर्मा ने बताया कि 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले बच्चों को यह स्कॉलरशिप प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि पहली से आठवीं कक्षा तक यह स्कीम पहले 50 लड़कियों और पहले 25 लड़कों को दी जाएगी। उन्होंने कलाम स्कॉलरशिप के बारे में बताया कि पहली से आठवीं तक शुरू की गई जूनियर कलाम स्कॉलरशिप में पहली और दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए किसी तरह की कोई प्रवेश परीक्षा नहीं होगी, लेकिन बेसिक राइटिंग टेस्ट उन्हें देना होगा। जिसमें राइटिंग और कम्प्युनिकेशन स्किल की जांच की जाएगी। जिसके बाद उन्हें इसका फायदा मिलेगा।

**छह सालों से दे रहे स्कॉलरशिप :** दीपिका शर्मा ने बताया कि स्कूल यह स्कॉलरशिप बच्चों को पिछले छह सालों से दे प्रदान कर रहा है। उन्होंने बताया कि यह स्कीम उन बच्चों के लिए है, जो मेधावी हैं और शिक्षा के लाभ से वंचित रह जाते हैं। स्कीम के तहत उन बच्चों के भविष्य को संवारने का काम स्कूल द्वारा किया जाएगा।

# जीवा स्कूल में मनाया दशहरा पर्व

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**


दशहरे के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे।

**सेक्टर 21बी** स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में छात्रों ने दशहरे पर्व ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों ही तरीकों से मनाया गया। छात्रों का यह एक अद्भुत व अनोखा प्रयास है। विद्यालय में प्रात:काल सभी कक्षा के छात्रों ने प्रार्थना-सभा के दौरान अपनी-अपनी कक्षा में परम्परागत तरीके से एवं पूर्ण श्रद्धा के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया।

सर्वप्रथम छात्रों ने देवी दुर्गा की स्तुति की व श्री राम के भजनों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शारदीय नवरात्रि भगवान राम के द्वारा की गई मां दुर्गा की अराधना का प्रतीक माना जाता है। संपूर्ण भारत में शरद नवरात्रि को शक्ति की उपासना, अधर्म की पराजय और धर्म की विजय के रूप में मनाया जाता है। विद्यालय के प्राइमरी के छात्रों ने रंग-बिरंगे परम्परागत भारतीय वेशभूषा के साथ देवी दुर्गा को समर्पित भजन और गीत प्रस्तुत किए। कुछ छात्रों ने अत्यंत आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए। नन्हे-मुन्ने छात्रों ने रामायण का भी संक्षेप में मंचन किया। जो वास्तव में आकर्षण का केंद्र रहे, साथ ही छात्रों ने क्रोध और लोभ आदि के त्याग का संदेश दिया। छात्रों को विद्यालय के ऑडीटोरियम में रामायण पर आधारित एक डॉक्युमेंट्री मूवी दिखाई गई। उच्च कक्षाओं में छात्रों ने प्रार्थना सभा के दौरान दशहर पर्व की विशेषताओं और महत्व पर विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में अपनी संस्कृति एवं परम्पराओं का आदर, सम्मान व माता-पिता के प्रति कर्त्तव्य पालन करने की भावनाओं का समावेश करना है। वहीं विद्यालय के छात्रों ने इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज को अद्भुत व उच्च कोटि का संदेश दिया, परिस्थिति कैसी भी हो हमें अपनी सोच को सकारात्मक ही रखना चाहिए एवं कठिन समय को भी उचित अवसर में बदलना चाहिए।

विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान ने दशहरे के उपलक्ष्य पर सभी को संदेश दिया कि देवी दुर्गा समस्त जगत का कल्याण करें। साथ ही उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन में सदैव धर्म का आचरण करना चाहिए। विद्यालय की उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान ने भी सभी कक्षाओं का अवलोकन किया व इस उल्लेखनीय प्रयास की सराहना की व सभी के लिए मंगल कामना भी की। विद्यालय की एकेडमिक एंड एक्सीलेंस हेड मुक्ता सचदेव एवं प्रधानाचार्य अपर्णा शर्मा ने भी नवरात्रों के उपलक्ष्य में सबको शुभकामनाएं दी।

# संक्षिप्त समाचार

## डीएसपी की बेटी ने अमेरिका में जीते चार गोल्ड मेडल


अमेरीका के पेरू में हुई स्टेंडर्ड शूटिंग प्रतियोगिता में चार गोल्ड जीतने के बाद मेडल दिखाती डीपीएस की छात्रा रिदम सांगवान।

**फरीदाबाद।** दक्षिण अमेरिका के पेरू में 27 सितंबर से 10 अक्टूबर तक आयोजित विश्व जूनियर शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में नारनौल में कार्यरत डीएसपी नरेंद्र सांगवान की बेटी रीदम सांगवान ने चार गोल्ड जीतकर हरियाणा ही नहीं अपितु देश का नाम रोशन किया है। इतना ही नहीं दो प्रतियोगिता में तो रीदम ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के रिकॉर्ड भी बनाये हैं। सत्रह वर्षीय रीदम सांगवान फरीदाबाद के डीपीएस स्कूल में 12वीं कक्षा की छात्रा है। अमेरिका में आयोजित प्रतियोगिता में रीदम सांगवान गर्ल्स एवं ब्यॉज की स्टेंडर्ड शूटिंग प्रतियोगिता में सर्वाधिक अंक लेकर विश्व में प्रथम स्थान पर रही है। रीदम के पिता डीएसपी नरेंद्र सांगवान ने बताया रीदम ने 25 मीटर की स्टेंडर्ड पिस्टल, 25 मीटर रैपिड मिक्स, 10 मीटर की एयर पिस्टल टीम और 25 स्पोर्ट्स पिस्टल टीम में गोल्ड मेडल हासिल किये हैं। बताया कि एयर पिस्टल कैटेगरी में 600 में से 577 अंक लेकर रीदम सर्वाधिक अंक लेने वाली भारत की पहली खिलाड़ी बन गई हैं। स्टेंडर्ड पिस्टल प्रतियोगिता में 600 में से 573 अंक प्राप्त किए हैं। रीदम की इस उपलब्धि पर उसके परिवार में खुशी व जश्न का माहौल है। रीदम ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ-साथ अपने कोच विनीत कुमार को भी दिया है। रीदम ने बताया कि उसके पिता व माता न केवल उसे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं बल्कि खेलों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते रहे हैं। रीदम के अनुसार उनके माता-पिता द्वारा किए हौसला अफजाई का ही परिणाम है कि आज उसने विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में 4 गोल्ड मेडल प्राप्त करके अपने माता-पिता के साथ साथ प्रदेश व देश का नाम रोशन किया है।

## श्री बांके बिहारी मंदिर में हवन यज्ञ और कन्या पूजन


एनच पांच स्थित बांके बिहारी मंदिर में नवमी के अवसर पर हवन करते महंत ललित गिरी गोस्वामी व भक्त गण।

**फरीदाबाद।** दुर्गा नवमी राम नवमी के अवसर पर श्री बांके बिहारी मंदिर प्रांगण में शारदीय नवरात्रों के समापन पर विधि विधान से हिमाचल से आई मां ज्वालाजी की पूजा अर्चना महंत ललित गिरी गोस्वामी उनकी धर्मपत्नी महिला मंडल प्रधान मीनाक्षी गिरी गोस्वामी, अशोक अरोड़ा और उनकी धर्मपत्नी सुनीता अरोड़ा, एनएल गोसाईं ने की। पंडित विनोद शास्त्री, मनीष दुबे, प्रदीप शास्त्रीजी के मंत्रोच्चारण द्वारा गणपति पूजन, कलश पूजन, महाकाली मां, वैष्णो मां व सरस्वती का पूजन नवग्रह पूजन कराया। आरती और कन्या पूजन के बाद महंत ललित गिरी गोस्वामी ने सबको नवरात्रों की बहुत-बहुत बधाई दी। प्रसाद रूप में ज्वाला ज्योति फल का प्रसाद तथा हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। पवित्र कार्य में महंत ललित गिरी गोस्वामी, मीनाक्षी गिरी गोस्वामी, सरपरस्त एनएल गोसाईं, अशोक अरोड़ा-सुनीता अरोड़ा, पूनम अरोड़ा, राजेन्द्र गुलाटी, पीयूष गुलाटी, सतीश अरोड़ा पदाधिकारियों के अलावा काफी संख्या में बुजुर्ग, महिला तथा बच्चे उपस्थित थे। महंत ललित गिरि गोस्वामी ने बताया कि कल माँ जवाला जी वापिस हिमाचल प्रदेश प्रस्थान करेंगी।

## जिले में 13698 लोगों को लगा टीका


डॉ. मनोज की देखरेख में स्टाफ उषा से टीका लगवाते हुए प्रमोद

**फरीदाबाद।** जिले में बृहस्पतिवार को 13698 लोगों ने कोरोना से बचाव का टीका लगवाया। जिसमें सरकारी केन्द्रों पर हेल्थ केयर वकरों में सैकेंड डोज 20 लोगों ने लगवाई। वहीं फ्रंट लाई वकरों में सैकेंड डोज 35 लोगों ने और 18 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज 2128 तथा सैकेंड डोज 4250 लोगों ने लगवाई। 45 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज 540 और सैकेंड डोज 4534 लोगों ने लगाई। वहीं 60 प्लस आयुवर्ग में 133 ने प्रथम और सैकेंड डोज 1850 लोगों ने लगवाई। निजी अस्पतालों में 18 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज 34 ने और सैकेंड डोज 133 लोगों ने लगवाई। 45 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज दो ने और सैकेंड डोज 23 लोगों ने लगवाई। इसी के साथ 45 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज दो और सैकेंड डोज 23 लोगों ने लगवाई। 60 प्लस आयुवर्ग में एक ने पहली और सैकेंड डोज तीन लोगों ने लगवाई।

## उठ प्रिय भाई, दशा तुम्हारी देख राम की अखियां भर आयी


एन एच वन स्थित विजय राम लीला के मंच पर लक्ष्मण मूर्छा का मंचन करते कलाकार।

**फरीदाबाद।** विजय रामलीला कमेटी मार्केट नम्बर 1, फरीदाबाद के इतिहासिक मंच पर दिखाया गया अति मार्मिक दृश्य- लक्ष्मण मूर्छा। मेघनाथ (लखन वर्मा) ने बरछी मार कर किया लक्ष्मण (प्रिंस) को मूर्छित। हनुमान (अरुण भाटिया) उन्हें मूर्छित अवस्था में ले गए राम के पास, हनुमान के किरदार में अरुण भाटिया द्वारा लक्ष्मण की इस हालत पर अपनी लापरवाही बता अफसोस व्यक्त करना व डायलॉग डिलीवरी ने सभी का मन मोह लिया। राम का किरदार निभाने वाले सौरभ के विलाप को देख दर्शकों की आंखें हुई नम। इसके बाद हनुमान संजीवनी बूटी लाने दुनागिरी पर्वत पर गए। जहां उनका युद्ध कालमयी नामक राक्षस (सुखविंदर सिंह) से हुआ उसका वध कर हनुमान जी बूटी लेकर पोहंचे लंका जहां सुखेन वैद ने लक्ष्मण के प्राण बचाये। संगीत निर्देशक स्वर्गीय विश्व बंधु शर्मा द्वारा रचित गीत दिन कभी ऐसे भी आएंगे। ये मालूम न था ने सभी को रोने पर मजबूर कर दिया इसके बाद दिखाया राम और कुम्भकर्ण के बीच घमासान युद्ध और अंत में कुम्भकर्ण मारा गया। आज इसी मंच पर होगा मेघनाथ, अहिरावण और रावण वध।

## कोरोना के तीन पॉजिटिव मरीज आए सामने


अब्दुल से कोरोना जांच कराती सुमन।

**फरीदाबाद।** जिले में बृहस्पतिवार को तीन नए कोरोना संक्रमित मरीज सामने आए हैं। वहीं एक मरीज ने कोरोना की जंग जीत ली है। जिससे जिले में रिकवरी रेट भी 99.28 प्रतिशत पर पहुंच गया है। जिस कारण जिले में एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा छह पर पहुंच गया है। जबकि कई लोग कोरोना को मात देकर स्वस्थ हो चुके हैं। जिला में कोरोना संक्रमण की रफ्तार पर ब्रेक लगाने के लिए टेस्टिंग और वैक्शीनेशन पर जोर दिया जा रहा है। जिले में पिछले 24 घंटे में 1447 लोगों के टेस्ट किए गए। जबकि अब तक जिला में 1156524 लोगों द्वारा टेस्ट करवाया गया। इनमें से 99865 लोग कोराना पॉजिटिव पाए गए। जबकि 1055284 लोग नेगेटिव मिले। अब तक जिला में 1375 लोगों के रिजल्ट आने बाकी है। उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने जिला वासियों से अपील की है कि वे अब भी निरन्तर कोरोना को मात देने के लिए सावधानी बरतते रहें और कोशिश करें कि अपने घर के अंदर ही रहें। जब तक बहुत जरूरी ना हो, तब तक घर से बाहर ना निकलें। बाहर निकलते समय अपने मुंह और नाक को कवर करते हुए फेस मास्क का प्रयोग अवश्य करें। कोरोना के बारे में कोई भी जानकारी लेनी हो तो कॉविड हेल्पलाइन नंबर 1950 पर डायल करें जो कि सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे संचालित की जा रही है।

## छठ पूजा
### गरमाई राजनीति

**जैसी** कि उम्मीद थी, दिल्ली में त्योहारी मौसम पर राजनीति हावी हो गई है। सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी तथा भारतीय जनता पार्टी 10 नवंबर को होने वाली छठ पूजा में जनता की सहभागिता के मामले में आमने-सामने आ गए हैं। दोनों ने जानबूझ कर 'उत्तराचंलियों', यानी बिहार व पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों को इस विवाद में समेट लिया है। 2020 में जब सारा देश कोविड-19 के घातक शिकंजे में जकड़ा हुआ था, पुलिस को कुछ नहीं करना पड़ा था क्योंकि केन्द्र व राज्य सरकारों ने सभी त्योहारों को सार्वजनिक रूप से मनाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। उस समय आप या भाजपा या कोई और छोटा-मोटा धार्मिक संगठन त्योहार मनाने की नहीं सोच सकता था। लेकिन इस बार वैश्विक महामारी की स्थिति में सुधार है और राजनीति ने एक बार फिर अपना सिर उठाया है। इसकी शुरुआत दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति द्वारा 29 सितंबर को जारी आदेश से हुई है जिसमें राज्य में 1 जनवरी, 2022 तक पटाखे बेचने या दगाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। उत्तर प्रदेश के बाद राजस्थान और हरियाणा इस साल इस मुद्दे पर अभी खामोश हैं। चूंकि पटाखों का मुद्दा सीधे प्रदूषण से जुड़ा है, इसलिए पार्टियां इससे राजनीतिक लाभ प्राप्त करने की ज्यादा उम्मीद नहीं करती हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने भी कहा था कि वह रसायनों वाले पटाखों के प्रयोग की अनुमति देकर जीवन के अधिकार को खतरे में नहीं डालना चाहता है।



दिल्ली सरकार ने पटाखों पर प्रतिबंध के बाद एक आदेश द्वारा सार्वजनिक स्थलों, सार्वजनिक मैदानों, नदियों के किनारे और मंदिरों में छठ पूजा मनाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। दिल्ली आपदा प्रबंधन अधिकरण-डीडीएमए ने वैश्विक महामारी का हवाला देते हुए लोगों से इसे घरों में मनाने की सलाह दी है। दिल्ली के उप-राज्यपाल अनिल बैजल ने डीडीएमए की उस बैठक की अध्यक्षता की थी जिसमें दिल्ली के मंत्रियों के साथ ही एम्स दिल्ली, नीति आयोग के वरिष्ठ अधिकारी, आईसीएमआर तथा एनडीएमए उपस्थित थे। आश्चर्यजनक है कि इसी डीडीएमए ने रामलीला व दुर्गा पूजा पर बड़े आयोजनों से नियंत्रण अटा लिया है, हालांकि सुरक्षा प्रोटोकाल अभी लागू हैं। सोशल डिस्टेंसिंग तथा अन्य कोविड उपयुक्त व्यवहारों का पालन करने की स्थिति में इन आयोजनों में भीड़ की अनुमति दी गई है। दिल्ली सरकार द्वारा रामलीला के आयोजनों में भीड़ की अनुमति के मामले में दिल्ली सरकार के साथ सहमति जताने वाली भाजपा ने छठ पूजा पर प्रतिबंध लगाने का विरोध किया है। इसके साथ ही उसने दिल्ली में रहने वाले 'उत्तरांचलियों' का मुद्दा उठा कर कई प्रदर्शन किए। राष्ट्रीय राजधानी में राजनीति गरमाने के साथ ही दिल्ली के उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने केन्द्र को छठ संबंधी दिशानिर्देश जारी करने के लिए लिखा। शायद वे दिल्ली में 'उत्तरांचलियों' की बड़ी संख्या होने के कारण उनको नाराज करने के राजनीतिक प्रभावों से परिचित हैं। सिसोदिया ने याद दिलाया कि छठ पूजा एक ऐतिहासिक त्योहार है और उन्होंने इस मनाने के तरीके तथा लोगों की इसमें सहभागिता पर केन्द्र से दिशानिर्देश मांगे हैं। क्या उन्होंने सुविधाजनक रूप से यह तथ्य भुला दिया कि उनकी सरकार ने आयोजनों पर प्रतिबंध लगा दिया है और इस बैठक में उप-राज्यपाल तथा केन्द्रीय कोविड टास्क फोर्स के लोग उपस्थित थे? अथवा वे परोक्ष रूप से इसकी जिम्मेदारी केन्द्र सरकार पर डालना चाहते हैं? किसी भी स्थिति में त्योहारों के दौरान सुरक्षा दिशानिर्देश लंबे समय से अतार्किक होने के कारण निष्प्रभावी सिद्ध होते रहे हैं। इनमें उदाहरणार्थ भीड़ द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराने का कोई रास्ता नहीं है।

# लखीमपुर कांड पर जारी राजनीति

विरोध प्रदर्शन का विशेष उद्देश्य तथा इसमें समस्या समाधान का तरीका होना चाहिए। इसका अर्थ नियम से स्वतंत्र बेलगाम कार्रवाई नहीं हो सकता है।



**विवेक गुमास्ते**
(लेखक राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)




लखीमपुर खीरी की घटना में किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान आठ लोगों ने अपनी जान गंवा दी। यह भयानक त्रासदी है और इससे बचा जा सकता था। विडंबना है कि यह एक आसन्न विभीषिका का संकेत भी है। काफी समय से दुष्ट तत्वों की राजनीतिक सक्रियता बढ़ रही थी। जानबूझ कर दिखाई जाने वाली जिद तथा विचारहीन उकसावों के कारण तनाव बहुत बढ़ गया था। प्रदर्शनकारियों में बढ़ती निराशा और गुस्सा लंबे समय से जारी आंदोलन के कारण है और इसक फट पड़ने की आशंका थी। इस स्थिति में सीधे टकराव भी अपरिहार्य हो गया था। यह विस्फोट 3 अक्टूबर को हुआ जब कथित रूप से केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा के काफिले से प्रदर्शनकारी किसानों का एक समूह कुचल गया जिसमें चार किसान मारे गए। इन मौतों से आक्रोशित हुए प्रदर्शनकारियों ने तोड़फोड़ की, भाजपा सदस्यों को कारों से बाहर घसीट लिया और उनमें से चार लोगों को निर्दयता से पीट-पीट कर मार डाला।

इस भयानक घटना के विस्तृत विवरण अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। किसान प्रदर्शनकारी जगजीत सिंह द्वारा दायर की गई प्रथम सूचना रिपोर्ट में कहा गया है, 'हम महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज मैदान में शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे थे, जब केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा अपनी एसयूवी में दो अन्य चारपहिया वाहनों के साथ तेजी से आए जिनमें हथियार तथा गोला बारूद भरा था। महिंद्रा थार कार में बांई ओर बैठे आशीष मिश्रा ने गोलियां चलाईं तथा आगे बढ़ते वाहन से लोगों को कुचल दिया।' लेकिन अजय मिश्रा ने इसका खंडन करते हुए दावा किया है कि 'वाहन पर उस समय पत्थर चलाए गए जब वे मुख्य अतिथि को बुलाने के लिए जा रहे थे। इससे ड्राइवर का संतुलन बिगड़ गया और हो सकता है कि कुछ लोग इस दुर्घटना में मर गए हों।

वाहन में बैठे मेरे ड्राइवर तथा तीन भाजपा कार्यकर्ताओं का पीछा किया गया, उन पर पत्थर बरसाए गए तथा उन पर लाठियों व तलवारों से हमला कर भीड़ ने उनको मार डाला।'

अजय मिश्रा ने पहले इस बात से इनकार किया था कि उनका बेटा घटनास्थल पर था। इस चरण पर यह तय करना कठिन है कि इन दो परस्पर विरोधी वर्णनों में से कौन सही है। लेकिन घटना के अनेक आनलाइन वीडियो सामने आए हैं जिनसे संकेत मिलता है कि शुरुआती चरण में पत्थरबाजी इस भयानक घटना का कारण बनी। लेकिन इसके बावजूद एक समुचित जांच की आवश्यकता है ताकि दोषी का पता लगा कर उसे कानून के अनुसार दंड दिया जा सके। स्थिति को देखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना की उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश द्वारा न्यायिक जांच के आदेश दे दिए हैं। लेकिन विडंबना है कि जांच की मांग करने के साथ ही एक खतरनाक व दुष्टतापूर्ण विमर्श मीडिया के कुछ हिस्सों द्वारा तैयार किया जा रहा है।

यह स्थिति परेशान करने वाली व चिन्ताजनक है। इस मामले में पक्षपाती दृष्टिकोण अपनाते हुए एक पक्ष का समर्थन किया जा रहा है तथा कुछ मृतकों को दूसरों की तुलना में ज्यादा महत्वपूर्ण बताया जा रहा है। इन सबका उद्देश्य सरकार को कटघरे में खड़ा करना है, जबकि अभी प्रकरण में दोषियों का पता लगाया जाना बाकी है। एक प्रमुख समाचारपत्र के अनुसार यह व्यापक विरोध प्रदर्शन से निपटने की भाजपा की रणनीति का हिस्सा है। वह मुद्दे को लंबा खींच कर प्रदर्शनकारियों को थकाना चाहती है तथा उनको 'देश-विरोधी' व अन्य विशेषण देकर उनकी वैधता समाप्त करने के सक्रिय प्रयास कर रही है। ऐसे में मामला भड़कने पर वह बैरीकैडों और बल का प्रयोग करती है। वह इसे पुलिस राज्य की तरह कानून-व्यवस्था के मुद्दे की तरह व्यवहार करती है तथा प्रदर्शन या हिंसा के स्थल पर विपक्षी नेताओं को नहीं जाने दे रही है, जबकि वहां जाना निश्चित रूप से राजनेताओं तथा जन-प्रतिनिधियों का काम है। पहले तो ऐसे संवेदनशील मामले में काल्पनिक सिद्धान्तों के आधार पर पहले से ही किसी को दोषी ठहराना उचित नहीं है।

दूसरा, भाजपा की कार्यशैली को परिभाषित करने के लिए 'बैरीकैड और बल प्रयोग' शब्दों का प्रयोग उचित नहीं है। इस प्रकार के संपादकीय द्वारा सुनवाई के पहले ही भाजपा को दोषी ठहरा दिया गया है। बिना प्रमाणों के ऐसे कथन अनुचित व भ्रामक हैं। इसके साथ ही विपक्षी नेताओं को बाहर रखने के लिए सरकार को दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। सरकार का इरादा स्थिति को शांतिपूर्ण बनाए रखना तथा शांति स्थापना है। वास्तव में यह कदम किसान नेता राकेश टिकैत की सलाह पर उठाया गया था। कुछ खबरों के आधार पर उनको डर था कि राजनेता इस स्थिति का लाभ उठाने का प्रयास कर सकते हैं।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या इस घटना से बचा जा सकता था? विरोध और विरोध प्रदर्शन लोकतंत्र का अविभाज्य अंग हैं। लेकिन हमें यह भी अवश्य स्वीकार करना चाहिए कि विरोध प्रदर्शन कोई अंतिम लक्ष्य न होकर एक रास्ता है और यह रास्ता भी अपने आप में संपूर्ण नहीं है। किसी भी विरोध प्रदर्शन को वैध होने के लिए इस विरोध प्रदर्शन का विशेष उद्देश्य तथा इसमें समस्या समाधान का तरीका होना चाहिए। यह किसी भी नियम से स्वतंत्र बेलगाम कार्रवाई नहीं हो सकता है। एक लंबा और दिशाहीन विरोध प्रदर्शन निराशा, हिंसा और हत्याओं के लिए उपजाऊ जमीन तैयार करता है। जैसा कि इस घटना से स्पष्ट है, समाज-विरोधी तत्व भी ऐसी स्थितियों का लाभ उठाने के लिए तैयार रहते हैं। सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस खानविलकर ने 1 अक्टूबर को एक किसान संगठन द्वारा जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति मांगने का जवाब देते हुए किसानों के इस सवाल पर उचित टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था, 'आप कह रहे हैं कि आप प्रदर्शन का अधिकार चाहते हैं। यह प्रदर्शन किस बात पर है? कानून को अदालत ने स्थगित कर दिया है। केन्द्र ने कहा है कि वह इसका क्रियान्वयन नहीं करेगा।' लखीमपुर में हुई मौतों के संदर्भ में भी सम्मानित जज ने जवाबदेही की कमी पर जोर देते हुए कहा, 'जब ऐसी घटनायें होती हैं, तो कोई उनकी जिम्मेदारी नहीं लेता है।' किसानों के विरोध प्रदर्शन में हिंसा की घटना पहली बार नहीं हुई है। 26 जनवरी अभी हमारे दिमागों में ताजा है। किसानों का विरोध आंदोलन अपनी सार्थकता खो चुका है।

लंबे समय से खींचे जा रहे आंदोलन ने इस गंदे टकराव के लिए उपजाऊ जमीन तैयार कर दी है। थोड़ी समझदारी से इस स्थिति से बचा जा सकता था। समय आ गया है कि लखीमपुर जैसी अन्य घटनायें रोकने के लिए किसानों का विरोध आंदोलन वापस लिया जाए। इसके साथ ही आठ लोगों में से प्रत्येक की मौत के दोषियों को दंड दिया जाए। वे चाहे जो हों, उनको फौरन गिरफ्तार कर अभियोजन चलाया जाए तथा कानून के अनुसार कठोरतम दंड दिया जाए।

# स्वास्थ्यरक्षा ढांचे का परीक्षण आवश्यक



**हर्षवर्धन**
(लेखक ईआरपी साल्यूशंस के अध्यक्ष हैं)

देश में पिछले लगभग डेढ़ साल से अधिक समय से चले आ रहे कोविड -19 संक्रमण के बढ़ते मामलों से निपटने के लिए अस्पताल के बेड, वेंटिलेटर, चिकित्सा उपकरण और डॉक्टरों और नर्सों की कमी की रिपोर्ट ने दुनिया भर में स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे के डिजिटल परिवर्तन में तेजी लाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। आधुनिक चिकित्सा को जीनोमिक्स, टेलीमेडिसिन, सर्जरी के लिए आभासी वास्तविकता और कई जैव-फार्मास्युटिकल अग्रिमों से समृद्ध किया गया है। लेकिन कई चिकित्सा प्रगति के पीछे, स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे का सही डिजिटल परिवर्तन - अस्पताल, रक्त और वैक्सीन बैंक, डायलिसिस के लिए केंद्र, एम्बुलेटरी सर्जरी, इमेजिंग और रेडियोलॉजी - धीमा है।

अन्य क्षेत्रों के विपरीत, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), 5जी कनेक्टिविटी, और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम बुद्धि) और मशीन लर्निंग (एएल/ एमएल) को सक्षम करने के लिए डिजिटल परिवर्तन स्वास्थ्य सेवा के लिए बहुत अधिक जटिल है। स्वास्थ्यरक्षा अवसंरचनना संबंधी नवीन पहलकदमियां तीन मुख्य मुद्दों से कम हो गई हैं और बना हुआ ह : पहला, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नियामक मानकों का अनुपालन; दूसरे, रोगी के रिकॉर्ड से लेकर एक्स-रे, सीटी स्कैन और अन्य एनालॉग या डिजिटल डेटा तक चिकित्सा डेटा के कई रूप; और तीसरा, परिवर्तन के प्रति अनिच्छा जो प्रशासकों को वास्तविक समय में प्रतिक्रिया, योजना और भविष्यवाणी करने की अनुमति देने के लिए एक स्पष्ट डिजिटल डैशबोर्ड को रोकता है।

परिष्कृत उपकरणों वाले कई अस्पतालों ने अभी तक चिकित्सीय निर्णय समर्थन और रीयल-टाइम अस्पताल कार्यप्रवाह को सक्षम करने के लिए मेडिकल रिकॉर्ड को पूरी तरह से कैप्चर और अद्यतित नहीं किया है, अकेले उन्हें दीर्घकालिक देखभाल और रोग प्रबंधन के साथ जोड़ देना चाहिए।



स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लिए एक सच्चे डिजिटल परिवर्तन की तैयारी के लिए योजनाकार और प्रशासक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) बुनियादी ढांचे में कैसे सुधार कर सकते हैं? कई महत्वपूर्ण कदम प्रक्रिया को किक-स्टार्ट या तेज कर सकते हैं। पहला है हेल्थकेयर हार्डवेयर के हर टचपॉइंट पर रीयल-टाइम डेटा कैप्चर बनाना या सक्षम करना। इसका अर्थ है सेंसर स्थापित करना, और उपकरण के अंतिम टुकड़े तक प्रत्येक सुविधा में और उच्च गति संचार को एम्बेड करना। दूसरा एक बार और सभी के लिए सूचना साइलो को तोड़ना है। अस्पताल के सिस्टम और डेटाबेस से गुजरने वाले डेटा को डिजीटल, सामंजस्यपूर्ण और साझा किया जाना चाहिए, रोगी के रिकॉर्ड, एक्स-रे और सीटी स्कैन से लेकर बुनियादी ढांचे के भीतर उपकरण और मशीनरी के प्रत्येक टुकड़े के कामकाज पर डेटा तक। इस अवरोध ने आईटी सलाहकारों और सिस्टम इंटीग्रेटर्स के दशकों के प्रयास को विफल कर दिया है। एक सामान्य प्रारूप में गोल्डन डेटा का एक प्रोटोकॉल संपूर्ण स्वास्थ्य सेवा उद्यम की दृश्यता को सक्षम करेगा। तीसरा, एक ही दृश्यता विभिन्न स्वास्थ्य प्रणालियों की अंत:क्रियाशीलता की सुविधा प्रदान कर सकती है - इलेक्ट्रॉनिक रोगी स्वास्थ्य रिकॉर्ड का विश्लेषण कोविद -19 संक्रमण प्रवृत्तियों और टीकों की मांग और उन्हें स्टोर करने या वितरित करने के लिए आवश्यक कोल्ड-चेन बुनियादी ढांचे के साथ किया जा सकता है। चौथा, स्वास्थ्य देखभाल की संपत्ति, चाहे वह सीटी स्कैनर हो, ऑपरेटिंग रूम या वेंटिलेटर हो, उपयोग और स्थान के स्तर पर नज़र रखी जानी चाहिए। यह टूटने की भविष्यवाणी करने, रखरखाव की योजना बनाने और चिकित्सा कर्मचारियों की अगली पारी को उनका पता लगाने में मदद कर सकता है।पांचवां, इस तरह की ट्रैकिंग अधिक महत्वपूर्ण सी-सूट निर्णयों का समर्थन करेगी जैसे कि परिदृश्य योजना जो संभावित उपकरण की कमी, पुर्जों की उपलब्धता, और अस्पताल की जनशक्ति योजना के साथ आपूर्तिकर्ताओं के साथ सेवा-स्तर के समझौतों को जांच सकती है। रखरखाव के लिए प्रोटोकॉल का मानकीकरण करके - क्लाउड-सक्षम रीयल-टाइम डेटा द्वारा सहायता - उत्पादकता में सुधार होगा।

छठा, एमआरओ सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रचलित इन्वेंट्री तकनीकी प्रबंधन के रूप में जानी जाने वाली अवधारणा से सबक लिया जाना चाहिए। जो अधिक डिजिटल रूप से सक्षम हैं, वे अगले स्तर तक बढ़ गए हैं - दोहराव को रोकने और हार्डवेयर को अधिक समझदारी से साझा करने के लिए इन्वेंट्री की लचीली पूलिंग। अंत में, हेल्थकेयर हार्डवेयर के संरक्षक चिकित्सा परिणामों का त्याग किए बिना एआई/एमएल में संभावित कदम उठा सकते हैं। इनमें सेंसर शामिल हैं जो नर्सों द्वारा जांच की तुलना में प्रत्येक रोगी के स्वास्थ्य डेटा की अधिक बार निगरानी कर सकते हैं, और चैटबॉट्स का उपयोग नर्सों या जूनियर डॉक्टरों को कुछ रोगी लक्षण होने पर प्रश्न पूछने की अनुमति देने के लिए या यह जांचने के लिए कि उपकरण का एक टुकड़ा कब सर्विसिंग के लिए भेजा जाना चाहिए।

एआई/एमएल के माध्यम से, स्वास्थ्यरक्षा हार्डवेयर को स्वयं को दुरुस्त करने के लिए प्रशिक्षित किया जा सकता है। यह प्रोटोकॉल के माध्यम से निर्देशात्मक रखरखाव सीख सकता है जो विफलताओं की भविष्यवाणी भी कर सकता है और साथ ही कार्रवाई करने की सिफारिश कर सकता है। समय के साथ, उपकरण का प्रत्येक प्रमुख टुकड़ा खुद को निर्देश दे सकता है कि रखरखाव के लिए कब तैयार किया जाए, संभावित जोखिम, और पूर्व-खाली उपाय जो इसे करने चाहिए।

कोविड -19 ने स्वास्थ्य प्रशासन के पीछे की सोच में दशकों में एक बार बदलाव की शुरुआत की है। अस्पताल के बीमार बिस्तर से बाहर निकलने और डिजिटल परिवर्तन को अपनाने का समय आ गया है।

## आप की बात

### अब सस्ता होगा खाद्य तेल

**भारत** सरकार ने पाम सोयाबीन एवं सूरजमुखी के तेल की कच्ची किस्मों पर मार्च 22 तक के लिए बेसिक कस्टम ड्यूटी घटा दी है इन पर लगने वाला कृषि उपकर कम किया गया है पाम सोयाबीन और सूरजमुखी के तेल की क्रूड वैरायटी पर कस्टम ड्यूटी अब क्रमश: 8.25 प्रतिशत, 5.5 प्रतिशत, 5.5 प्रतिशत होगी जो पहले 24.75 प्रतिशत थी। अगर भारत सरकार के इस निर्णय से आम जनता का भला होता है तो गरीब मध्यम वर्ग के लिए यह सरकार का एक बड़ा एवं महत्वपूर्ण कदम होगा ।एक लंबे समय से गरीब मध्यम वर्ग की रसोई से तेल, घी काफी दूर जा चुके हैं एवं उनकी किस माथापच्ची के साथ रसोई बनती है यह तो वही जानता है। एक दिहाड़ी मजदूर, एक रोज कमाने वाला मजदूर का दर्द ना समझने वाली सरकार अब अगर इन्हें आज खानपान में अभय दान दे रही तो यह एक सोने में सुहागा वाला कदम होगा। काफी समय से विपक्षी दल सरकार पर यह आरोप लगाते रहे हैं कि यह सरकार केवल पूंजी पतियों का ही समर्थन करती है उन्हें ही फायदा पहुंचाती है तो यह बात भी सत्य नजर आ रही थी मगर अब सरकार इस मोह जाल से बाहर आकर गरीबों की रसोई पर नजर डाल रही है तो यह हम सब के लिए काफी प्रशंसनीय बात है।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### विजयदशमी का संकल्प

**भारत** में विभिन्न त्योहारों की प्राचीन परंपरा रही है। हर त्योहार किस लिए होता है? शास्त्रों में बताया गया है। कई आक्रमणकारियों ने भारत पर शासन करने की कोशिश की। लेकिन वे समय-समय पर असफल होते रहे। वीर राजा-महाराजा ने उन्हें यहां से भगा दिया है। इसलिए जब भी उन्होंने दोबारा हमला किया और अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश की तो उन्हें मौके पर ही पीटा गया। यह सच्चा इतिहास है। लेकिन क्या हम इससे कुछ सीखते हैं? या बस इसे अस्थायी रूप से पढ़ें और इसके बारे में भूल जाएं? भारत पश्चिमी देशों की तुलना में प्रौद्योगिकी क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। वहीं दूसरी ओर समाज को परेशान करने वाली घटनाओं का ग्राफ भी बढ़ता ही जा रहा है। प्रगति और सामाजिक स्वास्थ्य के बीच उचित संतुलन होना चाहिए। लोगों के बीच कलह और दूसरों के हक का लूटने और अपना पेट भरने की प्रवृत्ति है। यह बहुत बढ़ गयी है। जो लोग इस विकृति से संतुष्ट हैं, उन्हें मानव कैसे कहा जा सकता है? देवी-देवताओं ने राक्षसों से लड़कर उन्हें सबक सिखाया है। देवताओं की भक्ति के साथ-साथ उनके गुणों को भी आत्मसात करना चाहिए। एक लोकतांत्रिक देश में, लोकतंत्र के आधार पर गलत कामों को मिटाने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए।

– **जयेश राणे**, मुंबई

### हिन्दी को सम्मान दें!

**एक** तरफ हम हिंदी को बढ़ावा देने में लगे है। वही दूसरी तरफ हम पालतू पशु पक्षियों को अंग्रेजी नामों से पुकारते है। जैसे स्वान का नाम जैकी या अन्य अंग्रेजी नाम रख कर बुलाते ,बातें करते है। हिंदी में कई सुंदर नाम हैं। फिर भी हम अंग्रेजी के पीछे न जाने क्यों पड़े रहते हैं। जब वातावरण में हिंदी का समावेश करेंगे तो स्वत: हिंदी भाषा से प्रेम होने लगेगा। हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व होना चाहिए। देखने में आ रहा है कि आजकल विदेशों में लोग हिंदी के चुम्बकीय आकर्षण को पहचानने लगे। वे धार्मिक भजन आदि वे बढ़िया ढंग से गा रहे है।अत: पशु पक्षियों के नाम हिंदी में रखे। हिंदी के प्रचार -प्रसार हेतु लेखन कार्य हिंदी में ही अनिवार्य करना होगा ताकि हिंदी लिखने की शुद्धता बनाई जा सके । मातृभाषा की सही स्तुति के लिए ये कार्य करना आवश्यक है ताकि मातृ भाषा का सही मायने में सम्मान हो सके। विधार्थियों को अपनी सृजनात्मकता ,मौलिक चिंतन को विषयान्तर्गत रूप से हिंदी व्याकरण और वर्तनी में सुधार की और ध्यान देना होगा।

– **संजय वर्मा**, मनावर, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**फिर भी,** मैं फड़नवीस को बधाई देता हूं। उनकी वजह से मुझे याद आया कि मैं चार बार सीएम रह चुका हूं।

– **शरद पवार**
राकांपा प्रमुख

**वीटी-4** टैंक पाकिस्तान-चीन रणनीतिक सहयोग और रक्षा सहयोग का एक और प्रतीक है। इसके शामिल होने से हमारी क्षमताओं को बढ़ावा मिलेगा।

– **पाकिस्तानी सेना प्रमुख**
कमर जावेद बाजवा





**पंजाब** में केवल दो या तीन प्रतिशत किसान ही आंदोलन का हिस्सा हैं। पंजाब में ज्यादातर लोग शांतिप्रिय हैं।

– **दुष्यंत गौतम**
राष्ट्रीय महासचिव भाजपा

# अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है दशहरा

## मुख्यमंत्री ने विजयादशमी पर्व के अवसर पर प्रदेशवासियों को दी हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने विजयादशमी पर्व के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि विजयादशमी का पर्व अधर्म पर धर्म, बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। इस दिन भगवान श्रीराम ने रावण का संहार किया था। सम्पूर्ण भारत में यह पर्व परम्परागत श्रद्धाभाव एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

योगी ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम सत्य, मर्यादा, न्याय, शांति, परोपकार और लोक कल्याण हेतु समर्पित थे। नैतिक, मानवीय और सामाजिक मूल्यों के प्रतीक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जीवन सद्मार्ग पर चलने एवं आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा प्रदान करता है। विजयादशमी का पर्व हमें आशा, उत्साह और ऊर्जा के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का संदेश देता है। विजयादशमी के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने आतंक, अन्याय एवं अधर्म के पर्याय रावण पर विजय प्राप्त की थी। विजयादशमी शक्ति उपासना का उत्सव है। नवरात्र के नौ दिन जगदम्बा की उपासना करके भक्तों में शक्ति का संचार होता है। भगवान राम के समय से यह दिन बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने विजयादशमी के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में कोविड 19 के प्रोटोकॉल का पूर्ण पालन करने की अपील की है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महानवमी पर गोरक्षनाथ मन्दिर, गोरखपुर में किया कन्या पूजन

# अयोध्या का दीपोत्सव इस बार होगा कुछ खास

## साढ़े सात लाख दीपक से जगमग होगी रामनगरी, प्रधानमंत्री के पहुंचने की भी है संभावना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधानसभा** चुनाव में जाने से पहले योगी सरकार रामनगरी अयोध्या का पांचवां दीपोत्सव इस बार कुछ खास होगा। दीपोत्सव में इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भी हिस्सा लेने की तैयारी है। पीएम के आगमन को लेकर अभी कोई घोषणा नहीं हुई है, लेकिन योजनाओं के क्रियान्यवन और दीपोत्सव को लेकर सरकार की तैयारी उनके अयोध्या में आने का संकेत हैं। सीएम योगी न्यू अयोध्या सिटी सहित अयोध्या के विकास से जुड़ी अनेक योजनाओं का पीएम के हाथों लोकार्पण और शिलान्यास कराके अपने धार्मिक एजेंडा को नयी धार देना चाहते हैं।

अगर ऐसा हुआ तो दोबारा अयोध्या आकर प्रधानमंत्री एक नया इतिहास रचेंगे। राम मंदिर के विवाद पर सुप्रीम कोर्ट के फैसला आने के पहले तक पीएम मोदी ने अयोध्या से दूरी बनाये रखी थी। मंदिर निर्माण का रास्ता साफ होने पर पीएम मोदी पहली बार भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुये थे। सूत्रों का कहना है कि सीएम योगी की तरफसे पीएमओ से समय मांगा गया है। राम की पैड़ी के पुनरुद्धार सहित अयोध्या के विकास से जुड़ी कई परियोजनाओं को नवंबर से पहले पूरा करने की भी कोशिश की जा रही है। बाहुबली और लगान फिल्मों का सेट तैयार करने वाले आर्ट डायरेक्टर चंद्रकांत देसाई से दीपोत्सव का सेट तैयार कराने की बातचीत चल रही है। पर्यटन व संस्कृति विभाग की ओर से दीपोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। अयोध्या जंक्शन के पुनर्विकास से जुड़े पहले फेज का कार्य भी नंबर में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। श्रीराम एयरपोर्ट के पहले फेज के निर्माण कार्य का टेंडर भी हो चुका है। दीपोत्सव पर ही रामायण क्रूज का उद्घाटन कराने की भी तैयारी है। प्रशासनिक गंभीरता बताती है कि दीपोत्सव का हिस्सा बनने के साथ ही प्रधानमंत्री कई परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी कर सकते हैं। जानकारों का कहना है कि अगर प्रधानमंत्री आते है तो उनका यह दौरा आध्यात्म के साथ राजनीति की दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वर्तमान कार्यकाल का यह आखिरी दीपोत्सव होगा। यूपी में अगले साल चुनाव हैं, इसलिए प्रधानमंत्री के अयोध्या जाने के कार्यक्रम को सियासी तौर पर भी देखा जा रहा है। सूबे की राजनीति में अयोध्या की बेहद खास भूमिका है। फिलहाल अयोध्या में विश्व की सबसे बड़ी रामलीला शुरू हो चुकी है।

मान्यता है कि भगवान राम के वनवास से लौटने की खुशी में दीपावली मनाई जाती है। योगी सरकार ने रामनगरी के आत्मा से जुड़े देश के इस मुख्य पर्व को दीपोत्सव का रूप देकर अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई। पांचवें दीपोत्सव पर सात लाख 50 हजार दिये जलाने का लक्ष्य रखा गया है। इससे पूर्व योगी सरकार के गठन पर वर्ष 2017 में पहले दीपोत्सव पर 1.87 लाख दीये जलाने का कीर्तिमान भी बनाया गया था। इसके बाद वर्ष 2018 में 3.11 लाख, 2019 में 4.51 लाख, 2020 में 5.51 लाख दिये जलाकर प्रतिवर्ष नया विश्व रिकार्ड बनाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में रामनगरी के दीपोत्सव का नाम दर्ज कराया गया।



फाइल फोटो

# यूपी की सब्जियों का लुत्फ लेंगे दुबई व शारजाह के शेख

- परवल, भिंडी, नेनुआ, कुंदरू और सूरन जैसी सब्जियां लेकर कार्गो विमान ने उड़ान भरी
- लंदन, दुबई, दोहा, कतर जैसे कई देशों में हरी मिर्च, बनारसी लंगड़ा आम, काला नमक चावल का हो चुका है निर्यात

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पूर्वांचल** की हरी सब्जियों ने एक बार फिर खाड़ी देशों की ओर उड़ान भरना शुरू कर दिया है। दुबई और शारजाह के शेख पूर्वांचल की पौष्टिक सब्जियों का स्वाद चख सकेंगे। बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट से एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान हरी सब्जियों को लेकर उड़ान भर दिया है। दो मीट्रिक टन के कार्गो में परवल, भिंडी, नेनुआ, कुंदरू और सूरन आदि सब्जियां हैं। 2020 में भी लंदन, दुबई, दोहाए कतर जैसे कई देशों में हरी मिर्च, बनारसी लंगड़ा आम, काला चावल निर्यात हो चुका है।

बिचौलियों को हटा कर किसान खाद्य पदार्थों का अब सीधा निर्यात कर रहा है। जिससे उनको अधिक मुनाफा मिल रहा है। योगी सरकार ने पूर्वांचल के किसानों के लिए एक्सपोर्ट को आसान बना दिया है। किसानों के समूह फार्मर प्रोडूसर आर्गेनाइजेशन के माध्यम से किसान बिना बिचौलियों के सीधे निर्यात कर रहे है। जिससे उनको अधिक मुनाफा हो रहा है। सरकार बिचौलियों को बीच से हटा कर किसानों की मेहनत का पूरा पैसा उनको दिलाना चाहती है। इन उपक्रमों के माध्यम से सरकार किसानों की आय दुगनी करने में तेजी से सफल हो रही है। जिसमें खेती का आधुनिकीकरण, किसानों का प्रशिक्षण, अच्छे बीज व खाद की समय से उपलब्धता, दैवीय आपदा में समय से उचित मुआवजा आदि सरकारी सहायताएं शामिल हैं। क्षेत्रीय प्रभारी एपीडा डॉ सीबी सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट से इस सीज़न का पहली बार पूर्वांचल के जिलों वाराणसी, प्रयागराज, भदोही से दो मीट्रिक टन हरी सब्जियां यूएई (संयुक्त अरब अमीरात) के दुबई और शारजाह के लिए रवाना हुई हैं। जिसमें भिंडी, नेनुआ, परवल, कुंदरु और सूरन शामिल हैं। ये सब्जियां भदोही के फार्मर प्रोड्यूसर आर्गेनाइजेशन के माध्यम से निर्यात की जा रही हैं। जिसमें करीब 15-20 किसान जुड़े हैं। जबकि पूर्वांचल में करीब 35 से 40 एफपीओ सक्रिय हैं। जिससे करीब 35 से 40 हजार किसान जुड़ कर अपनी आय बढ़ा रहे हैं। वाराणसी को एग्री एक्सपोर्ट सेंटर बनाने का सिलसिला तो पहले से चल रहा था जो धरातल पर 1 नवंबर 2019 को उतरा। ये वो समय था जब प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में बायर और सेलर मीट का आयोजन हुआ, जिसमें 20 निर्यातक और 25 एफपीओ जिसमें 120 एफपीओ से जुड़े किसान शामिल हुए थे। क्षेत्रीय प्रभारी एपीडा बताया कि वाराणसी से दिल्ली और फिर लंदन के लिए 23 अप्रैल 2020 तक 3 मीट्रिक टन ताजी हरी मिर्च जा चुकी है। मई 2020 में दुबई के लिए तीन मीट्रिक टन फ्रेश लंगड़ा आम एक्सपोर्ट हुआ था। आम के लिए नया बाजार लंदन मिला जहां जून 2020 तक 1.2 मीट्रिक टन आम एक्सपोर्ट हुआ था। धान का कटोरा कहे जाने वाले जिला चंदौली से एपीडा के प्रयास से एक्सपोर्टर ने जून 2020 में 80 मीट्रिक टन काला चावल का धान लिया।

# जनता को ठगने के लिए यात्रा निकाल रहे अखिलेश



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से किए गए एक ट्वीट को लेकर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने उन पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जिसे रामनवमी और महानवमी का अंतर नहीं पता, वह अब जनता को अपने झूठे बयानों से बरगला रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार की सुबह अपने निजी ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया था कि आपको और आपके परिवार को रामनवमी की अनंत मंगलकामनाएं जबकि शारदीय नवरात्र में महानवमी होती है। लोगों के विरोध के कारण उन्हें ट्वीट डिलीट करना पड़ा लेकिन तब तक सोशल मीडिया पर स्क्रीन शॉट वायरल हो गया। सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि कोरोना के दौरान घर में दुबके रहने वाले अखिलेश यादव अब जनता को ठगने के लिए यात्रा निकाल रहे हैं जबकि सीएम योगी कोरोना काल में पॉजिटिव होने के बाद भी लगातार बैठकें और दौरे करते रहे। यह अंतर दशार्ता है कि जनता की सेवा के लिए कौन तत्पर है और कौन सत्ता में आकर लूटने के लिए लालायित है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि ऐसे लोगों को जनता ने कई बार नकार दिया है, इनकी सरकारों में सिर्फ गुंडागर्दी, जंगलराज, अराजकता, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण का बोल बाला रहा है। योगी सरकार में बुंदेलखंड में पहली बार किसी सरकार ने तरक्की के दरवाजे खोले हैं, जो दशकों से पिछड़े बुंदेलखंड को नई पहचान देगा।

# मायावती ने की महंगाई पर सख्त व प्रभावी कदम उठाने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**पेट्रो** पदार्थों की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती ने केंद्र सरकार के साथ राज्य सरकारों को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने इस पर सख्त कदम उठाने की सलाह दी है। गुरुवार को सोशल मीडिया में ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने बताया कि देश में एक तरफ आएदिन पेट्रोल, डीजल व रसोई गैस आदि की बढ़ती कीमतों ने तथा वहीं दूसरी तरफ रोजमर्रा की वस्तुओं के बढ़ते हुए दामों से आमजन जीवन पुरी तरह से अस्त व्यस्त व त्रस्त। केन्द्र व सभी राज्य सरकारें जनता के राहत हेतु तुरन्त सख्त व प्रभावी कदम उठाएं,बीएसपी की यह मांग।

## पीजीआई कर्मियों का अनिश्चितकालीन धरना आठ से

**लखनऊ।** एम्स नई दिल्ली की भांति भत्तों की मांग को लेकर पीजीआई कर्मचारी महासंघ ने आगामी आठ नवम्बर से अनिश्चितकालीन धरने पर जाने का निर्णय लिया है। इस बाबत संघ की तरफसे निदेशक को ज्ञापन सौंपा गया है। कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि 2 वर्ष से अधिक का समय व्यतीत हो गया है लेकिन अभी तक संस्थान कर्मचारियों को एम्स में देय भत्ते का लाभ नहीं मिल रहा है। यदि उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो वह धरने पर जाने को मजबूर होंगे।

# भाजपा चलाती है ध्रुवीकरण की राजनीति: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी ने कहा है कि उनके अध्यक्ष अखिलेश यादव में तमाम चुनौतियों को परास्त करने की ताकत है। भाजपा अपनी संकीर्ण मानसिकता के साथ ध्रुवीकरण की राजनीति चलाती है। लेकिन अखिलेश विकास की बात करते हैं। किसान, नौजवान, गरीब, महिलाओं और वंचितों की बात करते हैं। उनकी पीड़ा से अपने को जोड़ते हैं। उन्होंने महंगाई, रोजगार, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दे उठाए। गरीब के दर्द पर मलहम भी लगाया। इससे जनसामान्य के बीच उनकी छवि अपने हमदर्द और मसीहा की बनी है।



पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने कहा कि अखिलेश यादव की कानपुर से हमीरपुर-जालौन की दो दिवसीय यात्रा ने प्रदेश की राजनीति में बड़ी हलचल पैदा कर दी है। समाजवादी विजय रथ यात्रा में जनता के हर वर्ग से जो उत्साहपूर्ण और स्वत: स्फूर्त समर्थन मिला, उससे भाजपा नेतृत्व आशंकित और हतोत्साहित हो गये हैं इसलिए वे अपनी रणनीति बदलने की साजिश में जुट गये हैं। समाजवादी विजय रथ यात्रा के समर्थन में सड़कों पर इतनी भीड़ उमड़ पड़ी, जितने कई दशकों में भी नहीं दिखाई पड़ी थी।

चौधरी ने कहा कि एक तरह से अखिलेश यादव ने सन् 2022 में होने वाले चुनावों की निर्णायक शुरूआत कर दी है। विपक्ष में रहते हुए भी अखिलेश यादव के प्रति युवाओं में विशेष आकर्षण है, उनके प्रति जो निष्ठा है, उसका प्रत्यक्ष प्रमाण उमड़ते जनसैलाब में किसानों और गरीबों में आशा का संचार होता दिखा। चौधरी के अनुसार इस समाजवादी विजय रथ यात्रा के दो दिनों में ही प्रदेश में राजनीतिक क्षेत्रों को इस बात का आभास हो गया है कि कल का दिन ऊर्जावान युवा नेता अखिलेश का है।

# संविधान की मूल आत्मा को नष्ट कर रही है भाजपा: प्रमोद तिवारी

- बीएसएफके अधिकार क्षेत्र में विस्तार देश के संघीय ढांचे पर हमला

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि भारत का लोकतन्त्र संघीय ढांचे पर आधारित है, देश के विभिन्न राज्य, भारत गणराज्य के हिस्सा है । संविधान में केन्द्र और प्रदेश के अधिकारों को परिभाषित किया गया है, जिसमें गृह विभाग, प्रदेश की कानून व्यवस्था पूर्ण रूपेण राज्य का विषय है परन्तु भारतीय जनतापार्टी सरकार उसी संघीय ढांचे पर, प्रहार पर प्रहार कर रही है, और संविधान की मूल आत्मा को नष्ट कर रही है।

तिवारी ने कहा कि केन्द्र सरकार का यह नया नियम कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को यह अधिकार होगा कि वह सीमा से 50 किमी अन्दर तक गिरफ्तारी, तलाशी और जब्ती कर सकती है । इस 50 किमी् के दायरे में केन्द्र एवं प्रदेश दोनों के अधिकारों पर एक दूसरे पर टकराव होगा। यह बहुत ही खतरनाक स्थिति उत्पन्न हो गयी है और यदि कहीं किसी विषय पर मतभेद हुआ, तनातनी हुई, तब क्या होगा। क्या अर्द्धसैनिक बल और प्रदेश के पुलिस बल में एक दूसरे के खिलाफबल का प्रयोग होगा, क्या एक दूसरे पर राइफलें तनेंगी, यह आजाद भारत का एक खतरनाक, संविधान विरोधी और अत्यंत गैरकानूनी एवं असंवैधानिक कदम होगा । क्या भारतीय जनतापार्टी की मंशा देश को गृह युद्ध की तरफ ढकेलने की है, केन्द्र और प्रदेश के बलों में टकराव बहुत दुर्भाग्यशाली क्षण होगा।

उन्होंने कहा कि राजनैतिक विद्वैष की भावना से किया गया यह काम कहीं संविधान की मूल भावना की हत्या न कर बैठे और केन्द्र तथा प्रदेश के अधिकारों को लेकर कहीं एक नई बहस न शुरू हो जाय, जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और खतरनाक होगी, जो किसी भी स्थिति में न तो केन्द्र के और न ही प्रदेश के हित में होगी । पहले भी भारत सरकार कई भूल कर चुकी है।

# महंगी बिजली खरीद का मुद्दा विधानसभा सत्र में उठाएगी कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कांग्रेस** पार्टी ने कहा है कि भाजपा सरकार की अदूरदर्शिता की वजह से आज प्रदेश में भारी बिजली संकट पैदा हो गया है। भाजपा सरकार की गलती की वजह से खरीदी जा रही मंहगी का बोझ आम जनमानस पर कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। आगामी एक दिवसीय विधानसभा सत्र में कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को विधानसभा में उठायेगी। कांग्रेस पार्टी मांग करती है वर्तमान में जो उत्तर प्रदेश में बिजली का संकट और कोयले की कमी पैदा हुई है उसको लेकर शीघ्र ही एक जांच कमेटी बनाई जाए और जो भी दोषी लोग हैं उन्हें दंडित किया जाए।

प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने कहा कि सरकार की अदूरदर्शिता के कारण प्रदेश में समय रहते कोयले की खरीद और भण्डारण नहीं किया गया, जिससे उत्पन्न बिजली के संकट को आम प्रदेश का जनमानस भुगत रहा है साथ में ग्रामीण अंचल में छोटे मझोले उद्योग धंधों पर भारी असर पड़ा है। एक तरफ भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री आदित्यनाथ प्रदेश में 24 घण्टे बिजली आपूर्ति का झूठा दावा करते रहे वहीं दूसरी तरफबिजली का उत्पादन घटता चला गया। भाजपा सरकार की गलती की वजह से जनता की मेहनत की कमाई के राजस्व से महंगी बिजली खरीदनी पड़ रही है। इस अतिरिक्त राजस्व नुकसान के लिए सीधे भाजपा सरकार दोषी है। प्रदेश में औसतन 20000 मेगावाट की रोजाना डिमांड के सापेक्ष उत्पादन पहले से कम होने बावजूद सरकार ने उत्पादन बढ़ाने को लेकर कोई ठोस प्रयास नहीं किये। भाजपा सरकार की जन विरोधी सोच पिछले साढ़े चार साल से परिलक्षित होती रहीए चाहे कोरोना महामारी के समय लोगों को आक्सीजन और बेड न मिल पाना होए प्रदेश के लोगों की आय घटकर आधी रहने का विषय होए या नौजवानों को रोजगार न दे पाना, या अपराध नियंत्रण न करना और अब बिजली का संकट। सरकार जनता के पैसे को होर्डिंग बैनर लगाकर झूठा प्रचार कर बर्बाद करती रही।

## साफ्टवेयर की गड़बड़ी के चलते रुकी काउंसिलिंग फिर से शुरू होने के आसार

**लखनऊ।** बीटेक, बीफॉर्म सहित अन्य कोर्सेज में साफ्टवेयर की गड़बड़ी के चलते दाखिले को लेकर रुकी काउंसलिंग की प्रक्रिया के एक से दो दिन के अंदर फिर से शुरू होने के आसार हैं। विवि के कुलपति प्रो विनीत कंसल का कहना है कि एनआईसी व एनटीए के अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रक्रिया को सुलझा लिया गया है। एक से दो दिन के अंदर काउंसलिंग फिर से शुरू होगी।

उल्लेखनीय है कि एकेटीयू के ओर से कराई जा रही काउंसलिंग के तहत पहले चरण में जारी हुए सीट अलॉटमेंट में एलयू के बीटेक की 90 प्रतिशत सीटें फुल हो गई थी। इन सीटों पर एडमिशन पाने वाले स्टूडेंट्स ने फीस भी जमा कर दिया था। एमजीआर साफ्टवेयर की गड़बड़ी के चलते प्रभावित हो रही मेरिट सूची को देखते हुए एकेटीयू ने अलॉटमेंट को रद्द कर दिया था। ऐसे में एलयू में जिन स्टूडेंट्स ने बीटेक कोर्स में एडमिशन लिया था, वह अब असमंजस में है। इतना ही नहीं स्टेट की दूसरी यूनिवर्सिटी जैसे झांसी यूनिवर्सिटी, रूहेलखंड यूनिवर्सिटी, एसएमयूए भाषा यूनिवर्सिटी सहित कई यूनिवर्सिटी के बीटेक कोर्स में हुए एडमिशन फंस गया है।


## चित्रकूट का इनामी हिस्ट्रीशीटर बाराबंकी से गिरफ्तार

**लखनऊ।** एसटीएफ ने चित्रकूट के कर्वी थाना क्षेत्र एक हिस्ट्रीशीटर और 25 हजार के इनामी अपराधी रमेश बरूवार को बाराबंकी से गिरफ्तार किया है। इनामी अपराधियों के बारे में छानबीन में जुटी एसटीएफ को सूचना मिली कि अपराधी रमेश बरूवार अपराध करने के इरादे से जनपद बाराबंकी आया हुआ है। इस सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए एसटीएफकी टीम में सतरिख क्षेत्र से रमेश बरूवार को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने बताया कि राम बिलास व उसके चाचा अपने गांव के अन्य साथियों के साथ मिलकर गैंग बनाकर भारत के तीर्थ स्थलों पर चोरी ,लूटपाट, जानवर लदे वाहन लूटने तथा चित्रकूट धाम में दर्शन करने आए यात्रियों व टूरिस्टों के साथ भी लूटपाट किया करते थे। जिसके सम्बन्ध में मुझ पर तथा मेरे अन्य साथियों के विरुद्ध वर्ष 2019 में थाना कर्वी पर अभियोग भी पंजीकृत हो चुके हैं । राम बिलास को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है व अपने चाचा के साथ जिला कारागार चित्रकूटधाम मे निरुद्ध है । वह चोरी करने के इरादे से जनपद बाराबंकी आया था कि गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी गिरफ्तारी के संबंध में एसटीएफ ने चित्रकूट पुलिस को सूचना दे दी है।

# यूपी से ईरान के लिए रवाना की गई केले की पहली खेप

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश से कृषि निर्यात को बढ़ावा देने की क्षमता को ध्यान में रखते हुए एपीडा वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय भारत सरकार ने निर्बाध रूप से काम किया। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश से गुरुवार को पहली केले की खेप ईरान के लिए मैसर्स देसाई एग्रो फूड्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा रवाना की गई जो समुद्री मार्ग से भेजी जाएगी।




इस मौके पर आयोजित समारोह में अपर मुख्य सचिव कृषि एवं विपणन निदेशक एपीडाए एपीडा के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, उत्तर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, निदेशक देसाई एग्रीफूड्स प्राइवेट लिमिटेड मौजूद रहे। लखीमपुर, बरेली और लखनऊ के किसानों ने भी इस एतिहासिक पल का हिस्सा बनने के लिए समारोह में सक्रिय रूप से भाग लिया। उत्पाद सीधे पलिया कलां लखीमपुर के किसानों से खरीदा गया था, जिसे लखनऊ लाया गया और लखनऊ स्थित मैंगो पैकहाउस में पैक किया गया। 40 फीट के दो रेफर कंटेनर में कुल 40 एमटी केले की ईरानी बाजार में ट्रायल के आधार पर भेजा गया। यह पहली बार होगा जब अंतरराष्ट्रीय बाजार उत्तर प्रदेश में उगाए गए केले की मिठास का स्वाद चखेगा। उत्तर प्रदेश में कुल 3078.73 हजार मीट्रिक टन का उत्पादन होता है। उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों जैसे में लखीमपुर, महाराजगंज, कुशीनगर, इलाहाबाद, कौशाम्बी आदि में अंतरराष्ट्रीय बाजार के निर्यात योग्य केले उगाने की अत्यधिक क्षमता है। अपर मुख्य सचिव, कृषि और विपणन उत्तर प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश को कृषि निर्यात का केंद्र बनाने की दिशा में काम किए जाने पर एपीडा के प्रयासों की सराहना की। साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार के साथ पारस्परिक रूप से किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का अनुरोध किया। संबोधन के दौरान उन्होंने सरकार द्वारा विकसित कृषि निर्यात नीति पर प्रकाश डाला।

## लोहिया संस्थान में खुलेगा एमडीआर टीबी का सेंटर

**लखनऊ।** एमडीआर टीबी के इलाज को लेकर केजीएमयू के बाद अब इसकी सुविधा डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में उपलब्ध होगी। यहां भी मरीजों को ओपीडी व आईपीडी की सुविधा उपलब्ध होगी। अभी तक सिर्फ केजीएमयू में एमडीआर टीबी के इलाज की सुविधा थी। वर्तमान में प्रदेश में एमडीआर टीबी के इलाज के 22 सेंटर संचालित हो रहे हैं। 23 वां सेंटर लोहिया संस्थान में स्थापित होगा। लखनऊ प्रदेश का पहला जिला होगा, जिसमें दो एमडीआर टीबी इलाज के सेंटर होंगे। सेंटर के संचालन के लिए संस्थान प्रशासन को 15 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। एमडीआर मरीजों के लिए भर्ती के लिए 20 बेड की व्यवस्था होगी। अधूरे टीबी का इलाज से मरीज एमडीआर की चपेट में आ जाता है।

# डेंगू के 27 नए मरीज मिले

- मच्छर का लार्वा मिलने पर 24 घरों को स्वास्थ्य विभाग ने दी नोटिस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** में डेंगू मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। डेंगू प्रभावित इलाकों में स्वास्थ्य विभाग लगातार अभियान चला रहा है। गुरुवार को डेंगू के 27 नए मरीज सामने आए है। यह मरीज एनके रोड, सिल्वर जुबली, टूडियागंज, रेडक्रास, ऐशबाग, अलीगंज, इन्दिरानगर, इटौंजा आदि क्षेत्र में पाये गये हैं। डेंगू-मलेरिया पर काबू पाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने गुरुवार को कुल 2409 घरों तथा विभिन्न मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल 24 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाये जाने पर नोटिस जारी किया गया। इन घरों में कूलर, खाली बर्तन, गमले आदि में डेंगू मच्छर के लार्वा मिले हैं। इन्हें नोटिस जारी कर चेतावनी दी गई है। वही मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश पर आज नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीम द्वारा खरगापुर, इन्दिरानगर, राजाजीपुरम, हुसैनाबाद, फैजुल्लागंज, त्रिवेणीनगर, केसरीखेडा वार्ड के आस पास के क्षेत्रों का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान क्षेत्रीय जनता को घर के आस पास पानी जमा न होने देने, पानी से भरे हुए बर्तनों एवं टंकियों को ढक कर रखने, कुछ समय अन्तराल पर कूलर को खाली कर साफ कपड़े से पोंछ कर सुखाने एवं साफ करने के बाद ही पुन: प्रयोग में लान, पूरी बांह के कपड़े पहनने, बच्चों को घर से बाहर न निकलने देने एवं मच्छर रोधी क्रीम लगाने एवं मच्छरदानी में रहने तथा डेंगू एवं मच्छर जनित रोगो से बचाव हेतु क्या करें, क्या न करें सम्बन्धी स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की।

# गोवा में स्पष्ट बहुमत से दोबारा सरकार बनाएगी भाजपा : शाह

भाषा। पणजी



**केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह ने बृहस्पतिवार को विश्वास जताया कि गोवा में सत्तारूढ़ भाजपा अगले साल फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत हासिल कर एक बार फिर राज्य में सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि गोवा और केंद्र में भाजपा की डबल इंजन सरकार से राज्य के विकास में मदद मिलेगी। दक्षिण गोवा के धारबंदोरा गांव में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विवि (एनएफएसयू) की आधारशिला रखने के बाद एक समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि 15 नवंबर से चार्टर्ड उड़ानें गोवा में पहुंचनी शुरू हो जाएंगी। उन्होंने कहा, भाजपा राज्य में पूर्ण बहुमत के साथ अगली सरकार बनाएगी..अभी चुनाव में समय है। लेकिन मैं गोवा के लोगों से अपील कर रहा हूं कि वे केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के तहत राज्य में भाजपा की सरकार चुनने का मन बनाएं।

उन्होंने कहा, यह डबल इंजन सरकार राज्य के विकास को जारी रखने में मदद करेगी। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव बहुदलीय होने जा रहे हैं, क्योंकि सत्तारूढ़ भाजपा, विपक्षी कांग्रेस, ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली आम आदमी पार्टी (आप) सहित कई क्षेत्रीय पार्टियां मैदान में उतरने की तैयारी कर रही हैं।

महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ पार्टी शिवसेना ने भी 40 सीटों वाली गोवा विधानसभा के लिए चुनाव लड़ने का फैसला किया है। साल 2017 के गोवा विधानसभा चुनावों में कांग्रेस 40 में से 17 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी। हालांकि, 13 सीटें हासिल करने वाली भाजपा ने तेजी से कुछ क्षेत्रीय दलों के साथ हाथ मिलाकर सरकार बना ली थी।

# असम राइफल्स ने भारत-म्यांमा सीमा के पास उग्रवादियों को पकड़ा

**नई दिल्ली।** असम राइफल्स ने खुफिया सूचना के आधार पर चलाए गए उग्रवाद रोधी अभियान के तहत, प्रतिबंधित संगठन एनएससीएन-के (वाईए) के तीन कट्टर उग्रवादियों को नगालैंड के मोन कस्बे से गिरफ्तार किया है। सुरक्षा संस्थान के सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि म्यांमा से भारत की सीमा में प्रवेश करने के बाद इन उग्रवादियों को पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए तीनों उग्रवादी म्यांमा के निवासी हैं और वे हमले करने के मकसद से भारत में घुसे थे। उग्रवादियों की पहचान युनाह कोनयक, टोन्फो कोनयक उर्फ एटोन और सोनगम कोनयक के तौर पर हुई है। इन्हें स्थानीय पुलिस की मदद से सीमाई कस्बे में सोमवार को चलाए गए अभियान में 35 असम राइफल्स के सैनिकों ने पकड़ा। यूना म्यांमा के थेला गांव का रहने वाला है, टोनफो कामका गांव का है और सोंगम पड़ोसी देश के लंगखो इलाके का है।

भारत और म्यांमा के सुरक्षा बल भारत-म्यांमा सीमा पर कड़ी निगरानी रखने के लिए एक-दूसरे के साथ समन्वय कर रहे हैं। पिछले साल अक्टूबर में, सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे ने विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला के साथ म्यांमा की महत्वपूर्ण यात्रा की थी, जिसके दौरान भारत ने म्यांमा की नौसेना को एक हमलावर पनडुब्बी की आपूर्ति करने के अलावा समग्र सैन्य और रक्षा संबंधों को और गहरा करने पर सहमति व्यक्त की थी। म्यांमा भारत के रणनीतिक पड़ोसियों में से एक है और उग्रवाद प्रभावित नगालैंड और मणिपुर सहित कुछ अन्य पूर्वोत्तर राज्यों के साथ 1,640 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है। भारत पूर्वोत्तर क्षेत्र के कुछ उग्रवादी समूहों द्वारा म्यांमा में शरण लेने को लेकर चिंतित है। देश भारत को आश्वासन देता रहा है कि वह किसी भी चरमपंथी समूह को भारत के खिलाफ अपने क्षेत्र का उपयोग करने की अनुमति नहीं देगा।



लेह में रामनाथ कोविंद के लद्दाख पहुंचने पर उपराज्यपाल राधा कृष्ण माथुर ने उनका स्वागत किया

# राजनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रशंसा की

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के साथ 1971 के युद्ध में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका की ओर इशारा करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल कई साल तक देश की कमान संभाली, बल्कि युद्ध के समय भी नेतृत्व किया। सशस्त्र बलों में महिलाओं की भूमिका पर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की संगोष्ठी को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने रानी लक्ष्मीबाई और पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल का भी जिक्र किया और कहा कि राष्ट्रीय विकास में महिला शक्ति की भूमिका को लेकर भारत का अनुभव सकारात्मक रहा है।

सिंह ने कहा कि सशस्त्र बलों में महिलाओं की भूमिका पर बातचीत करना ठीक है, लेकिन सुरक्षा और राष्ट्र-निर्माण के सभी क्षेत्रों में उनके व्यापक योगदान को पहचाना जाना चाहिए। उन्होंने कहा, देश की रक्षा और लोगों के अधिकारों के लिए इतिहास में महिलाओं के हथियार उठाने के अनेक उदाहरण हैं। रानी लक्ष्मीबाई उनमें सबसे प्रमुख हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा, भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने न केवल वर्षों तक देश की कमान संभाली, बल्कि युद्ध के समय भी नेतृत्व किया। कुछ साल पहले प्रतिभा पाटिल भारत की राष्ट्रपति और भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर थीं। इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री रहने के दौरान भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ 1971 की जंग जीती थी और एक नया देश, बांग्लादेश बना था।

सिंह ने कहा कि पालक और रक्षक के तौर पर सदियों से महिलाएं भूमिका निभाती आ रही है। उन्होंने कहा, सरस्वती ज्ञान, बुद्धि और शिक्षा की देवी हैं, तो मां दुर्गा रक्षा, शक्ति, विनाश और युद्ध की देवी हैं। उन्होंने कहा कि भारत उन कुछ देशों में शामिल है जिन्होंने सशस्त्र बलों में महिलाओं की भागीदारी के लिए जल्द पहल की और महिलाओं की भर्ती स्थाई कमीशन के रूप में सेना में होने लगी है।

# अरुणाचलः सेला सुरंग में डिजिटल तरीके से विस्फोट कर रक्षामंत्री ने अंतिम चरण के कार्य की शुरुआत की

भाषा। नई दिल्ली



**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने डिजिटल माध्यम से विस्फोट कर अरूणाचल प्रदेश में सेला सुरंग के अंतिम चरण के कार्य की शुरुआत की। उन्होंने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के 20,000 किलोमीटर के मोटरसाइकिल अभियान को भी बृहस्पतिवार को हरी झंडी दिखाई। सिंह ने यहां राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से सुरंग में विस्फोट किया और अभियान को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सेला सुरंग 13,000 फुट से अधिक की ऊंचाई पर दुनिया की सबसे बड़ी बाइ-लेन सुरंग होगी। उन्होंने इस सुरंग के निर्माण के कार्य के लिए सीमा सड़क संगठन की प्रशंसा की।

रक्षा मंत्री ने कहा कि इस सुरंग के बन जाने से न सिर्फ राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत होगी, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए आवागमन सुविधा में भी वृद्धि होगी तथा उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में भी सुधार आएगा। सिंह ने कहा, अत्याधुनिक खूबियों के साथ बनाई जा रही यह सुरंग न केवल तवांग के लिए बल्कि पूरे अरूणाचल प्रदेश के लिए जीवनरेखा साबित होगी।

सेला दर्रे से गुजरने वाली इस सुरंग के जरिए अरूणाचल प्रदेश में तवांग जिले से होते हुए चीन सीमा तक की दूरी 10 किलोमीटर कम हो जाएगी। सुरंग का निर्माण कार्य जून 2022 तक पूरा होने की उम्मीद है। रक्षा मंत्री ने कहा, सेला मुख्य सुरंग में कार्य के अंतिम चरण की शुरुआत के लिए किया गया विस्फोट आपकी (बीआरओ) कड़ी मेहनत और देश की सुरक्षा एवं सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए आपके संकल्प की अभिव्यक्ति करता है। सिंह ने बीआरओ के मोटरसाइकिल अभियान को भी हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि मोटरसाइकिल अभियान में बीआरओ तथा सेना के 75 कर्मी कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से गुजरते हुए 20,000 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे।

सेला सुरंग से असम के तेजपुर और अरुणाचल प्रदेश के तवांग में स्थित सेना के 4 कोर मुख्यालयों के बीच यात्रा के समय में कम से कम एक घंटे की कमी आएगी। इसके अलावा, राष्ट्रीय राजमार्ग 13, खासकर बोमडिला और तवांग के बीच का 171 किमी का रास्ता हर मौसम में खुला रहेगा।

## असम में 10 लाख रुपए मूल्य की हेरोइन जब्त, दो गिरफ्तार

**दीफू (असम)।** असम के कर्बी अंगलोंग जिले में एक बस से 10 लाख रुपए मूल्य की हेरोइन जब्त की गई और दो यात्रियों को गिरफ्तार किया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग 39 पर वाहनों की नियमित जांच के दौरान पुलिस ने दीमापुर से बारपेटा जा रही बस को रोका और मणिपुर और नगालैंड के रहने वाले दो यात्रियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान, दोनों ने दावा किया कि उन्हें मादक पदार्थ को गुवाहाटी ले जाने का निर्देश दिया गया था।


**एक्सिस बैंक लिमिटेड**

स्वर्ण आभूषणों के रूप में बंधक आस्तियों की ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना

कर्जदारों को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि एक्सिस बैंक द्वारा नीचे वर्णित खातों में बंधक स्वर्ण आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी नीचे वर्णित शाखाओं में की जानी प्रस्तावित है।

नीचे वर्णित कर्जदारों ने बैंक के पक्ष में स्वर्ण आभूषण बतौर प्रतिभूति बंधक रखकर एक्सिस बैंक से क्रेडिट सुविधा ("स्वर्ण ऋण सुविधा") प्राप्त की है। कर्जदारों/गारंटरों को मांग सूचनाएं जारी की गई थीं, जिनमें कर्जदारों/गारंटरों से उनके द्वारा प्राप्त की गई स्वर्ण ऋण सुविधा के संबंध में बकाया राशि चुकाने की मांग की गई थी। जबकि कर्जदार/गारंटर बकाया ऋण राशि चुकाने में असफल रहे हैं, बैंक बंधक का आह्वान करने हेतु बाध्य है तथा बंधक स्वर्ण आभूषणों, जिनका अधिक विशिष्ट वर्णन यहां नीचे सम्पत्ति की अनुसूची में किया गया है, की ई-नीलामी दिनांक 25-10-2021 को अप. 12.30 बजे से अप. 3.30 बजे तक "जैसा है जहां है", जो है जैसा है", जो है वहां है" और "कोई उपाय नहीं आधार" पर संचालित की जानी प्रस्तावित है।

कर्जदारों और बकाया राशि का विस्तृत विवरण

| क्र. सं. | शाखा का नाम | ग्राहक का नाम | ऋण खाता संख्या | बकाया राशि | प्रत्याह्वान की तिथि | सकल भार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | शाखा का नाम : अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 1. | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | तरूण कुमार | 920060052313982 | 562411 | 12-08-21 | 193.2 |
| 2. | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | तरूण कुमार | 920060052314901 | 550105 | 12-08-21 | 183.3 |
| 3. | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | उर्मिला | 920060001911050 | 532422 | 22-06-21 | 135 |
| 4. | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | कुमैल अब्बास | 920060050026820 | 476819 | 20-05-21 | 152.9 |
| 5. | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | उर्मिला | 920060049644693 | 426100 | 22-06-21 | 32.3 |
| 6. | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | कुमैल अब्बास | 920060050704805 | 244931 | 20-05-21 | 81.1 |
| 7. | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | राजेश | 921060052668014 | 137494 | 16-08-21 | 40.2 |
| 8. | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | राजेश | 921060053724713 | 79250 | 16-08-21 | 51.5 |
| 9. | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | राघवेन्द्र चौबे | 919060060899427 | 28400 | 25-03-21 | 16 |
| | शाखा का नाम : दरियागंज, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 10. | दरियागंज, दिल्ली (डीएल) | अनिल कुमार | 920060051243941 | 81897 | प्रत्याह्वान संबद्ध एनपीए- 27-07-21 | 29 |
| | शाखा का नाम : फरीदाबाद (एचआर) | | | | | |
| 11. | फरीदाबाद (एचआर) | पूजा रानी | 920060047959047 | 296187 | 26-12-21 | 107.5 |
| 12. | फरीदाबाद (एचआर) | लोकेश | 920060052094270 | 256344 | 07-05-21 | 85.7 |
| 13. | फरीदाबाद (एचआर) | लोकेश | 920060050786629 | 148921 | 07-05-21 | 47.8 |
| 14. | फरीदाबाद (एचआर) | विकास शर्मा | 920060050236111 | 149706 | 25-03-21 | 44.9 |
| 15. | फरीदाबाद (एचआर) | संतोष शर्मा | 919060069952165 | 115948 | 07-05-21 | 69.9 |
| 16. | फरीदाबाद (एचआर) | उदय कुमार | 921060051397294 | 117800 | 07-06-21 | 46.2 |
| 17. | फरीदाबाद (एचआर) | अमर जीत | 920060052725657 | 90173 | 22-06-21 | 9.2 |
| | शाखा का नाम : काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 18. | काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | राजवंत सिंह | 920060053681101 | 211430 | 22-06-21 | 44.2 |
| 19. | काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | गौतम चंद्र दास | 920060053089026 | 205702 | 18-06-21 | 77.7 |
| 20. | काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | मोहम्मद फहद सलीम | 920060013241374 | 145524 | 25-03-21 | 67.5 |
| 21. | काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | सुंदर सिंह | 920060052064994 | 148996 | 27-05-21 | 52.7 |
| | शाखा का नाम : लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 22. | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | जय प्रकाश आडवाणी | 920060050274359 | 214425 | 30-04-21 | 75.3 |
| 23. | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | विजय सिंह | 920060016337913 | 179560 | 19-07-21 | 96.3 |
| 24. | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | जय प्रकाश आडवाणी | 921060050876923 | 135079 | 30-04-21 | 44.8 |
| 25. | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | जय प्रकाश आडवाणी | 921060050932261 | 107557 | 30-04-21 | 39.7 |
| 26. | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | शिवनाथ सिंह | 920060037121601 | 517956 | 20-05-21 | 202.2 |
| | शाखा का नाम : नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 27. | नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | रिछ पाल सिंह | 920060050656214 | 35082 | 16-04-21 | 11.5 |
| | शाखा का नाम : न्यू फ्रेन्ड्स कालोनी, नई दिल्ली | | | | | |
| 28. | न्यू फ्रेन्ड्स कालोनी, नई दिल्ली | मुरली कुमार झा | 921060054228746 | 141247 | 16-08-21 | 52.7 |
| | शाखा का नाम : नोएडा (यूपी) | | | | | |
| 29. | नोएडा (यूपी) | उषा | 920060048530432 | 1083572 | 15-03-21 | 421.8 |
| 30. | नोएडा (यूपी) | प्रीति बाला | 921060050983397 | 112845 | 22-06-21 | 4.8 |
| 31. | नोएडा (यूपी) | नीतू | 920060050010728 | 100041 | 30-04-21 | 33.6 |
| 32. | नोएडा (यूपी) | नीतू | 920060050004095 | 86444 | 30-04-21 | 29.4 |
| | शाखा का नाम : रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 33. | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | विश्वदेव | 920060051595190 | 1381833 | 20-05-21 | 79 |
| 34. | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | अमित मेहरा | 920060049864185 | 455470 | 15-03-21 | 39.9 |
| 35. | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | अमरेश कुमार सिंह | 920060050591670 | 203024 | 12-08-21 | 18.3 |
| 36. | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | संदीप कुमार | 920060050994134 | 260734 | 07-08-21 | 81.4 |
| | शाखा का नाम : सेक्टर 10ए, गुरूग्राम (एचआर) | | | | | |
| 37. | सेक्टर 10ए, गुरूग्राम (एचआर) | नीरू रानी सारस्वत | 920060050085382 | 27739 | 25-03-21 | 2.87 |
| | शाखा का नाम : सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | | | | | |
| 38. | सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | राजू सिन्हा | 920060053340774 | 156443 | 16-08-21 | 58.5 |
| 39. | सेक्टर 14, गुरूग्राम (एचआर) | राजू सिन्हा | 921060054372021 | 140496 | 16-09-21 | 64.3 |
| 40. | सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | संजीव सिंह | 919060014471941 | 36 | 29-07-21 | 16.2 |
| 41. | सेक्टर 14, गुरूग्राम (एचआर) | नरेन्द्र कुमार | 920060006731480 | 352862 | 22-06-21 | 65.2 |
| 42. | सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | हरीश कुमार | 921060049757262 | 261586 | 20-05-21 | 100.3 |
| 43. | सेक्टर 14, गुरूग्राम (एचआर) | अरूण कुमार तराई | 920060050212597 | 224554 | 26-12-21 | 79.4 |
| 44. | सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | अमित बेरा | 921060049667994 | 119679 | 22-06-21 | 19.4 |
| 45. | सेक्टर 14, गुरूग्राम (एचआर) | कुमार आकाश | 919060075031072 | 115370 | 25-03-21 | 59.3 |
| 46. | सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | मयंक दीक्षित | 919060085136992 | 62479 | 30-04-21 | 29.1 |
| | शाखा का नाम : सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | | | | | |
| 47. | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | नितिन जिंदल | 920060050791618 | 173090 | 18-06-21 | 61.1 |
| 48. | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर)) | नितिन जिंदल | 920060053138953 | 65348 | 12-08-21 | 30.3 |
| 49. | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | जीतू कुमार सिंह | 920060050081377 | 129000 | प्रत्याह्वान संबद्ध एनपीए- 27-07-21 | 46 |
| | शाखा का नाम : स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 50. | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | रवि पाल | 920060049977236 | 235713 | 12-08-21 | 16 |
| 51. | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | शुभम | 921060051016050 | 70056 | 20-05-21 | 26.8 |
| 52. | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | रवि कुमार | 920060038583491 | 186099 | 27-11-20 | 10.8 |
| 53. | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | योगेश कुमार शर्मा | 919060083641432 | 144105 | 20-05-21 | 84.7 |
| 54. | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | राजेश कुमार | 919060051288135 | 91121 | 15-03-21 | 48.5 |
| 55. | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | अजय कुमार | 919060095748019 | 60000 | 30-04-21 | 31 |
| | शाखा का नाम : तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 56. | तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | मुनाजिर हुसैन | 920060053210563 | 93107 | 16-09-21 | 55.5 |
| 57. | तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | रूद्रदेव पांडे | 921060052974102 | 66970 | 22-06-21 | 10.3 |
| 58. | तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | तार्निश कुमार शर्मा | 920060049712534 | 330732 | 16-09-21 | 122.2 |
| 59. | तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | संदीप कुमार | 920060050264789 | 106884 | 20-05-21 | 62.5 |
| | शाखा का नाम : वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | | | | | |
| 60. | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | दिनेश कुमार | 921060050170047 | 506962 | 22-06-21 | 9.6 |
| 61. | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | अमित राय | 920060050035772 | 278138 | 20-05-21 | 88.6 |
| 62. | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | राजा सैफी | 920060049658472 | 70016 | 16-04-21 | 26.2 |
| 63. | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | प्रमेन्द्र सिंह | 920060052680622 | 337669 | 22-06-21 | 35.4 |
| 64. | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | नसीम | 920060051603741 | 190788 | 26-12-21 | 69 |
| 65. | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | संतोष कुमार | 919060093830389 | 137004 | 30-04-21 | 29.4 |
| 66. | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | अंकित गर्ग | 920060053017924 | 64810 | 25-03-21 | 19.9 |
| 67. | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | आदित्य गंजू | 920060052307864 | 44361 | 22-06-21 | 14 |
| 68. | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | धीरेन्द्र सिंह सूर्यवंशी | 920060050462255 | 36747 | 19-07-21 | 13.2 |
| | शाखा का नाम : विकासपुरी, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 69. | विकासपुरी, नई दिल्ली (डीएल) | नम्रता झा | 921060050169856 | 407947 | 12-08-21 | 130.3 |
| 70. | विकासपुरी, नई दिल्ली (डीएल) | जोगेन्द्र सिंह | 921060051567312 | 247364 | 20-05-21 | 90 |
| 71. | विकासपुरी, नई दिल्ली (डीएल) | हजारी लाल सैन | 920060049640141 | 174667 | 16-09-21 | 69.9 |

एक्सिस बैंक लिमिटेड को बिना कोई पूर्व सूचना दिए खाता हटाने/नीलामी की तिथि परिवर्तित करने का अधिकार है। नीलामी https://gold.samil.in पर अप. 12.30 बजे से अप. 03.30 बजे के बीच ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।

विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट https://gold.samil.in पर लॉगइन करें।

स्थान : दिल्ली
तिथि : 15-10-2021

प्राधिकृत अधिकारी
एक्सिस बैंक लिमिटेड




मुंबई में जुहू समुद्र तट पर नवरात्र उत्सव के दौरान गरबा नृत्य कर प्रदर्शन करती हुई महिलाएं।

# एनसीबी के इरादे दुर्भावनापूर्ण हैं, लोगों को फंसाने के लिए चुनिंदा जानकारी लीक की जा रही है : नवाब मलिक

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री एवं राकांपा के प्रवक्ता नवाब मलिक ने एनसीबी द्वारा कुछ हाई-प्रोफाइल लोगों के खिलाफ की गई छापेमारियों की पृष्ठभूमि में आरोप लगाया कि एनसीबी के इरादे दुर्भावनापूर्ण है और वह लोगों को फंसाने के लिए चुनिंदा जानकारी लीक कर रहा है। मलिक ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनके दामाद समीर खान एनसीबी द्वारा लगाए गए आरोप खारिज करने का अनुरोध करने के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। खान को मादक पदार्थ संबंधी एक मामले में नौ महीने बाद हाल में जमानत दी गई। खान को कथित रूप से मादक पदार्थ के एक मामले में इस साल जनवरी में एनसीबी ने गिरफ्तार किया था। उन्हें पिछले महीने जमानत पर रिहा किया गया।

एनसीबी ने पिछले शनिवार मुंबई तट के पास एक क्रूज पर छापा मारा था और वहां से प्रतिबंधित मादक पदार्थ बरामद करने का दावा किया था। इस मामले में बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को गिरफ्तार किया गया था। इसके अलावा एनसीबी ने पिछले साल अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की हत्या से जुड़े मादक पदार्थों के एक मामले और हाई-प्रोफाइल लोगों की संलिप्तता वाले मादक पदार्थों संबंधी कई मामलों में जांच की थी।

मलिक ने पिछले सप्ताह आरोप लगाया था कि दो अक्टूबर को मुंबई के तट के पास क्रूज पोत पर एनसीबी की छापेमारी फर्जी थी और इस दौरान कोई नशीला पदार्थ नहीं मिला था। मंत्री ने बुधवार को कहा था, एनसीबी के इरादे दुर्भावनापूर्ण हैं और वह लोगों को फंसाने के लिए केवल चुनिंदा जानकारी लीक कर रहा है। एनसीबी की जांच को लेकर सवाल उठाने के बाद उन्हें धमकियां मिलने लगीं। जिसके बाद उनकी सुरक्षा बढ़ाई गई है। मलिक ने अपने दामाद खान की संलिप्तता वाले मामले में एनडीपीएस (राष्ट्रीय स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ) की एक अदालत द्वारा दिए गए जमानत संबंधी आदेश का जिक्र करते हुए कहा, नशीले पदार्थों के गिरोह का प्रथमदृष्ट्या कोई सबूत नहीं मिला है।

# कांग्रेस 2022 में गोवा विस 2024 में लोकसभा चुनाव जीतेगीः चिदम्बरम

**पणजी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदम्बरम ने बृहस्पतिवार को विश्वास जताया कि उनकी पार्टी अगले साल होने वाले गोवा विधानसभा चुनाव और 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करेगी। चिदंबरम पणजी में राज्य चुनाव अभियान कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। वह कांग्रेस के गोवा चुनाव प्रभारी हैं। उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली हार का हवाला देते हुए कहा, एक बात कह दूं... इतिहास रहा है कि जो गोवा जीतता है वह दिल्ली भी जीतता है। 2007 में हमने गोवा जीता...2009 में हमने दिल्ली जीती। 2012 में, हमने दुर्भाग्य से गोवा खो दिया, 2014 में हमने दिल्ली को भी खो दिया। 2017 में, आपने (पार्टी कार्यकर्ताओं का जिक्र करते हुए) गोवा जीता, लेकिन हमारे विधायक गोवा हार गए थे। उनका इशारा 2017 में गोवा विधानसभा में सर्वाधिक सीट जीतकर भी सरकार न बना पाने की ओर था। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस बार उनकी पार्टी साहस और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही है और 2022 के विधानसभा चुनाव में गोवा और 2024 के लोकसभा चुनाव में दिल्ली जीतेगी।

2017 के गोवा विधानसभा चुनावों में, कांग्रेस 40 सदस्ईय सदन में 17 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी। लेकिन, उस समय भाजपा ने सरकार बनाने के लिए कुछ क्षेत्रीय संगठनों और निर्दलीय विधायकों के साथ गठबंधन कर लिया था। राज्य में फिलहाल कांग्रेस के चार विधायक हैं। चिदंबरम ने कहा, इतिहास हमारा है... हम आज के शुभ दिन से शुरुआत कर रहे हैं और हमारे कार्यालय का उद्घाटन एक महत्वपूर्ण राजनेता और पूर्व मुख्यमंत्री प्रतापसिंह राणे ने किया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें स्वर्णिम वर्ष याद रखना चाहिए जब गोवा उद्योग, स्कूल, कॉलेज और सड़कों जैसे क्षेत्रों में प्रगति एवं विकास के पथ पर अग्रसर हुआ। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा, हम गोवा के उस स्वर्णिम युग को वापस लाएंगे और इसकी शुरुआत 2022 से होगी। मेरी कामना है कि आप साहस और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें।


**सुपीरियर फिनलीज लिमिटेड**

सीआईएन : एल74899डीएल1994पीएलसी061995

पंजी. कार्यालय : एनएस-92, खसरा नंबर 33/21, राणाजी एन्क्लेव, नजफगढ़, निकट अर्जुन पार्क बस स्टैंड, नई दिल्ली-110043

ई-मेल आईडी : superiorfinlease@gmail.com; वेबसाइट : www.superiorfinlease.com

30 सितम्बर, 2021 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण

(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 30-09-21 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30-06-21 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30-09-20 अलेखापरीक्षित | अर्द्ध वर्ष समाप्त 30-09-21 अलेखापरीक्षित | अर्द्ध वर्ष समाप्त 30-09-20 अलेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31-03-21 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 32.12 | 17.16 | 57.51 | 49.28 | 80.61 | 404.40 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) | 25.75 | 11.13 | 45.24 | 36.88 | 61.00 | 29.88 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 25.75 | 11.13 | 45.24 | 36.88 | 61.00 | 29.88 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 25.75 | 11.13 | 45.24 | 36.88 | 61.00 | 22.14 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | 25.75 | 11.13 | 45.24 | 36.88 | 61.00 | -24.35 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 300.10 | 300.10 | 300.10 | 300.10 | 300.10 | 300.10 |
| 7 | संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) जैसाकि पिछले वर्ष के तुलनपत्र में दर्शाया गया है | 3.31 | 3.31 | 3.31 | 3.31 | 3.31 | 3.31 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/- प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों हेतु) - | | | | | | |
| | (क) मूल (रू. में) | 0.86 | 0.37 | 1.51 | 1.23 | 2.03 | 0.74 |
| | (ख) तनुकृत (रू. में) | 0.86 | 0.37 | 1.51 | 1.23 | 2.03 | 0.74 |

नोट : उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए तिमाही और अर्द्ध वार्षिक परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही परिणामों का पूर्ण विवरण तथा स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट (www.msei.in तथा www.bseindia.com ) और कम्पनी की वेबसाइट www.superiorfinlease.com पर उपलब्ध है।

वास्ते सुपीरियर फिनलीज लिमिटेड
हस्ता./-
रजनीश कुमार
निदेशक
डीआईएन : 02463693

तिथि : 14-10-2021
स्थान : नई दिल्ली

# सेंसेक्स 569 अंक उछलकर पहली बार 61,000 के पार बंद

भाषा। मुंबई

**शेयर** बाजारों में तेजी का सिलसिला छठे कारोबारी दिवस बृहस्पतिवार को भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी दोनों रिकार्ड ऊंचाई पर बंद हुए। वैश्विक स्तर पर सकारात्मक रुख के बीच वृहत आर्थिक आंकड़ा बेहतर रहने से धारणा मजबूत हुई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 568.90 अंक यानी 0.94 प्रतिशत चढ़कर पहली बार 61,000 अंक के ऊपर 61,305.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह रिकार्ड 61,353.25 अंक तक चला गया था।इसी प्रकार, एनएसई निफ्टी 176.80 अंक यानी 0.97 प्रतिशत की तेजी के साथ नए रिकार्ड स्तर 18,338.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक रिकार्ड 18,350.25 अंक तक चला गया था। सेंसेक्स के शेयरों में करीब तीन प्रतिशत की तेजी के साथ सर्वाधिक लाभ में आईटीसी रहा। इसके अलावा







एचडीएफसी बैंक, पावर ग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक और एनटीपीसी में भी प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ टीसीएस, एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स और भारती एयरटेल गिरावट वाले शेयरों में शामिल हैं।सेंसेक्स के 22 शेयर लाभ में जबकि आठ नुकसान में रहें। पिछले छह कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 2,116 अंक से अधिक यानी 3.57 प्रतिशत जबकि निफ्टी 692 अंक यानी 3.92 प्रतिशत मजबूत हुआ है। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स।,246.89 अंक यानी 2.07 प्रतिशत और निफ्टी 443.35 अंक यानी 2.47 प्रतिशत अंक मजबूत हुए।बाजार दशहरा के मौके पर शुक्रवार को बंद रहेगा। क्षेत्रवार बीएसई बैंक, वित्त, धातु, रियल्टी, पूंजीगत सामान और मूल सामग्री से जुड़े शेयर 1.67 प्रतिशत तक मजबूत हुए। जबकि वाहन सूचकांक नुकसान में रहें। मिडकैप और स्मॉलकैप (मझोली और छोटी कंपनियों) सूचकांक 0.54 प्रतिशत मजबूत हुए। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार में लगातार तेजी का माहौल बना हुआ है। वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख, मुद्रास्फीति के अनुकूल आंकड़े और प्रमुख कंपनियों के बेहतर तिमाही परिणाम से आईटी शेयरों में तेजी से बाजार में मजबूती रही। थोक कीमत आधारित मुद्रास्फीति सितंबर महीने में नरम होकर 10.66 प्रतिशत रही। मुख्य रूप से खाद्य वस्तुओं के दाम नरम होने से थोक महंगाई दर कम हुई है। हालांकि कच्चे तेल के दाम में तेजी बनी हुई है। खाद्य वस्तुओं के दाम कम होने से खुदरा मुद्रास्फीति भी सितंबर महीने में घटकर पांच महीने के निम्न स्तर 4.4 प्रतिशत पर रही। नायर ने कहा कि बैंक शेयरों ने भी तेजी में योगदान दिया और दूसरी तिमाही के वित्तीय परिणाम आने को देखते हुए इस पर निवेशकों की नजर बनी रह सकती है। एशिया के अन्य बाजारों में सियोल और टोक्यो मजबूत लाभ के साथ बंद हुए। वहीं शंघाई बाजार नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में सकारात्मक रुख रहा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.02 प्रतिशत बढ़कर 84.03 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 11 पैसे मजबूत होकर 75.26 पर बंद हुआ।

# सरकार ने पहली बार शीरे से प्राप्त पोटाश के लिए सब्सिडी निश्चित की

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्र ने** बृहस्पतिवार को कहा कि उसने पोषक तत्व आधारित सब्सिडी के तहत पहली बार शीरे (पीडीएम) से निकाले गए पोटाश के लिए सब्सिडी तय की है। सरकार की इस पहल से खनिज आधारित पोटाश पर देश की निर्भरता कम होने की उम्मीद की जा रही है। सरकार किसानों को उर्वरक कंपनियों द्वारा 600-800 रुपए में बेचे जाने वाले पीडीएम के 50 किलोग्राम बैग पर 73 रुपए की सब्सिडी देगी। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने अपनी हालिया बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। उर्वरक मंत्रालय के अनुसार, उम्मीद है कि केंद्र सरकार पीडीएम पर सब्सिडी के रूप में सालाना 156 करोड़ रुपए (लगभग) खर्च करेगी और 562 करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा की बचत करेगी। यह चीनी मिलों को उपोत्पाद शीरा बनाने के लिए प्रेरित करेगा, जिससे पोटाश प्राप्त किया जा सकता है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इससे मिलों के राजस्व और गन्ना उत्पादकों की आय में वृद्धि होगी। बयान में कहा गया है, इसके अलावा, इससे 42 लाख टन से अधिक खनिज आधारित म्यूरेट ऑफ पोटाश (एमओपी) के आयात पर भारत की निर्भरता कम होने की उम्मीद है, जिसकी लागत सालाना लगभग 7,160 करोड़ रुपए है। पिछले साल तक, सरकार मिट्टी के पोषक तत्वों जैसे नाइट्रोजन (एन), फॉस्फेट (पी), पोटाश (के) और सल्फर (एस) वाले उर्वरकों की 22 किस्मों के लिए पोषण तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) योजना के तहत सब्सिडी तय कर रही थी। हालांकि, इस साल मई में दो जटिल उर्वरकों को एनबीएस के तहत शामिल किया गया था। सरकार ने चालू वित्त वर्ष के एक अक्टूबर से 31 मार्च तक फॉस्फेटिक (पी) और पोटासिक (के) उर्वरक की सब्सिडी को बढ़ाया है, जबकि डायमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) पर सब्सिडी में 438 रुपए प्रति बैग विशेष एकमुश्त पैकेज के रूप में वृद्धि की गई।

# दुनिया के सर्वश्रेष्ठ नियोक्ताओं की फोर्ब्स सूची में रिलायंस भारतीय कंपनियों में अव्वल

भाषा। नई दिल्ली

**● आरआईएल ने एक बयान में कहाकि कोविड महामारी के दौरान सबसे बुरे वक्त में यह उपलब्धि हासिल करना महत्वपूर्ण है**

**फोर्ब्स द्वारा** जारी 2021 के लिए दुनिया के सर्वश्रेष्ठ नियोक्ताओं की वार्षिक सूची फोर्ब्स वर्ल्ड बेस्ट एम्प्लॉयर- 2021 में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) को देश में पहला स्थान दिया गया है। फोर्ब्स रैंकिंग के अनुसार विश्व स्तर पर रिलायंस 52वें स्थान पर है। इस सूची में कुल 750 कॉरपोरेट को स्थान दिया गया है, जिसमें फिलिप्स, फाइजर और इंटेल शामिल हैं। सूची में भारतीय स्टेट बैंक को 119वां और लार्सन एंड टुब्रो को 127वां स्थान मिला, जबकि इंफोसिस 588वें और टाटा समूह 746वें स्थान पर रहे। एलआईसी को 504वां स्थान मिला। यह रैंकिंग एक व्यापक सर्वेक्षण पर आधारित है, जिसमें कर्मचारी अपने नियोक्ता को कई बिंदुओं पर अंक देते हैं। वैश्विक रैंकिंग में साउथ कोरिया की सैमसंग ने सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता होने का खिताब अपने नाम किया। दूसरे से सातवें स्थान पर अमेरिकी कंपनियों का कब्जा है। इसमें आईबीएम, माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन, एप्पल, अल्फाबेट और डेल टेक्नालॉजी जैसी कंपनियां शामिल हैं। इसके बाद 8वें नंबर पर हुवावे है, जो शीर्ष 10 में शामिल अकेली चीनी कंपनी है। फोर्ब्स ने बाजार अनुसंधान कंपनी स्टेटिस्टा के साथ मिलकर विश्व के सर्वश्रेष्ठ नियोक्ताओं की वार्षिक सूची तैयार की है। रैंकिंग निर्धारित करने के लिए स्टेटिस्टा ने बहुराष्ट्रीय कंपनियों और संस्थानों में काम करने वाले 58 देशों के 1.5 लाख कर्मचारियों का सर्वे किया। आरआईएल ने एक बयान में कहा, कोविड महामारी के दौरान सबसे बुरे वक्त में यह उपलब्धि हासिल करना महत्वपूर्ण हैं। कोविड के बुरे दौर में रिलायंस ने यह सुनिश्चित किया कि किसी भी कर्मचारी के वेतन में कटौती न की जाए। वह नौकरी की चिंता किए बिना काम कर सके। रिलायंस ने कहा कि उसने महामारी के दौरान कर्मचारियों के इलाज और उनके परिवार के टीकाकरण का भी पूरा ध्यान रखा गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड को इससे पहले ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टिट्यूट का खिताब भी मिला था और वह लिंक्डइन की शीर्ष कंपनियों की सूची का हिस्सा भी रही है।

# वैश्विक आर्थिक सुधार के लिए सभी के लिए वैक्सीन सुनिश्चित करना जरूरी : सीतारमण

भाषा। वाशिंगटन

**केंद्रीय वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को जी-20 के अपने समकक्षों से कहा कि वैश्विक आर्थिक सुधार के लिए सभी के लिए समान रूप से वैक्सीन सुनिश्चित जरूरी है, लेकिन इस राह में महत्वपूर्ण चुनौतियां भी हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों के मौके पर आयोजित जी-20 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की बैठक में कहा कि वैश्विक आर्थिक सुधार के लिए समर्थन बनाए रखना, लचीलापन और उत्पादकता तथा संरचनात्मक सुधारों को बढ़ावा देना जरूरी है। सीतारमण ने इटली की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कहा, ये बातें हमारे नीतिगत लक्ष्यों में शामिल होनी चाहिए। इस दौरान जी-20 देशों ने वित्तीय स्थिरता और दीर्घकालिक राजकोषीय स्थिरता को बनाए रखने के साथ ही समर्थन उपायों को समय से पहले वापस लेने से बचने पर सहमति व्यक्त की। वित्त मंत्री ने जलवायु परिवर्तन पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि सफल परिणामों की दिशा में चर्चा को आगे बढ़ाने के लिए जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन और पेरिस समझौते के सिद्धांतों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।उन्होंने अफसोस जताया कि जलवायु वित्त और



**वाशिंगटन में केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण नोवावैक्स के सीईओ स्टैनले से एक मुलाकात के दौरान**

प्रौद्योगिकी पर मौजूदा अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में विफलता जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में वैश्विक समुदाय के सामूहिक प्रयासों को कमजोर करती है।

## चिप की कमी से यात्री वाहनों की रवानगी में 41 फीसदी की गिरावट

एजेंसी। नई दिल्ली

**ऑटो उद्योग** के संगठन सियाम ने बृहस्पतिवार को कहा कि ऑटोमोबाइल विनिर्माता सेमीकंडक्टर की कमी के कारण पर्याप्त इकाइयों का उत्पादन करने के लिए जूझ रहे हैं, जिसके चलते भारत में यात्री वाहनों की थोक बिक्री में सितंबर में सालाना आधार पर 41 फीसदी की गिरावट हुई। पिछले महीने यात्री वाहनों की बिक्री।,60,070 इकाई रही थी, जो एक साल पहले की इसी अवधि में 2,72,027 इकाई थी। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के ताजा आंकड़ों के अनुसार डीलरों को दोपहिया वाहनों की रवानगी भी सितंबर 2020 में 17 प्रतिशत गिरावट के साथ 15,28,472 इकाई रही, जो सितंबर 2020 में 18,49,546 इकाई थी। इस दौरान मोटरसाइकिल की रवानगी में 22 प्रतिशत की गिरावट हुई। सियाम के अध्यक्ष केनिची आयुकावा ने कहा, भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग को नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। जहां एक ओर हम वाहनों की मांग में सुधार देख रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सेमीकंडक्टर चिप्स की कमी उद्योग के लिए एक बड़ी चिंता का कारण बन रही है। कई सदस्यों ने अपनी उत्पादन योजनाओं में कटौती की है। उन्होंने कहा कि त्योहारी सत्र की मांग के साथ कुछ लोकप्रिय मॉडलों के लिए ग्राहकों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।

# नए पोर्टल पर दो करोड़ से ज्यादा आईटीआर दाखिल

भाषा। नई दिल्ली

**● पिछले वित्त वर्ष के रिटर्न जल्दी दायर करने की अपील**

**आयकर विभाग** ने बृहस्पतिवार को कहा कि वित्त वर्ष 2020-21 के लिए अब तक दो करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल किए जा चुके हैं और नए आईटी पोर्टल का प्रदर्शन से जुड़ी समस्याएं काफी हद तक दूर हो गई हैं। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने करदाताओं से वित्त वर्ष 2020-21 (अप्रैल 2020-मार्च 2021) के लिए अपना आयकर रिटर्न जल्द से जल्द दाखिल करने की अपील करते हुए कहा कि सभी आईटीआर को ई-फाइलिंग के लिए उपलब्ध कराया गया है। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा, वित्त वर्ष 2021-22 के लिए पोर्टल पर दो करोड़ से अधिक आईटीआर दाखिल किए गए हैं, जिनमें से आईटीआर। और 4 का हिस्सा 86 प्रतिशत है। यह बात उत्साहित करने वाली है कि 1.70 करोड़ से अधिक रिटर्न का ई-सत्यापन हो गया है, जिनमें से 1.49 करोड़ रिटर्न आधार कार्ड आधारित ओटीपी के जरिए किए गए हैं। विभाग के लिए आईटीआर की प्रक्रिया शुरू करने और रिफंड जारी करने के मामले में आधार कार्ड संबंधित ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) और अन्य तरीकों के माध्यम से ई-सत्यापन की प्रक्रिया जरूरी है।

सत्यापित आईटीआर। और 4 में से 1.06 करोड़ से अधिक आईटीआर प्रसंस्कृत किए जा चुके हैं और आकलन वर्ष 2021-22 के लिए 36.22 लाख से अधिक रिफंड जारी किए गए हैं। आईटीआर 2 और 3 की प्रोसेसिंग जल्द ही शुरू की जाएगी।

## थोक मुद्रास्फीति सितंबर में घटकर छह महीने के निचले स्तर 10.66 प्रतिशत पर

भाषा। नई दिल्ली


**खाद्य वस्तुओं** के दाम में नरमी के चलते थोक कीमतों पर आधारित मुद्रास्फीति सितंबर में घटकर 10.66 प्रतिशत पर आ गई, हालांकि इस दौरान कच्चे तेल में तेजी देखी गई। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति लगातार छठे महीने दहाई अंक में रही, हालांकि यह सितंबर 2021 में पिछले छह महीने में सबसे कम है। अगस्त में यह 11.39 फीसदी थी, जबकि सितंबर 2020 में महंगाई 1.32 फीसदी थी।वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा, पिछले वर्ष के इसी महीने के मुकाबले सितंबर 2021 में मुद्रास्फीति की उच्च दर मुख्य रूप से खनिज तेलों, मूल धातुओं, गैर-खाद्य वस्तुओं, खाद्य उत्पादों, कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस, रसायनों और रासायनिक उत्पादों आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण है। खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति में लगातार पांचवें महीने कमी हुई। इस दौरान सब्जियां सस्ती हुईं, हालांकि दलहन में तेज बनी रहीं। ईंधन और बिजली की मुद्रास्फीति सितंबर में 24.91 प्रतिशत थी, जो इससे पिछले महीने 26.09 प्रतिशत थी। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की कीमतों में सितंबर में 43.92 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो इससे पिछले महीने में 40.03 प्रतिशत थी।विनिर्मित उत्पादों की मुद्रास्फीति इस दौरान 11.41 प्रतिशत रही। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि अगस्त 2021 की तुलना में सितंबर 2021 में थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति में क्रमिक गिरावट खाद्य पदार्थों की कीमतों में हुई भारी कमी के चलते है, जबकि कम आधार प्रभाव के चलते ईंधन और बिजली के लिए मुद्रास्फीति में कमी आई।

नायर ने कहा, चार महीनों से लगातार नरमी के बाद हम अक्टूबर 2021 में डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति में वृद्धि और चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में इसके दहाई अंक में रहने की उम्मीद करते हैं।

# वाहन विनिर्माताओं से डीलरों के हित अलग नहीं हैं: उच्चतम न्यायालय

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) के एक आदेश को रद्द कर दिया, जिसने एक कार डीलर को एक भ्रामक विज्ञापन को लेकर सेवा में कमी के चलते 7.43 लाख रुपए का मुआवजा देने का निर्देश दिया था, और कहा कि डीलरों का हित वाहन विनिर्माता से अलग नहीं है। शिकायतकर्ता ने देहरादून स्थित एबी मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड से फोर्ड फिएस्टा (डीजल) कार खरीदी थी और उन्होंने अपनी शिकायत में दावा किया कि फोर्ड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने 31.4 किमी प्रति लीटर के औसत माइलेज का दावा करते हुए अखबारों में एक भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित किया था, जबकि गाड़ी का



वास्तविक माइलेज 15-16 किमी प्रति लीटर था। उन्होंने जिला उपभोक्ता फोरम के सामने एक शिकायत दर्ज की, जिस पर सुनवाई के बाद डीलर के साथ विनिर्माता को वाहन की वापसी कर उन्हें 7,43,200 रुपए का भुगतान करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा मुकदमे की लागत के रूप में 10,000 रुपए की राशि देने का आदेश भी दिया गया। इसके बाद फोर्ड इंडिया ने राज्य आयोग के समक्ष एक अपील दायर की, जिसे खारिज कर दिया गया। बाद में एनसीडीआरसी ने पुनरीक्षण याचिका को मंजूर कर लिया। इसबीच डीलरों को कार की कीमत का भुगतान करने के लिए जिला उपभोक्ता विवाद निवारण फोरम के दिशानिर्देशों के दायित्व के बोझ तले दबना पड़ा।शीर्ष अदालत एनसीडीआरसी के आदेश के खिलाफ डीलर द्वारा दायर एक अपील पर सुनवाई कर रही थी। न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता और न्यायमूर्ति वी रामसुब्रमण्यम की पीठ ने कहा कि चूंकि डीलरों का हित वाहन के विनिर्माता से अलह नहीं है, इसलिए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत उपभोक्ता मंचों द्वारा पारित आदेश उन डीलरों के खिलाफ कायम नहीं रह सकता, जिनका हित वाहन के विनिर्माता के साथ जुड़ा है। पीठ ने कहा कि वास्तव में वाहन विनिर्माता से मिलता है।

# पेज एक का शेष

## बीएसएफ के...

हालिया फैसले पर उन्होंने राज्य में गलत तरीके से हस्तक्षेप करने और राजनीतिक लाभ हासिल करने का एक कदम बताया है। ताजा निर्णय के अनुसार निम्नतम रैंक के एक बीएसएफ अधिकारी को अब सीआरपीसी के तहत मजिस्ट्रेट के आदेश के और वारंट के बिना शक्तियों और कर्तव्यों का पालन करने और निर्वहन करने का अधिकार है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को गजट अधिसूचना जारी कर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकार क्षेत्र को बढ़ाते हुए अपने अधिकारियों को सीमावर्ती राज्यों पंजाब, पश्चिम बंगाल, असम और त्रिपुरा के अंदर की सीमाओं से 50 किलोमीटर की सीमा तक गिरफ्तारी, तलाशी और जब्ती की शक्तियां दी हैं। सुप्रीम कोर्ट में दिए एक हलफनामे के अनुसार, देश में 40,000 रोहिंग्या अवैध रूप से घुसपैठ कर जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ हैदराबाद और बेंगलुरु जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में रह रहे हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बोधगया विस्फोटों की जांच में रोहिंग्याओं की भूमिका का खुलासा किया था। अधिकारियों ने कहा कि बांग्लादेश के एक आतंकवादी संगठन जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश ने भी आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए पश्चिम बंगाल और असम में जेहादियों का एक बड़ा नेटवर्क बनाया था। उन्होंने कहा कि भारत सहित विभिन्न देशों में रोहिंग्याओं को आतंकी कार्रवाई के लिए म्यांमार में पाकिस्तानी आतंकवादी समूह लश्कर-ए-तैयबा द्वारा रोहिंग्याओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। लश्कर को भारत में रोहिंग्या प्रवासियों का आतंकवादी गतिविधियों के लिए प्रयोग करने के लिए भी जाना जाता है जैसा कि बोधगया विस्फोटों में हुआ था। जारी अधिसूचना के अनुसार, बीएसएफ अधिकारी अब आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी), पासपोर्ट अधिनियम, नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक पदार्थ अधिनियम और पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के लिए अधिकृत हैं।

## केजरीवाल ने...

दी है। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने कहा था कि महामारी के बीच लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को देखते हुए सार्वजनिक स्थानों पर छठ मनाना प्रतिबंधित है। उन्होंने इस संवेदनशील मुद्दे पर भाजपा के विरोध को गंदी राजनीति बताकर खारिज कर दिया था।

## बांग्लादेश में...

दंगे कई दुर्गा पूजा आयोजन स्थलों तक फैल गए। इसने बताया कि स्थानीय प्रशासन और पुलिस पर उस वक्त हमला किया गया, जब वह कानून-व्यवस्था कायम करने की कोशिश कर रही थी। डेली स्टार समाचार-पत्र की खबर के मुताबिक बुधवार को उस वक्त कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए, जब कमीला की घटना के बाद चांदपुर के हाजीगंज उपजिला में भीड़ और पुलिस के बीच झड़प हो गई। खबर में बताया गया कि बाद में, बांग्लादेश पुलिस त्वरित कार्रवाई बटालियन (आरएबी) अपराध एवं आतंकवाद रोधी इकाई और अर्द्धसैनिक बल बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) को स्थिति को नियंत्रित करने के लिए तैनात किया गया। खबर के मुताबिक धार्मिक मामलों के मंत्रालय ने एक आपातकालीन नोटिस जारी किया, जिसमें जनता से कानून अपने हाथ में नहीं लेने का आग्रह किया गया और सांप्रदायिक सद्भाव व शांति बनाए रखने का फिर से आह्वान किया गया। खबर में बताया गया कि सरकार ने दुर्गा पूजा समारोह के दौरान हिंदू मंदिरों पर कई हमलों के बाद 22 जिलों में बीजीबी की तैनाती की है। उधर भारत ने कहा कि वह बांग्लादेश में दुर्गापूजा समारोहों के दौरान घटी कुछ अप्रिय घटनाओं के मद्देनजर पड़ोसी देश की सरकार के साथ सम्पर्क में है तथा वहां की सरकार ने इन घटनाओं को लेकर त्वरित कार्रवाई की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

## आर्यन खान...

से व्यक्तिगत तौर पर कुछ भी नहीं मिला है। हालांकि, व्हाट्सऐप चैट से उनके मादक पदार्थ तस्करों से संबंध का खुलासा हुआ है। एएसजी ने आगे कहा कि क्रूज शिप पर मर्चेंट के पास से जब्त मादक पदार्थ आर्यन और मर्चेंट के लिए था। एनसीबी यह भी दावा कर रही है कि आर्यन के अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ गिरोह के सदस्यों से संबंध है। एएसजी ने कहा कि गिरोह के सदस्यों की पहचान के लिए विदेश मंत्रालय के संपर्क में हैं। सिंह ने एक अन्य मामले में उच्च न्यायालय के फैसले का हवाला दिया जिसमें कहा गया था कि अगर आरोपी का मादक पदार्थ तस्कर से संपर्क का संकेत मिलता है तो मादक पदार्थ की उसके पास से बरामदगी नहीं होने पर भी जमानत नहीं दी जानी चाहिए।

## यूनिटेक के...

को निलंबित करने, उनके खिलाफ मामला दर्ज करने और उनकी संजय तथा अजय चंद्रा के साथ संलिप्तता की पूर्ण जांच करने के निर्देश दिए थे। शीर्ष अदालत ने यह भी निर्देश दिया था कि तिहाड़ जेल के अधिकारी, जो प्रथम दृष्टया जांच के दौरान संलिप्त पाए गए हैं, उन्हें निलंबित किया जाना चाहिए और केन्द्रीय गृह मंत्रालय को उन सुझावों का जवाब देने का निर्देश दिया जो अस्थाना की रिपोर्ट में दिए गए हैं। उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद चंद्रा बंधुओं को तिहाड़ जेल से मुंबई की आर्थर रोड जेल और तलोजा सेंट्रल जेल भेज दिया गया है। अदालत ने कहा कि संजय चंद्रा और अजय चंद्रा के आचरण, और आदेशों की धज्जियां उड़ाने तथा अदालत के अधिकार क्षेत्र को कमजोर करने के लिए तिहाड़ जेल के अधिकारियों के साथ साठगांठ करने से जुड़ी प्रवर्तन निदेशालय की दो रिपोर्ट, कुछ 'गंभीर और चौंकाने' वाले मुद्दों पर प्रकाश डालती हैं।

## लखीमपुर कांड...

से 17 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में थे। जांच दल बृहस्पतिवार को अंकित दास, लतीफ और शेखर भारती को पुलिस हिरासत में लेने के लिए सुबह जिला जेल परिसर पहुंचे। तीनों को रिजर्व पुलिस लाइन स्थित अपराध शाखा कार्यालय ले जाया गया, जहां आशीष मिश्रा मोनू पहले से ही पुलिस हिरासत में है। गौरतलब है कि तीन अक्टूबर को लखीमपुर खीरी जिले के तिकोनिया इलाके में किसानों के प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में चार किसानों समेत आठ लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा तथा अन्य के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

## वरुण गांधी...

खड़े होने से नहीं हिचकिचाएंगे। गांधी ने उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में चार किसानों की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है, जो कथित रूप से भाजपा नेताओं से जुड़ी कारों से कुचले गए थे। गांधी को हाल में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी से हटा दिया गया। इसे गांधी से पार्टी नेतृत्व की नाराजगी के रूप में देखा गया था।

## उत्तर से...

कॉरपोरेशन (पीओएसओसीओ) के अनुसार बिजली की कमी से सबसे ज्यादा राजस्थान, पंजाब और हरियाणा जूझ रहे हैं। बिहार और झारखंड में भी क्रमशः 5.12 मेगा यूनिट और 4.92 मेगा यूनिट कम आपूर्ति हो रही है। इन दोनों ही राज्यों में इस समय 8 से 10 घंटे बिजली कटौती की जा रही है। बीते 13 अक्टूबर को गुजरात में 3.83 मेगा यूनिट, आंध्र प्रदेश में 3.84 मेगा यूनिट, राजस्थान में 17.89 मेगा यूनिट, पंजाब में 5.25 मेगा यूनिट, हरियाणा में 8.73 मेगा यूनिट और उत्तर प्रदेश में 1.92 मेगा यूनिट की कमी दर्ज की गई। इसी तरह जम्मू-कश्मीर और लद्दाख क्षेत्रों में 3.45 मेगा यूनिट तक की आपूर्ति में कमी देखी गई। दिल्ली में बिजली की कोई कमी नहीं है। गुरुवार को दिल्ली में सबसे ज्यादा मांग 4179 मेगावाट दर्ज की गई, जिसे डिस्कॉम ने पूरा किया।

## संयंत्रों को...

के एक दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने राज्य में कुछ परियोजनाओं का जायजा लेने के अलावा कोल इंडिया की इकाई सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) और भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के शीर्ष अधिकारियों के साथ लंबी बैठकें कीं। जोशी ने सीआईएल की सहायक कंपनियों के अधिकारियों से कहा कि त्योहार शुरू हो गये हैं और बिजली संयंत्रों को कोयले की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है।

## पाकिस्तान ने...

एयर से काबुल-इस्लामाबाद का किराया कम करना पड़ेगा अन्यथा उन्हें विमानों का परिचालन रोकना होगा। अफगानिस्तान के परिवहन और नागर विमानन मंत्रालय की ओर से लिखे गए एक पत्र में कहा गया कि पीआईए और काम एयर को काबुल से इस्लामाबाद के बीच किराया उस दर पर लाना होगा जो 15 अगस्त से पहले था। काबुल से बाहर नियमित उड़ानें संचालित करने वाली पीआईए एकमात्र विदेशी कंपनी है। बीबीसी उर्दू की खबर के अनुसार, इस्लामाबाद तक की विमान सेवा के लिए अगस्त की तुलना में 10 गुना किराया वसूला जा रहा है।

## सौ करोड़...

खिलाफ लड़ाई में अथक प्रयास कर रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने बुधवार को कहा था कि देश में अक्टूबर के दौरान 28 करोड़ से अधिक खुराक का उत्पादन होगा। मंडाविया ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि लगभग 73 फीसदी आबादी को वैक्सीन की एक खुराक और करीब 29 फीसदी को दोनों खुराक मिल चुकी है।

# आज फिर चैंपियन बनने की बारी

## ●सीएसके व केकेआर होंगे आमने-सामने

**भाषा**। दुबई

**महेंद्र** सिंह धोनी की करिश्माई कप्तानी चेन्नई सुपर किंग्स का रक्षा कवच साबित होगी जब शुक्रवार को आईपीएल के खिताबी मुकाबले में उसका सामना स्पिन तिकड़ी के दम पर फाइनल में पहुंची कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। दुनिया भर के क्रिकेटप्रेमियों को दशहरे के दिन कैप्टन कूल की आतिशी पारी का भी इंतजार रहेगा जो पीली जर्सी में शायद आखिरी बार देखने को मिले।

आंकड़ों की बात करे तो चेन्नई 12 सत्रों में नौ बार फाइनल में पहुंची है चूंकि दो सत्रों में वह लीग से बाहर थी। चेन्नई ने तीन खिताब जीते और पांच बार फाइनल में हारी जबकि केकेआर ने दोनों खिताब गौतम गंभीर की कप्तानी में जीते हैं। फाइनल तक पहुंचने की कला चेन्नई से बेहतर कोई टीम नहीं जानती है।

दूसरी ओर केकेआर ने 2012 में आखिरी खिताब जीता था जब दो गेंद बाकी रहते 190 रन का लक्ष्य हासिल किया था। चेन्नई के लिए चौथा खिताब जीतने की संभावना इस बात पर निर्भर करती है कि वह केकेआर की स्पिन तिकड़ी वरुण चक्रवर्ती, शाकिब अल हसन और सुनील नारायण का सामना कैसे करते हैं। तीनों ने टूर्नामेंट में सात से कम की औसत से प्रति ओवर रन दिए हैं।

आंद्रे रसेल के हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बाहर होने से शाकिब का हरफनमौला प्रदर्शन केकेआर को संतुलन देता आया है। वैसे फाइनल मैच के अपने दबाव होते हैं और सामने धोनी जैसा कप्तान हो तो इन तीनों के लिए इस प्रदर्शन को दोहरा पाना आसान नहीं होगा।

धोनी का सरल मंत्र है कि अनुभव पर भरोसा करो। उन्होंने रूतुराज गायकवाड़ का मार्गदर्शन किया जब 2020 में क्वालीफिकेशन का दबाव उन पर नहीं था। रूतुराज इस सत्र में तीन अर्धशतक समेत 600



से ज्यादा रन बना चुके हैं। धोनी ने अपनी नेतृत्व क्षमता के दम पर अगले साल ही नहीं बल्कि आने वाले कई सालों तक के लिए टीम की नींव मजबूत कर दी है। रूतुराज अगर चेन्नई के अगले कप्तान बनते हैं तो इसमें कोई हैरानी नहीं होगी चूंकि धोनी अगले साल या उसके बाद आईपीएल को अलविदा कहने का ऐलान कर सकते हैं। आईपीएल को धोनी से बेहतर कोई नहीं समझ सकता। यही वजह है कि उनकी टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन करती आई है। पिछले साल लीग चरण से बाहर होने वाली पहली टीम बनी चेन्नई यादगार वापसी करके इस बार फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी।

चेन्नई के पास अनुभव की कमी नहीं है। धोनी 40 पार कर चुके हैं जबकि ड्वेन ब्रावो 38, फाफ डु प्लेसी 37, अंबाती रायुडू और रॉबिन उथप्पा 36 वर्ष के हैं। मोईन अली और रविंद्र जडेजा भी 30 पार हैं।

अपने संसाधनों का सही प्रयोग करने की कला में धोनी को महारत हासिल है। इस सत्र में सभी ने देखा कि धोनी के चहेते और आईपीएल के लीजैंड सुरेश रैना को भी टीम से बाहर बैठना पड़ा। बढे हुए वजन और खराब फॉर्म से जूझ रहे रैना की जगह उथप्पा ने ली और दिल्ली के खिलाफ टीम की जीत के सूत्रधार रहे।

दूसरी ओर केकेआर के पास विश्व कप विजेता कप्तान है जिसने सीमित ओवरों के क्रिकेट में इंग्लैंड टीम का कायाकल्प किया है। कइयों का मानना था कि मोर्गन की जगह रसेल को कप्तानी सौंपनी चाहिए लेकिन मोर्गन पर टीम प्रबंधन ने भरोसा किया। उन्होंने शुभमन गिल से ही पारी की शुरूआत कराना जारी रखा और आखिर गिल के बल्ले से रन निकले।

### टीमें

**चेन्नई सुपर किंग्स:** महेंद्र सिंह धोनी, सुरेश रैना, अंबाती रायुडु, केएम आसिफ, दीपक चाहर, ड्वेन ब्रावो, फाफ डु प्लेसिस, इमरान ताहिर, एन जगदीसन, कर्ण शर्मा, लुंगी एनगिडी, मिशेल सेंटनर, रविंद्र जडेजा, रुतुराज गायकवाड़ , शार्दुल ठाकुर, आर साई किशोर, मोईन अली, के गौतम, चेतेश्वर पुजारा, हरिशंकर रेड्डी, भगत वर्मा, सी हरि निशांत। **कोलकाता नाइट राइडर्स:** इयोन मोर्गन, दिनेश कार्तिक, गुरकीरत सिंह मान, करुण नायर, नितीश राणा, राहुल त्रिपाठी, शुभमन गिल, हरभजन सिंह, कमलेश नागरकोटी, कुलदीप यादव, लॉकी फर्गुसन, पवन नेगी, एम प्रसिद्ध कृष्णा, संदीप वारियर, शिवम दुबे, टिम साउदी, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती, आंद्रे रसेल, बेन कटिंग, शाकिब अल हसन, सुनील नारायण, वेंकटेश अय्यर, शेल्डन जैक्सन, टिम सीफर्ट।

## आचार संहिता उल्लंघन के लिए दिनेश कार्तिक लगी को फटकार

**शारजाह**। कोलकाता नाइट राइडर्स के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ दूसरे आईपीएल क्वालीफायर के दौरान लीग की आचार संहिता के उल्लंघन के कारण फटकार लगाई गई है। उस घटना का उल्लेख नहीं किया गया है जिसकी वजह से फटकार लगी है लेकिन रोमांचक मुकाबले में आउट होने के बाद कार्तिक को स्टम्प उखाड़ते देखा गया था।

कार्तिक ने लेवल एक का अपराध स्वीकार कर लिया है। आईपीएल द्वारा जारी बयान में कहा गया कि कोलकाता नाइट राइडर्स के दिनेश कार्तिक को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 13 अक्टूबर को आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के कारण फटकार लगाई गई है।

# फाइनल खेल सकते हैं रसेल: हसी

**शारजाह**। दूसरे क्वालीफायर में मध्यक्रम के बल्लेबाजों की नाकामी पर चिंतित होने की बजाय कोलकाता नाइट राइडर्स के मुख्य मेंटर डेविड हसी ने कहा है कि आंद्रे रसेल चोट से उबर रहे हैं और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल फाइनल खेल सकते हैं। मध्यक्रम की नाकामी के बावजूद केकेआर ने दिल्ली कैपिटल्स को तीन विकेट से हराया। हैमस्ट्रिंग चोट के शिकार रसेल कुछ मैचों से बाहर रहे हैं लेकिन चेन्नई के खिलाफ फाइनल खेल सकते हैं। हसी ने दिल्ली पर मिली जीत के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि दिल्ली के खिलाफ मैच से पहले वह गेंदबाजी कर रहा था तो वह खेल सकता है। 136 रन के आसान लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआर ने 3 . 5 ओवर में



सात रन के भीतर छह विकेट गंवा दिए। राहुल त्रिपाठी ने आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद पर छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। हसी ने कहा कि मैं मध्यक्रम की विफलता से चिंतित नहीं हूं क्योंकि सभी शानदार खिलाड़ी हैं।इन्हें पता है कि कैसे खेलना है। हम पूरे आत्मविश्वास के साथ दुबई जा रहे हैं और कोई नहीं जानता कि क्या हो सकता है।

उन्होंने कहा कि पूरा श्रेय केकेआर के कप्तान इयोन मोर्गन को जाता है। हमें उस पर पूरा भरोसा है।दिनेश कार्तिक और शाकिब अल हसन भी अगला मैच खेलेंगे। वे अपने देश के लिए और आईपीएल टीम के लिए भी कई बार मैच जीत चुके हैं। मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के सामने चयन की कठिन समस्या होगी। हसी ने वेंकटेश अय्यर और शुभमन गिल की तारीफ की। उन्होंने कहा कि हमें वेंकटेश अय्यर के रूप में शानदार खिलाड़ी मिल गया है। वह बेहतरीन इंसान और टीम मैन है। उसने और गिल ने अच्छी साझेदारी की और उनका तालमेल जबर्दस्त था।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में सीनियरों को मिलेगा आराम

## ●द्रविड़ बन सकते हैं अंतरिम कोच

**भाषा**। नई दिल्ली

**हो** सकता है कि भारत टी-20 विश्व कप फाइनल के एक हफ्ते से भी कम समय बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली टी-20 श्रृंखला के दौरान अपने ज्यादातर सीनियर खिलाड़ियों को विश्राम दे। उम्मीद है कि घरेलू सरजमीं पर न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टी-20 मैचों में एक युवा टीम मैदान पर उतरेगी जिसमें ज्यादातर इंडियन प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी होंगे। भारत को 17, 19 और 21 नवंबर को क्रमश: जयपुर, रांची और कोलकाता में तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने हैं। इसके बाद कानपुर (25 नवंबर से) और मुंबई (तीन दिसंबर से) में दो टेस्ट मैच खेले जाएंगे।



शीर्ष भारतीय खिलाड़ी जैसे कप्तान विराट कोहली, उप कप्तान रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह जून में साउथम्पटन में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के शुरू होने के बाद से ही बायो-बबल में रह रहे हैं इसमें से इंग्लैंड में जैविक रूप से सुरक्षित वातावरण काफी कम बंदिशों वाला था, जिससे मैनचेस्टर में पांचवां टेस्ट भारतीय खेमे में कोविड-19 मामले आने के कारण रद्द कर दिया गया था। चयन समिति में इन घटनाक्रम पर सूत्र ने कहा कि ज्यादातर भारतीय खिलाड़ी, सीनियर खिलाड़ी पिछले चार महीनों में लगातार तीन बायो-बबल में रहे हैं। संभावना है कि टी-20 विश्व कप के बाद आप चाहोगे कि वे विश्राम लेकर दिसंबर के अंत में शुरू होने वाले दक्षिण अफ्रीका दौरे से पहले तरोताजा हो जाएं। यह पहले से ही तय है कि कोहली, बुमराह और मोहम्मद शमी जैसे खिलाड़ियों को विश्राम दिया जाएगा। यहां तक कि रोहित भी इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के बाद से लगातार खेल रहे हैं, उन्हें भी विश्राम की जरूरत होगी लेकिन कोहली के टी-20 कप्तानी पद से हटने के बाद यह देखना होगा कि कार्यभार प्रबंधन इस स्थिति से कैसे निपटता है। ऐसी स्थिति में संक्षिप्त दौरे के लिए रूतुराज गायकवाड़, हर्षल पटेल, आवेश खान और वेंकटेश अय्यर को आजमाया जा सकता है। इस बात को लेकर अटकलों का दौर जारी है कि न्यूजीलैंड श्रृंखला के दौरान राहुल द्रविड़ अंतरिम कोच होंगे। निर्वतमान रवि शास्त्री का कार्यकाल इस महीने टी-20 विश्व कप के साथ ही खत्म हो रहा है। हालांकि राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी प्रमुख द्रविड़ को अगले साल होने वाले अंडर-19 विश्व कप के लिए खाका भी तैयार करना होगा

बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) को भरोसा है कि वे समय पर नया कोच नियुक्त कर देंगे। इससे पहले उन्हें मदन लाल को क्रिकेट सलाहकार समिति से हटाना होगा क्योंकि वह 70 से ज्यादा उम्र के हैं और लोढा समिति की सिफारिशों के अनुसार उम्र संबंधित पांबदियां अनिवार्य हैं।

## भारत के खिलाफ अभ्यास मैच में उपलब्ध रहेंगे

**दुबई**। आस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच अगस्त में हुई घुटने की सर्जरी से समय से पहले ही उबर गए हैं जिससे वह 20 अक्टूबर को भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप अभ्यास मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे।

शुरू में फिंच की आस्ट्रेलिया के न्यूजीलैंड (18 अक्टूबर) और भारत (20 अक्टूबर) के खिलाफ दो अभ्यास मैचों में उपलब्धता पर संशय जताया जा रहा था।

उन्होंने गुरूवार को टूर्नामेंट से पूर्व वर्चुअल कांफ्रेंस में कहा कि हां घुटना ठीक है। मुझे लगता है कि सर्जरी के बाद कल इसे नौ हफ्ते हो जाएंगे। इसलिए सब कुछ ठीक से चल रहा है। यह निर्धारित समय से शायद दो हफ्ते पहले ही है।

# भारतीय महिला बैडमिंटन टीम क्वार्टरफाइनल में जापान से हारी

### उबेर कप

**भाषा**। आरहस (डेनमार्क)

**भारतीय** महिला बैडमिंटन टीम गुरूवार को यहां क्वार्टरफाइनल में जापान से हारकर उबेर कप से बाहर हो गई जबकि पुरुष टीम ने थॉमस कप में अपना ग्रुप चरण का अभियान चीन से हारकर समाप्त किया। पहले ही क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर चुकी भारतीय पुरुष टीम अंतिम ग्रुप मैच में मजबूत चीन से 1-4 से पराजित हो गई और ग्रुप में चीन के बाद दूसरे स्थान पर रही जिससे शुक्रवार को अंतिम आठ में उसका सामना डेनमार्क से होगा।

शीर्ष स्टार खिलाड़ी ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू के बिना खेल रही भारतीय महिला टीम को साइना नेहवाल के चोटिल होने के कारण हटने से करारा झटका लगा। भारतीय महिला टीम को अंतिम आठ में जापान से पराजय का सामना करना पड़ा जिसने 3-0 की बढ़त बनाकर मुकाबला अपने नाम किया।

मालविका बंसोद दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी अकाने यामागुची के आगे कहीं नहीं टिक सकीं और 34 मिनट तक चले मैच में 12-21 17-21 से हार गईं। तनीषा कार्स्टो और रूतुपर्णा पांडा को युकी फुकुशिमा और मायू मातसुमोटो की जाड़ी से 8-21 10-21 से पराजय मिली जिससे जापान ने 2-0 से बढ़त बना ली। अदिति भट्ट के साथ भी ऐसा ही हुआ, वह सयाका ताकाहाशी के खिलाफ दूसरे एकल में महज 29 मिनट में से हार गई। जापान ने इस तरह बेस्ट ऑफ फाइव मुकाबला जीत लिया। थॉमस कप के मैच में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी ही एकमात्र जीत दर्ज कर सकीं।

## विराट के साथ आपसी द्वंद्व का अलग मजा: एंडरसन

**लंदन**। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने कहा कि उन्होंने इस वर्ष टेस्ट श्रृंखला के दौरान विराट कोहली के साथ आपसी द्वंद्व का भरपूर आनंद उठाया और इस स्टार बल्लेबाज के साथ अपने कई मुकाबलों में इसे पसंदीदा करार दिया। भारत और इंग्लैंड के बीच जब टेस्ट मैच होते हैं तो तब कोहली बनाम एंडरसन का मुकाबला हमेशा चर्चा में रहता है।

एंडरसन ने 2014 में अपना दबदबा बनाया तो कोहली ने 2018 के इंग्लैंड दौरे में अपना जलवा दिखाकर इस तेज गेंदबाज की एक नहीं चलने दी। इस वर्ष एंडरसन ने चार टेस्ट मैचों में दो बार कोहली को आउट किया।

एंडरसन ने कहा, विराट के साथ इन गर्मियों में मुकाबला मेरा पसंदीदा है। पिछले कुछ वर्षों में भारत और इंग्लैंड में हमारे बीच कुछ अच्छे मुकाबले हुए लेकिन इस साल का मुकाबला निश्चित तौर पर मेरा पसंदीदा है।

# अगले सत्र में इसी टीम को फिर देखना चाहूंगा: पोंटिंग

**भाषा**। शारजाह

**दिल्ली** कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग को पता है कि आईपीएल की नीलामी में उनकी टीम तीन या चार खिलाड़ियों को ही बरकरार रखेगी लेकिन उन्होंने कहा कि संभव होने पर उन्हें अगले सत्र में भी इसी टीम के साथ लीग में उतरने पर कोई ऐतराज नहीं है। पोंटिंग ने स्वीकार किया कि बुधवार को दूसरे क्वालीफायर में कोलकाता नाइट राइडर्स ने उनकी टीम को उन्नीस साबित कर दिया। उन्होंने मैच के बाद कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मैं सभी को इसी टीम में फिर देखना चाहूंगा। यह शानदार टीम है और खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ, कोचों ने बेहतरीन काम किया है। हमारे प्रदर्शन से ही पता चलता है। पोंटिंग ने कहा कि इस तरह से सत्र का



अंत होना निराशाजनक है। हमें पता है कि तीन या चार खिलाड़ियों को ही रिटेन किया जाएगा। अधिकांश खिलाड़ी फिर नीलामी में जाएंगे और मैं कोशिश करूंगा कि इनमें से अधिकांश फिर दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा हो सके। मैने इनके साथ पिछले तीन सत्र का काफी लुत्फ उठाया है। आस्ट्रेलिया के इस महान क्रिकेटर ने कहा कि इन सभी को या अधिकांश को फिर दिल्ली कैपिटल्स में वापिस लाना मेरा लक्ष्य होगा।

# दिमित्रोव ने मेदवेदेव को हराया

### इंडियन वेल्स टेनिस

**एपी**। इंडियन वेल्स

**ग्रिगोर** दिमित्रोव ने बीएनपी परीबस ओपन के चौथे दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव को 4-6, 6-4, 6-3 से हराकर उलटफेरों का सिलसिला जारी रखा। इसके साथ ही इस एटीपी-डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट में महिला पुरुष दोनों वर्गों में शीर्ष दो खिलाड़ी बाहर हो चुके हैं। कैरोलिना प्लिसकोवा तीसरे दौर में हार गई जबकि दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक को चौथे दौर में पराजय झेलनी पड़ी।

इस साल पांचवां खिताब जीतने की कोशिश में जुटे अमेरिकी ओपन चैम्पियन मेदवेदेव ने पहला सेट जीतने के बावजूद मैच गंवा दिया। दूसरी ओर 23वीं रैंकिंग वाले दिमित्रोव ने 2016 के बाद पहली बार शीर्ष दो में से किसी खिलाड़ी को हराया है। तब उन्होंने एंडी में को



मियामी में मात दी थी। दिमित्रोव पहली बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं जहां उनका सामना आठवीं रैंकिंग वाले हुबर्ट हुरकाज से होगा जिन्होंने 19वीं वरीयता प्राप्त एशियन कारात्सेव को 6-1, 6-3 से हराया। दूसरी रैंकिंग वाले स्टेफानोस सिटसिपास ने एलेक्स डे मिनाउर को 6-7, 7-6, 6-2 से हराया। वहीं तीसरी रैंकिंग वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने गाएल मोंफिल्स को 6-1, 6-3 से मात दी।

महिला वर्ग में दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी विक्टोरिया अजारेंका ने अमेरिका की जेसिका पेगुला को 6-4, 6-2 से मात दी। अब उनका सामना 24वीं रैंकिंग वाली एलेना ओस्टापेंको से होगा। फ्रेंच ओपन 2017 चैम्पियन ओस्टापेंको ने अमेरिका की शेलबी रोजर्स को 6-4, 4-6, 6-3 से हराया।

वहीं 11वीं रैंकिंग वाले डिएगो श्वार्त्जमैन, 21वीं रैंकिंग वाले कैमरन नॉरी, 29वीं रैंकिंग प्राप्त निकोलोज बी और अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

# कोहनी की चोट परेशान कर रही है: विलियमसन

**भाषा**। दुबई

**न्यूजीलैंड** के कप्तान केन विलियमसन ने टी-20 विश्व कप के अपने से पहले अपनी फिटनेस से जुड़ी चिंताओं को खास तवज्जो न देते हुए कहा कि उनकी जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव (हैमस्ट्रिंग की चोट) मामूली है लेकिन कोहनी की हल्की चोट से उन्हें ग्रिप बनाने में परेशानी हो रही है।

टी-20 विश्व कप 17 अक्टूबर से शुरू होगा लेकिन न्यूजीलैंड अपना पहला मैच 26 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने एक दिन पहले कहा था कि वह विलियमसन के पूरी तरह फिट होने को लेकर आश्वस्त हैं और कीवी कप्तान ने भी यही बात दोहराई। विलियमसन ने संवाददाताओं से कहा कि यह मामूली चोट है, मैं अच्छा हूं। प्रगति अच्छी है। किसी तरह की चिंता नहीं है। उन्होंने हालांकि स्वीकार किया कि कोहनी की चोट की प्रगति धीमी है जिसके कारण वह पिछले कुछ समय से परेशान हैं। विलियमसन ने कहा कि इसकी प्रगति थोड़ी धीमी रही। लंबे समय तक यह काफी निराशाजनक रहा।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के बाद हालांकि पिछले दो महीनों में इसमें निश्चित रूप से थोड़ा सुधार हुआ है। लेकिन इससे मुझे ग्रिप बनाने में थोड़ी परेशानी हो रही है।

अपनी टीम की तैयारियों के बारे में विलियमसन ने कहा कि पूर्व तेज गेंदबाज शेन बांड का सहयोगी स्टाफ में होना बहुत अच्छा है।

इंडियन्स के गेंदबाजी कोच बांड को विशेष तौर पर स्पिनरों की मदद करने के लिए कीवी टीम से जोड़ा गया है। विलियमसन ने कहा कि बांड के पास अपार अनुभव है।

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given to the General Public that M/s Radha Govind Samiti is the owner and in possession of Property bearing No. A-2, area measuring 75 sq. yds., Shankar Garden, New Delhi. "Said property". Further, Original Sale Deed dated 30.03.1966 executed by Mr. Jit Ram in favour of Mrs. Mohinder Kaur in respect of the said property is lost. All persons are hereby informed that above mentioned owner intends to sell the said property to a buyer/customer who intends to take a loan from our client i.e. ICICI Bank by mortgaging the said property to our client, if any body has any objection/s upon said property / its ownership & Title/ its Sale and Mortgage, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 7 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given to General Public that Park Industries Pvt. Ltd. is absolute owner of property having Khewat No. 161, Khatoni No. 181, Khasra No.1420/2/2(3-0), 1648/1(4-5), 1649/2(2-16) in Village-Begumpur, Tehsil-Ghrounda, Karnal, Haryana ('Said Property') purchased vide Registered Sale Deed having Vasika No.338 dated 01.05.2019 from Park Non Woven Pvt. Ltd. ('Seller') Back Chain title deed of Said Property having Vasika no. 711 dt. 15-7-2010 in name of Seller is lost and report for lost/FIR for same lodged on dated 25.08.2021. If any person found/ claims to have the said original deed Vasika No.711 dt. 15-7-2010 or has any right, title, interest or claim in said Property, is required to notify to us at the address given hereunder in writing with the proof within 10 (Ten) days from the date of publication of this Notice.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

Public Notice
Be it known to all that My Clients **Mr. Omvir Shokeen** S/o Sh. Desram and **Mrs. Rajwanti** W/o Sh. Omvir Shokeen R/o H.No. 1, Main Road Nilothi, Delhi-41, has disowned their son **Deepanshu Shokeen** & daughter in law **Shreya** W/o Deepanshu Shokeen from all their movable/ immovable properties and severed all their relations both legal & social with his due to disrespectful behavior. Any person dealing with them shall be doing so at his/her own risk, and my clients shall not be responsible for the same.
**Advocate : Sanjeev Dwivedi :** 48, Gajanand Block, Tis Hazari Courts, New Delhi-54

Public Notice
Be it known to all that My Clients **Mr. Omvir Shokeen** S/o Sh. Desram and **Mrs. Rajwanti** W/o Sh. Omvir Shokeen R/o H.No. 1, Main Road Nilothi, Delhi-41, has disowned their son **Deepanshu Shokeen** & daughter in law **Shreya** W/o Deepanshu Shokeen from all their movable/ immovable properties and severed all their relations both legal & social with his due to disrespectful behavior. Any person dealing with them shall be doing so at his/her own risk, and my clients shall not be responsible for the same.
**Advocate : Sanjeev Dwivedi :** 48, Gajanand Block, Tis Hazari Courts, New Delhi-54

PUBLIC NOTICE
We, M/s Shri Ganesh Enterprises (A-10/2, Sector 18, Rohini, New Delhi 110085), hereby inform and confirm that we authorize M/s Shri G Engineering Services (19-A, Surya Apartment, Sector 13, Rohini, New Delhi) to participate in all the tenders on behalf of M/s Shri Ganesh Enterprises. All the work experiences of our company ,M/s Shri Ganesh Enterprises, will be consider for M/s Shri G Engineering Services to participate in any tender as our team will work under the name of M/s Shri G Engineering Services. Also, We, M/s Shri Ganesh Enterprises will not participate in any tenders in which M/s Shri G Engineering Services will to participate. No finanacial related terms of M/s Shri ganesh Enterprises will affect the will of M/s Shri G Engineering Services.
This authorization is given just to confirm that we, M/s Shri Ganesh Enterprises, will not participate in any tender related activity due to company fianancial issues.

PUBLIC NOTICE
Last page of original sale deed duly registered vide Registration No. 10,639, Book No. 1, Volume No. 3071, at Pages 37 to 47, Registered on 22.10.2007, in the office of Sub- Registrar VIII, New Delhi in respect of Property Bearing No. 179, Ground Floor, Jagriti Enclave, Delhi-110092 executed in favour of Smt. Meenu Jain belonging to Mr. Pawan Jain S/o Padam Chand Jain, R/o 29, Rishabh Vihar, Karkardooma, East Delhi-110092 got lost on 15.09.2021. NCR has been lodged vide LR no. 766769/2021, in Crime Branch, Delhi dated 29.09.2021. Whosoever finds the same within 07 days from the date of publication shall communicate to Mr. Pawan Jain S/o Padam Chand Jain R/o 29, Rishabh Vihar, Karkardooma, East Delhi-110092.
Contact no. : 9810200459.

ICICI Bank
**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी
नियम 8 (6) का परंतुक देखें,
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिये ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पून: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।
सर्वजन तथा व्यक्तिगत रुप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृरित अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एंव दर्शाये विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहॉं है, जैसी है" एवं जैसी है, वैसी है " एवं जिस भी स्थिीत में है " के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | सोम्या जैन (कर्जदार), LBNOD00002007549 | सी-3/125, टावर-सी3, 12वीं मंजिल, अरावली हाइट्स, सेक्टर 24, धारूहेड़ा, रेवाड़ी, एरिया-1555 वर्ग फीट | रू. 69,70,108/- (अक्टुबर 05, 2021 तक) | रू. 36,00,000/- / रू. 3,60,000/- | अक्टुबर 22, 2021 को दो.12:00 बजे से दो. 03:00 बजे तक | नवम्बर 08, 2021 सु. 11:00 बजे से |
| 2. | धर्मेंद्र कुमार (कर्जदार)/ सुमिता सिंह (सह कर्जदार) LBNOD00002029333 | सी-4/121, टावर- 12वीं मंजिल, अरावली हाइट्स, सेक्टर 24, धारूहेड़ा, रेवाड़ी, एरिया-1548 वर्ग फीट | रू. 66,83,838/- (अक्टुबर 05, 2021 तक) | रू. 25,00,000/- / रू. 2,50,000/- | अक्टुबर 22, 2021 को दो.12:00 बजे से दो. 03:00 बजे तक | नवम्बर 08, 2021 सु. 11:30 बजे से |
| 3. | धर्मेंद्र कुमार (कर्जदार)/ सुमिता सिंह (सह कर्जदार) LBNOD00002030018 | डी-5/134, टावर- डी5, 13वीं मंजिल, अरावली हाइट्स, सेक्टर 24, धारूहेड़ा, रेवाड़ी, एरिया- 1207 वर्ग फीट | रू. 59,76,138/- (अक्टुबर 05, 2021 तक) | रू. 28,00,000/- / रू. 2,80,000/- | अक्टुबर 22, 2021 को दो.12:00 बजे से दो. 03:00 बजे तक | नवम्बर 08, 2021 दो. 12:00 बजे से |
| 4. | मांगे राम जैन (कर्जदार)/ अनामिका जैन (सह कर्जदार) LBNOD00002011506 | डी-2/134, टावर- डी2, 13वीं मंजिल, अरावली हाइट्स, सेक्टर 24, धारूहेड़ा, रेवाड़ी, एरिया-1207 वर्ग फुट | रू. 53,16,335/- (अक्टुबर 05, 2021 तक) | रू. 19,00,000/- / रू. 1,90,000/- | अक्टुबर 22, 2021 को दो.12:00 बजे से दो. 03:00 बजे तक | नवम्बर 08, 2021 दो. 12:30 बजे से |
| 5. | मांगे राम जैन (कर्जदार)/ अनामिका जैन (सह कर्जदार) LBNOD00002029715 | डी-2/131, टावर- डी2, 13वीं मंजिल, अरावली हाइट्स, सेक्टर 24, धारूहेड़ा, रेवाड़ी, एरिया-1207 वर्ग फुट | रू. 51,81,418/- (अक्टुबर 05, 2021 तक) | रू. 28,00,000/- / रू. 2,80,000/- | अक्टुबर 22, 2021 को दो.12:00 बजे से दो. 03:00 बजे तक | नवम्बर 08, 2021 दो. 12:30 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था मैसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं कों **नवम्बर 06, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अतिंम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पतियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005** में जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक- **नवम्बर 06, 2021** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005** में निविदा प्रलेखों की हस्तांक्षरित प्रति को दिनांक **नवम्बर 06, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।
सम्पति अवलोकन, नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8657476284** या मैसर्स **नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** को फोन नंबर **9710029933/ 9810029926/ 01244233933** पर संपर्क करे।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है। बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे।
**तिथि : अक्टुबर 14, 2021**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर**
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# मुझे अपने काम से बोलना है



खुशबू कीर्ति के साथ एक खुली बातचीत में अनन्या सेनगुप्ता कहती हैं कि हम अब पश्चिम से मान्यता नहीं मांग रहे हैं क्योंकि हम जानते हैं कि हम कहां खड़े हैं।

फ्रेडरिक नीत्शे ने एक बार कहा था, ''जो अपने राक्षसों से लड़ता है, उसे ध्यान रखना चाहिए कि वह खुद राक्षस न हो जाए।'' एनिग्मा - द फॉलन एंजेल, जो एक पुरस्कार विजेता लघु-फिल्म है, ठीक इसी - मन के सियाहे, छिपे हुए अवकाश - की खोज करती है। यह फिल्म ऋचा और मायरा के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है। समारोहों में असंख्य पुरस्कार जीतने के अलावा, इस लघु फिल्म ने ऑस्कर के लिए अर्हता प्राप्त की और नवंबर में लास ऐंजेलेस में प्रदर्शित की जाएगी।

अभिनेत्री अनन्या सेनगुप्ता ने हाल ही में पोर्ट ब्लेयर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल और गोल्डन स्पैरो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अपनी लघु फिल्मों एनिग्मा - द फॉलन एंजेल और सिल्वर गांधी के लिए क्रमश: 'सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री' और 'सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री' की श्रेणी के लिए लगातार दो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीते।

पेश है उनसे किए गए साक्षात्कार के अंश :

**❒ आपकी नवीनतम लघु फिल्म एनिग्मा- द फॉलन एंजेल ने व्यापक प्रशंसा प्राप्त की है। संक्षेप में हमें फिल्म के बारे मे बताएं।**

सबसे पहले, मैं साक्षात्कार के लिए बहुत खुश हूं। मुझे नहीं लगता कि मैंने इसके लायक बहुत कुछ हासिल किया है (खुलकर हंसते हुए)। पहले, मैं एक मॉडल थी और मुझे उसके लिए खुद पर गर्व महसूस नहीं होता था, क्योंकि आप वही कर रहे हैं जो दूसरे लोग आपको करने के लिए कह रहे हैं, और इसमें ऐसा नहीं है कि आप इसमें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। यह स्थायी नहीं लग रहा था और मैं इसमें डूबी नहीं थी। मॉडलिंग का मतलब पोज देना, अच्छा और पतला दिखना है। आपके पास ज्यादा काम नहीं होता है। इसलिए, फिलहाल, मैं अपने अभिनय कौशल का प्रदर्शन करने के लिए कुछ लघु फिल्में और तेलुगु फिल्में कर रही हूं। वे फेस्टिवल राउंड कर रहे थे और सौभाग्य से, मेरी एक शॉर्ट-फिल्म देखी गई है।

एनिग्मा- द फॉलेनर एंजेल को ड्रीमकैचर्स नामक प्रोडक्शन द्वारा बनाया गया है जो पुणे में है। वे जबरदस्त लगनशील फिल्म निर्माता हैं। जिस तरह से उन्होंने इसे बनाया है, उसके कारण फिल्म का ट्रेलर ही बहुत अंतरराष्ट्रीय दिखता है। इसलिए, यह फिल्म एक ऐसी लड़की के बारे में है जिसे सिजोफ्रेनिया है, मतिभ्रम है, और यह अपनी ही दुनिया में रहती है। फिर, वह वास्तविकता में लौट आती है और महसूस करती है कि दुनिया अभी भी दुखी है। इसमें एक अलौकिक हवा है और चूंकि फिल्म की अवधि मुश्किल से 30 मिनट है, इसलिए मैं इसे दर्शकों पर छोड़ दूंगी कि वे इसे देखें। मुझे फिल्म और यात्रा पर गर्व है और मैं इन चीजों को ऐसे देखती हूं कि जो मैं अभी शुरुआती पड़ावों के रूप में कर रही हूं, वही मैं वास्तव में हासिल करना चाहती हूं।

**❒ और वह क्या है जो आप हासिल करना चाहती हैं?**

मेरी योजना मेनस्ट्रीम सिनेमा और फिल्में करने की है। एक नवागंतुक होने के नाते, जब आपका कोई बैकअप या गॉडफादर नहीं होता है, और लोग हमेशा जानना चाहते हैं कि आपने क्या किया है। वे आपकी प्रोफाइल के आधार पर आपको कास्ट करना चाहते हैं। मैं किसी फिल्मी पृष्ठभूमि से नहीं आती हूं, इसलिए यह नहीं कह सकती कि मैं फलाने की बेटी या बहन हूं। मुझे अपने काम से बोलना है। मैं निर्माताओं को दिखाने के लिए सामग्री जुटाने की कोशिश कर रही हूं। इसलिए मैं 'पहले से ही कोई' बनना चाहती हूं।

**❒ फिल्म ने नवंबर में एलए में ऑस्कर की स्क्रीनिंग के लिए क्वालीफाई कर लिया, जो शायद फिल्म के लिए सर्वोच्च उपलब्धि है। आपके अनुसार, ज्यादा लोग इसके बारे में बात क्यों नहीं कर रहे हैं?**

हां, मैं समझती हूं कि बहुत से लोगों ने इसे पहचाना नहीं है लेकिन मराठी फिल्म उद्योग में लोग इसे नोटिस कर रहे हैं। हमारी योजना इसे जल्द ही प्रेस विज्ञप्ति और बाइट्स के साथ आगे बढ़ाने की है। लेकिन, ईमानदारी से कहूं तो मैंने देखा है कि जब ऑस्कर की बात आती है तो लोग नामांकन और योग्यता के बीच भ्रमित हो जाते हैं। हम स्क्रीनिंग के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं, जो अपने आप में एक बड़ी बात है, और मुझे उम्मीद है कि धीरे-धीरे अधिक दर्शक देखेंगे।

**❒ फिल्म निर्माण को अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना, क्या हम अभी भी पश्चिम से मान्यता तलाश रहे हैं?**

मुझे लगता है कि हम हमेशा ऐसा करने की कोशिश कर रहे हैं। मुझे याद है कि आमिर खान ने लगान के लिए पश्चिम में वो श्रेय पाने के लिए कड़ी मेहनत की, लेकिन वह इसे प्राप्त नहीं कर सके। मुझे याद है ऐश्वर्या राय पिंक पैंथर कर रही थीं, लेकिन वह भी ज्यादा देर टिक नहीं पाईं। वह बिलकुल रानी हैं और हम सभी उनसे प्यार करते हैं लेकिन फिर भी यह काम नहीं किया। दूसरों ने भी अपनी फिल्मों को ऑस्कर के लिए भेजने का प्रयास किया है। यह निश्चित रूप से पहले के जमाने में हुआ होगा, लेकिन मुझे नहीं लगता कि हम अब ऐसा कर रहे हैं क्योंकि मुझे विश्वास है कि हम अब जानते हैं कि हम कहां खड़े हैं।



**❒ इस विशेष भूमिका के लिए आपने पोर्ट ब्लेयर फिल्म समारोह में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। हम फिल्म में आपके किरदार के बारे में जानने के लिए उत्साहित हैं। आपने इससे कैसे जुड़ाव कायम किया?**

मैं इनिग्मा में 'मिस्ट्री गर्ल' की भूमिका निभा रही हूं। फिल्म अलौकिक विधा से संबंधित है इसलिए मुझे यकीन नहीं है कि दर्शक मेरे चरित्र से जुड़े होंगे, जब तक कि आप इसे दो बार नहीं देखते। मैं यहां लालची होने की कोशिश नहीं कर रही हूं, लेकिन मुझे लगता है कि यह उन फिल्मों में से एक है जिसे आपको अच्छी तरह समझने के लिए दो बार देखना होगा।

**❒ आपके मुताबिक लघु फिल्म की यूएसपी क्या है? ज्यादा लोगों को इसे क्यों देखना चाहिए?**

मुझे लगता है कि हर किसी की अपनी अलग धारणा होती है और जब अलग-अलग राय की बात आती है तो कई यूएसपी होंगे। निजी तौर पर, मुझे लगता है कि अगर कोई फिल्म आपके साथ क्लिक करती है, तो वह ठीक हो जाती है। जब मैं सिनेमा देखती हूं तो मैं यही देखती हूं और सराहना करती हूं। इस फिल्म की, विशेष रूप से, सामग्री बहुत अलग है। यह स्वप्निल और शानदार है। यह बिलकुल एक अलग दुनिया है।

**❒ आपके पास बहुत सारी विविध फिल्में है - हाईडोज नामक एक मराठी वेब-सीरीज है और एक तेलुगु फिल्म है जिसका नाम मद्रासी गैंग है। फिल्मों के बारे में हमें बताएं।**

मैं दो तेलुगु फिल्में कर रही हूं, एक है मद्रासी गैंग और दूसरी बिना टाइटल की है। पहली एक त्रिभाषी फिल्म है (तेलुगु, तमिल और हिंदी) और यह गिरोहवाद के बारे में है। हर कोई गिरोह का सरगना बनना चाहता है। यह मुंबई पर आधारित फिल्म है और दादर की इस महाराष्ट्रियन लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो झुग्गियों में पली-बढ़ी है। इसमें पुलिस और गिरोह शामिल हैं। यह काफी दिलचस्प कहानी है। यह एसएन रेड्डी के बैनर तले निर्मित और अजय एंड्रयूज द्वारा निर्देशित है, और इसमें अश्मित पटेल, अध्ययन सुमन और रंगा जिनु हैं।

बिना टाइटल वाली फिल्म में मेरा रोल नवीन चंद्रा के समकक्ष है। फिल्म का निर्देशन श्रीनिवास राजू ने किया है। वे व्यावसायिक मुख्यधारा की फिल्में हैं और मैं दोनों के लिए बहुत उत्साहित हूं।

**❒ ऐसा लगता है कि आप विभिन्न भाषाओं में विविध भूमिकाएं निभाती हैं। क्या भाषा परिवर्तन के कारण एक से दूसरे में जाना मुश्किल होता है?**

(बताने से पहले हंसते हुए) यह बहुत कठिन है, यह वास्तव में कठिन है। मैं रूसी और स्पेनिश सीख सकती हूं लेकिन मैं भगवान के प्यार के लिए तमिल और तेलुगु नहीं सीख सकती! वे जटिल भाषाएं हैं लेकिन जाहिर है, जैसा कि हम जानते हैं, अभ्यास आपको परिपूर्ण बनाता है। अभ्यास से, मैं इसमें बेहतर होती गयी या, कम से कम, मैं कह सकती हूं कि मैं इसे करती चली गयी। लोगों ने आश्चर्यजनक रूप से मेरे प्रदर्शन को पसंद किया। मैं बहुत चिंतित थी क्योंकि मैं इन भाषाओं को नहीं जानती थी, लेकिन मुझे खुशी है कि यह सब काम कर गया।

**❒ क्या आप हमें हाईडोज में अपने चरित्र के बारे में बता सकती हैं?**

हां। हाईडोज मराठी निर्देशक दिलीप वासुदेव द्वारा निर्देशित व शोनाली फिल्म्स द्वारा निर्मित एक वेब-सीरीज है, और यह इस साल रिलीज होने वाली है। इसकी शूटिंग काफी बड़े पैमाने पर की जा रही है।

मैं रेवती का किरदार निभा रही हूं, जो एक आजाद खयाल युवा लड़की है। उसे एक तरह से नशे की लत है और वह बहुत कम उम्र में अपने माता-पिता के अलगाव के कारण हुई अपनी पिछली परेशानियों से परेशान है।

# पोर्टेबल मोहल्ला क्लीनिकों से इलाज

जब आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुखता से बढ़ी और 2015 में दिल्ली सरकार बनाई, तो 1,000 क्लीनिक बनाना उसके प्राथमिक वादों में से एक था। हालांकि, भीड़भाड़ वाली दिल्ली में आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक कार्यक्रम के लिए भूमि अधिग्रहण एक महत्वपूर्ण बाधा थी जो इस तरह के वादे को हासिल करने के रास्ते में आ गई। पिछले छह वर्षों में केवल 500 मोहल्ला क्लीनिक विकसित किए गए हैं, जिन्हें मिश्रित समीक्षा मिली है।

स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों ने अपनी सोशल इनोवेशन रिव्यू में, और प्रसिद्ध मेडिकल जर्नल द लैंसेट ने पड़ोस के क्लीनिकों के माध्यम से मुफ्त प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के दिल्ली सरकार के कदम की सराहना की, वहीं कुछ अन्य लोगों ने भी राजधानी की आलोचना की। चुनाव पूर्व वादों को पूरा करने में सक्षम नहीं होने के लिए क्षेत्र की सरकार।

इस तरह की आलोचनाओं को दूर करने और उनके दायरे में आने वाली सेवाओं को यथासंभव सर्वोत्तम तरीके से संचालित करने के लिए, दिल्ली सरकार ने पिछले महीने घोषणा की कि जल्द ही दो नए पोर्टेबल मोहल्ला क्लीनिकों का उद्घाटन किया जाएगा। और जब शकूर बस्ती और रानी बाग में इन मॉड्यूलर क्लीनिकों की स्थापना की गई, तो सभी के मन में कई सवाल थे। मोहल्ला क्लीनिक की पहले से ही अभिनव अवधारणा को एक सरल मोड़ मिला था - ये एयर कंडीशनिंग और अन्य सुविधाओं से लैस, पहली नज़र में शिपिंग कंटेनरों की तरह लग रहे थे।

घटना के राजनीतिक रंग को अलग रखते हुए, जबकि सरकार ने इस तरह की एक आउट-ऑफ-द-बॉक्स पहल के लिए बहुत सारी सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त की, इस सरलता के पीछे दिमाग के बारे में बहुत कम कहा गया है। क्लिनिक का डिजाइन विकसित किया गया था

वास्तुकला अनुशासन द्वारा, एक बहु-अनुशासनात्मक वास्तुशिल्प अभ्यास की स्थापना की गई। 2007 में अक्षत भट्ट द्वारा, और टाटा पावर-डीडीएल के समर्थन से स्थापित किया गया। नई दिल्ली में स्थित, आर्किटेक्चर डिसिप्लिन ने मोहल्ला क्लीनिक की अवधारणा को एक कॉम्पैक्ट, पोर्टेबल और चिकना मोड़ प्रदान करने के लिए अपसाइकल किए गए शिपिंग कंटेनरों का उपयोग किया। दिल्ली और हरियाणा में विभिन्न कंटेनर यार्डों से बचाए गए, 20 फुट लंबे दो कंटेनरों को एक साथ मिलाकर एक क्लिनिक बनाया गया जिसमें एक परीक्षा कक्ष, एक स्वागत कक्ष और प्रतीक्षा क्षेत्र, एक फार्मेसी जो बाहर से सुलभ है, और एक वाशरूम शामिल है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री सतेंद्र जैन के अनुसार, क्लिनिक नियमित स्वास्थ्य जांच, परीक्षण और दवा की खरीद का समर्थन करने के लिए पूरी तरह से सुसज्जित है। ये नए जमाने के मोहल्ला क्लीनिक दिल्ली के सभी मोहल्लों, विशेष रूप से घने आवासीय समूहों में स्वास्थ्य देखभाल का एक किफायती, अंतरिक्ष-कुशल और उच्च गुणवत्ता वाला मॉडल प्रदान करने की इच्छा रखते हैं, जो अंतरिक्ष के लिए कठिन हैं और स्वास्थ्य सुविधाओं तक सीमित पहुंच रखते हैं। जब

**क्रिस्टी वर्गीज ने पोर्टेबल मोहल्ला क्लीनिकों के अभिनव प्रयोग को अंजाम देने वाले अक्षत भट्ट से बात की।**

हमने वास्तुकला अनुशासन के प्रमुख वास्तुकार भट्ट से मुलाकात की, तो उन्होंने हमें मोहल्ला क्लिनिक के इन नए मॉडलों के डिजाइन और प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के पीछे की विचार-प्रक्रिया के माध्यम से चलने की पेशकश की।

''हम लंबे समय से शिपिंग कंटेनरों के उपयोग के साथ एक निर्माण सामग्री के रूप में प्रयोग कर रहे हैं, होटल से लेकर कार्यक्षेत्रों तक की टाइपोग्राफी में। हमारे अपने स्टूडियो में एक पुनर्निर्मित शिपिंग कंटेनर से बनाया गया एक एक्सटेंशन है'', भट्ट ने एनिमेटेड रूप से साझा किया।

उन्होंने समझाया कि इस तरह के अनुभवों ने फर्म को पुन: उपयोग किए गए शिपिंग कंटेनरों को उच्च-गुणवत्ता, प्रयोग करने योग्य स्थानों में परिवर्तित करने की कला में काफी कुशल बना दिया है।

''जब से महामारी की मार पड़ी है, हम स्वास्थ्य सुविधाओं के निर्माण में कंटेनरों की क्षमता तलाश रहे हैं। हमने लाइफ कम्युनिटी मेडिकल फैसिलिटी (लाइफसीएमएफ) को डिजाइन किया है, जो शिपिंग कंटेनरों से निर्मित मॉड्यूलर हेल्थकेयर सुविधा के लिए एक अवधारणा है जिसे लंदन डिजाइन बिएननेल 2021 में प्रस्तुत किया गया था। शकूर बस्ती और रानी बाग में आए मोहल्ला क्लीनिक एक बड़े पैमाने पर हैं- लाइफसीएमएफ का डाउन वर्जन, प्रीफैब्रिकेशन, तेजी से तैनाती और आर्थिक व्यवहार्यता के अपने केंद्रीय विचारों पर चित्रण'', भट्ट ने खुलासा किया।

उन्होंने बताया कि क्लीनिक के अंदरूनी हिस्से एक स्वच्छ और आशावादी रोगी के अनुकूल वातावरण बनाने की ओर उन्मुख हैं, जिसमें एयर कंडीशनिंग है जो एंटी-वायरल फिल्टर और इंसुलेटेड दीवारों से सुसज्जित है जो आगंतुकों को दिल्ली की भीषण गर्मी से बचाते हैं। उन्होंने आगे साझा किया कि एंटी-माइक्रोबियल विनाइल फ्लोरिंग और मेडिकल-ग्रेड स्टेनलेस स्टील काउंटरटॉप्स जैसी सुविधाओं को बनाए रखने में आसान बनाया गया है।

''क्लिनिक के डिजाइन में परित्यक्त शिपिंग कंटेनरों की संरचनात्मक मजबूती का लाभ उठाकर प्रयोग किया जाता है, और इसके साथ एक मॉड्यूल के रूप में काम करता है, महंगे संशोधनों या कस्टम-निर्मित परिवर्धन की आवश्यकता को कम करता है। इस तरह, यह सार्वभौमिक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए एक माध्यम के रूप में औद्योगिक कचरे को फिर से परिभाषित करता है'', भट्ट ने कहा।

डिजाइन से संबंधित प्रक्रिया के संबंध में, भट्ट ने समझाया कि उनके मन में यह था कि अंतिम उत्पाद अल्प सूचना पर स्थानांतरित करने में सक्षम होना चाहिए। ''दिल्ली जैसे शहर में भीड़भाड़ को ध्यान में रखते हुए, हमने कुछ ऐसा डिज़ाइन किया है जिसे जल्दी से तैनात किया जा सकता है। किसी भी आपात स्थिति या किसी स्थान पर क्लिनिक की तत्काल आवश्यकता के मामले में, हम इन क्लीनिकों को अल्प सूचना पर स्थानांतरित कर सकते हैं। ठेठ मोहल्ला क्लिनिक लगभग 720 वर्ग फुट के क्षेत्र में फैला हुआ है, क्लिनिक के हमारे प्रस्तुतीकरण में 350 वर्ग फुट के भीतर एक विशिष्ट क्लिनिक में सब कुछ है। और हमने इसे बेतरतीब ढंग से हासिल नहीं किया है, आपको याद है। ध्वनिक आराम के लिए भत्ते बनाते समय हमने डॉक्टर-रोगी बातचीत, प्रतीक्षा कक्ष इत्यादि के लिए समर्पित स्थान आवंटित किए हैं। भले ही हमने इसे कम-से-कम कर दिया हो, फिर भी क्लिनिक को विकलांग-अनुकूल बनाने के लिए एक ग्रेटेड-रैंप सुविधा के साथ प्रावधान हैं जिसे स्थापित किया जा सकता है। प्रत्येक इकाई के लिए एक तदर्थ रैंप समाधान भी बनाया गया है'', उन्होंने कहा, जो हमारे लिए आश्चर्यजनक चीज़ है।

लगातार बढ़ती आबादी के साथ, क्या यहां रहने के लिए मॉड्यूलर स्थान हैं? या ऐसे उदाहरण सिर्फ एक और नवीनता हैं जो समय के साथ कम प्रासंगिक होंगे? केवल समय ही बता सकता है। हालांकि, इस बीच, नए क्लीनिक कुछ ऐसे हैं जिन्हें सभी दिल्लीवासियों द्वारा पसंद किया जाएगा।




# रोमांचक रेल यात्राएं

**दिनेश कुमार कोठा** बता रहे हैं भारत में पांच रेल यात्राओं के बारे में जो आपकी सैर करने की लालसा को तृप्त कर देंगी।

यह कहने की आवश्यकता नहीं कि यात्रा करना मजेदार अनुभव होता है। आपको नए शहरों का पता लगाने, लोगों से मिलने और विभिन्न खाद्य व्यंजनों को आजमाने का मौका मिलता है - यह हर यात्रा करने वाले के लिए स्वर्ग का विचार है। लेकिन कोविड-19 की बदौलत पर्यटन उद्योग को झटका लगा है। संयुक्त राष्ट्र के विश्व पर्यटन संगठन ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय पर्यटन से निर्यात राजस्व में 935 अरब डॉलर का नुकसान दर्ज किया गया है। यह राशि केवल बढ़ती ही जा रही है, क्योंकि कई देशों ने अभी भी विदेशियों के लिए अपने दरवाजे नहीं खोले हैं। सख्त अंतरराष्ट्रीय यात्रा प्रतिबंधों के बीच, भारतीय अपनी यात्रा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए क्या कर सकते हैं? खैर, देश के भीतर यात्रा करना सबसे सुरक्षित शर्त है।

जबकि कई लोग समुद्र तटों पर जाने या पहाड़ों की सड़क यात्रा का विकल्प चुनने पर विचार कर सकते हैं, एक आलसी ट्रेन की सवारी के बारे में क्या? आप आराम करते हैं, दृश्य का आनंद लेते हैं और चलते समय अपने दोस्तों और परिवार के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताते हैं। पांच रेल यात्राओं के लिए पढ़ें जो आपके समय और धन के लायक हैं।

(लेखक आईआरसीटीसी के आधिकारिक भागीदार कन्फर्मटकट के सह-संस्थापक और सीईओ हैं।



**कालका-शिमला टॉय ट्रेन**

लोगों के शिमला की यात्रा करने के दो कारण हैं - पहाड़ों के मनोरम दृश्य को पकड़ने के लिए और टॉय ट्रेन की सवारी का आनंद लेने के लिए। 1903 में निर्मित, यह मार्ग अपनी इंजीनियरिंग उत्कृष्ट कृति के लिए प्रसिद्ध है, जिसमें 102 सुरंगें, 919 आश्चर्यजनक वक्र और 864 पुल शामिल हैं। यात्रा कालका से शुरू होती है, जो आपको झरनों, हरे भरे जंगलों और ऊबड़-खाबड़ पहाड़ों के अद्भुत दृश्यों के बीच ले जाती है। जब तक यह शिमला पहुंचता है, तब तक आप शहर की सुंदरता से अचंभित रह जाएंगे, जो पहाड़ियों की रानी की उपाधि रखता है। यह सवारी इतनी खास है कि इसे यूनेस्को की साइट के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। आम तौर पर, पांच ट्रेनें कालका और शिमला के बीच की दूरी को कवर करती हैं - शिवालिक डीलक्स, हिमालयन क्वीन, रेल मोटर, शिमला कालका पैसेंजर और शिमला एक्सप्रेस, जिसका किराया 70 रुपये से शुरू होता है।



**मंडोवी एक्सप्रेस**

1999 में शुरू हुई, मंडोवी एक्सप्रेस 21 वर्षों से अधिक समय से सेवा में है। इसका नाम मंडोवी नदी के नाम पर रखा गया है, जिसे गोवा की जीवन रेखा के रूप में जाना जाता है। ट्रेन छत्रपति शिवाजी टर्मिनस और मडगांव जंक्शन के बीच चलती है, जो गोवा का प्राथमिक रेलवे स्टेशन है। ट्रेन 11 घंटे 50 मिनट के औसत यात्रा समय के साथ 581 किलोमीटर की दूरी तय करती है और अपने स्वादिष्ट भोजन के लिए जानी जाती है जिसमें गुजराती दाबेली, मेथी वड़ा, सूप, इडली-वड़ा और अधिक जैसे क्षेत्रीय व्यंजनों का मिश्रण शामिल है। आरामदायक सीटों, शानदार आतिथ्य और स्वादिष्ट भोजन की मदद से, मंडोवी एक्सप्रेस के साथ आपकी यात्रा यात्रियों को एक सुखद अनुभव प्रदान करने का वादा करती है, जिसका किराया 210 रुपये से शुरू होता है।




**द डक्कन ओडिसी**

यदि आप एक सच्चे राजा की तरह महसूस करना चाहते हैं, तो डेक्कन ओडिसी आपके लिए रास्ता है। ट्रेन को महाराष्ट्र के विभिन्न शाही युगों की परंपराओं की नकल करने के लिए बनाया गया है। यह 21 कोचों के साथ दिल्ली और मुंबई के बीच संचालित होता है। यात्रियों को अधिकतम आराम प्रदान करने के लिए, पूरी ट्रेन में इंटरनेट कनेक्टिविटी और एयर कंडीशनिंग जैसी शीर्ष-श्रेणी की सुविधाएं उपलब्ध हैं। एक बार जब आप 5,12,400 रुपये के न्यूनतम किराए का भुगतान करके डक्कनन ओडिसी पर पहुंच जाते हैं, तो एक अच्छी तरह से स्टॉक किए गए बार, बहु-व्यंजन मेनू, कॉन्फ्रेंस कार्ट और स्पा जैसे शानदार प्रावधान आपको एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करते हैं।



**गोल्डेन कैरियट**

जब लोग शैली में यात्रा करना चाहते हैं, तो वे गोल्डेन कैरियट पर सवारी करते हैं। यह ट्रेन पांडिचेरी और गोवा के साथ केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु के क्षेत्रों को कवर करती है। एक बार अंदर जाने के बाद, यात्रियों का आकर्षक आतिथ्य सत्कार के साथ स्वागत किया जाता है और सदियों पुरानी शाही परंपराओं के 360-डिग्री दृश्य के साथ बमबारी की जाती है। ट्रेन की सजावट एक सुंदर वातावरण बनाती है, जो गुजरने वाले परिदृश्य को और अधिक जादुई बनाती है। 53,355 रुपये की शुरुआती कीमत के साथ, यात्रियों को उनकी सेवा में बेहतरीन सुइट्स, खाने का अनुभव, स्पा और बहुत कुछ मिलता है।



**दार्जिलिंग टॉय ट्रेन**

दार्जिलिंग टॉय ट्रेन में सवार होना एक ऐसा अवसर है जिसे शायद ही कोई छोड़ना चाहेगा। यह यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता प्राप्त है और ठीक ही ऐसा है। ट्रेन एक छोटे भाप इंजन की मदद से न्यू जलपाईगुड़ी और दार्जिलिंग के बीच काम करती है। चूंकि ट्रेन के अधिकांश घटक लगभग 100 वर्ष पुराने हैं, यह धीमी गति से चलती है, जिससे यात्रियों को पहाड़ियों की आसपास की सुंदरता को अवशोषित करने की अनुमति मिलती है। टॉय ट्रेन आपको गांवों और स्थानीय दुकानों में ले जाती है जहाँ बच्चे आप पर हाथ हिलाते हैं, एक ऐसा पल जिसे एक फोटोग्राफर हमेशा संजो कर रखेगा। न्यूनतम 1420 रुपए का भुगतान करके, आप अपने जीवन की सवारी प्राप्त कर सकते हैं और पहाड़ियों की गोद में ढके बतासिया लूप के दृश्य का आनंद ले सकते हैं।


आज़ादी का अमृत महोत्सव
समर्पण
(एक अनोखा वालंटियर कार्यक्रम)
"'समर्पण' कार्यक्रम सामाजिक सेवा का माध्यम है। राज्य सरकार आम नागरिक को 'समर्पण' के ज़रिये प्रदेश में सकारात्मक बदलाव करने हेतु आमंत्रित करती है।"
- मनोहर लाल, मुख्यमंत्री, हरियाणा
"अनादि काल से भारत में समाज की सामूहिक शक्ति पर भरोसा किया गया है। जब समाज मिलकर कुछ करता है, तो इच्छित परिणाम अवश्य मिलते हैं। बीते कुछ वर्षों में देश ने अपने संकल्पों की सिद्धि में जन-भागीदारी से ऊर्जा पाई है। जन-भागीदारी अब फिर भारत का नेशनल कैरेक्टर बनता जा रहा है।"
- नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
वालंटियर बनें
कुछ अलग करें और संतुष्टि महसूस करें
भागीदारी के क्षेत्र
शिक्षा
कौशल विकास
खेल मित्र
किसान मित्र
सामाजिक ऑडिट
योजनाएं और सर्वेक्षण
वृक्ष मित्र
स्वच्छता मित्र
महिला एवं बाल सहायता
अधिक जानकारी के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | @DiprHaryana